ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष 1, वर्ष 12, अंक 47, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

विश्व पर्यावरण दिवस आज

प्रयागराज, सोमवार, 5 जून, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# ओडिशा रेल हादसे की सीबीआई जांच होगी

## ट्रैक मरम्मत का काम पूरा हुआ, ओडिशा सरकार ने कहा- हादसे में 288 नहीं, 277 जानें गईं

**नई दिल्ली।** ओडिशा में शुक्रवार शाम को हुए रेल हादसे की सीबीआई जांच कराई जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार शाम को बालासोर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। रविवार सुबह एक्सीडेंट साइट का जायजा लेने के बाद रेल मंत्री ने कहा था- इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलाव की वजह से एक्सीडेंट हुआ। जिम्मेदारों की पहचान भी कर ली गई है। रेल मंत्री के इस बयान के कुछ देर बाद रेलवे बोर्ड की ऑपरेशन एंड बिजनेस डेवलपमेंट मेंबर जया वर्मा ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद कहा- शुरुआती तौर पर लगता है कि सिग्नल में गड़बड़ी थी।

इधर ओडिशा चीफ सेक्रेटरी प्रदीप जेना ने रविवार सुबह दावा किया कि हादसे में 288 नहीं, बल्कि 275 लोगों की जान गई है। उन्होंने कहा कि कुछ शव दो बार गिन लिए गए थे, इस वजह से मृतकों की संख्या में गड़बड़ी हुई। हादसे में 1175 लोग घायल हुए, जिनमें से 793 को इलाज के बाद डिस्चार्ज किया जा चुका है।

**ऐलान**

**रेलवे बोर्ड की मेंबर बोलीं- एक ट्रेन का ही एक्सीडेंट हुआ**

**रेलवे ने सिग्नल गड़बड़ी को हादसे की वजह बताई**

**बहानगा बाजार स्टेशन के आउटर पर टकराईं थीं तीन ट्रेन**

रविवार शाम की प्रेस कॉन्फ्रेंस में रेल मंत्री ने कहा- दो मेन लाइनों में पटरी का काम पूरा हो गया है। बिजली की लाइनों पर काम चल रहा है। अस्पतालों में घायलों का अच्छा इलाज चल रहा है। जो लोग इस हादसे में घायल हुए या जान गंवाई उनके परिजन से संपर्क करने की कोशिश जारी है। रेलवे बोर्ड की मेंबर जया शर्मा ने रविवार को कहा कि सिर्फ कोरोमंडल एक्सप्रेस का एक्सीडेंट हुआ था। उस समय ट्रेन की स्पीड 128 किमी/घंटा थी। टक्कर के बाद मालगाड़ी पटरी से नहीं उतरी। चूंकि मालगाड़ी में लोहा लदा हुआ था।



इसलिए सबसे ज्यादा नुकसान कोरोमंडल एक्सप्रेस को हुआ। इसी वजह से काफी लोगों की जान गई। रेलवे अधिकारियों ने बताया था कि बहानगा बाजार स्टेशन की आउटर लाइन पर एक मालगाड़ी खड़ी थी। हावड़ा से चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस यहां डिरेल होकर मालगाड़ी से टकरा गई। एक्सप्रेस का इंजन मालगाड़ी पर चढ़ गया और बोगियां तीसरे ट्रैक पर जा गिरीं। तीसरे ट्रैक पर आ रही बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस ने कोरोमंडल एक्सप्रेस की बोगियों को टक्कर मार दी।

ट्रेन नंबर 12864 बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1 जून को सुबह 7:30 बजे बेंगलुरु के यशवंतपुर स्टेशन से चली थी। इसे 2 जून को शाम करीब 8 बजे हावड़ा पहुंचना था। यह अपने समय से 3.30 घंटे की देरी से 6:30 बजे भद्रक पहुंची। अगला स्टेशन बालासोर था, जहां ट्रेन 4 घंटे की देरी से 7:52 पर पहुंचने वाली थी। वहीं, ट्रेन नंबर 12841 शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस 2 जून को ही दोपहर 3:20 बजे हावड़ा से रवाना हुई थी। ये 3 जून को शाम 4:50 बजे चेन्नई सेंट्रल पहुंचती। यह अपने सही समय पर 6:37 बजे बालासोर पहुंची। अगला स्टेशन भद्रक था जहां ट्रेन को 7:40 बजे पहुंचना था, लेकिन 7 बजे के करीब दोनों ट्रेन बहानगा बाजार स्टेशन के पास से आमने-सामने से गुजरीं, तभी हादसा हुआ।

### 'कवच' भी दुर्घटना को नहीं रोक पाता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर जिले में हुए ट्रेन हादसे को लेकर रेलवे बोर्ड ने रविवार (4 जून) को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान रेलवे बोर्ड के दो अधिकारियों सिग्नल संबंधी प्रधान कार्यकारी निदेशक संदीप माथुर और संचालन सदस्य जया वर्मा सिन्हा ने दुर्घटना के कारणों और कवच प्रणाली के बारे में जानकारी दी। इस दुर्घटना में अब तक 275 लोग मारे गए और 1,000 से अधिक घायल हो गए हैं। रेलवे ने बताया कि बालासोर का बहानगा बाजार स्टेशन, जहां ये दुर्घटना हुई वहां एक चार-लाइन वाला स्टेशन है। यहां बीच में दो मुख्य लाइनें और दोनों तरफ दो लूप लाइनें हैं। दोनों लूप लाइनों पर लोहे के सामान से लदी मालगाड़ियां थीं। कोरोमंडल एक्सप्रेस हावड़ा से चेन्नई जा रही थी और बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस हावड़ा जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों मुख्य लाइनों पर ग्रीन सिग्नल था। कोरोमंडल एक्सप्रेस 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से जा रही थी और दूसरी पैसेंजर ट्रेन 126 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। ग्रीन सिग्नल का मतलब है कि हर तरह से ड्राइवर जानता है कि उसका आगे का रास्ता साफ है और वह निर्धारित अधिकतम गति से ट्रेन चला सकता है। रेलवे बोर्ड ने कहा कि रफ्तार सीमा 130 किमी प्रति घंटा है इसलिए रफ्तार निर्धारित गति से तेज नहीं थी। हमने लोको लॉग से इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि जिस मार्ग पर दुर्घटना हुई वहां रेलवे की स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' उपलब्ध नहीं थी। जया वर्मा ने कवच की अनुपस्थिति पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सवाल को खारिज करते हुए रेल मंत्री के दावे को दोहराया कि इस दुर्घटना का कवच से कोई लेना-देना नहीं था क्योंकि ये इस तरह की दुर्घटना को टालने में मददगार नहीं होता। दुनिया की कोई भी तकनीक कुछ दुर्घटनाओं को नहीं रोक सकती है। अगर लोको पायलट ब्रेक लगाने में विफल रहता है तो कवच प्रणाली के तहत स्वचालित रूप से ब्रेक लग जाते हैं, जिससे गति नियंत्रित हो जाती है। ये लोको पायलट को सिग्नल जंप करने पर अलर्ट करता है जो ट्रेन टक्करों के प्रमुख कारणों में से एक है। जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि सिग्नल के कारण समस्या हुई होगी। हालांकि अभी कुछ भी प्रमाणित नहीं कर सकते हैं, जांच के बाद ही सब साफ हो पाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी कहा है कि दुर्घटना इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में समस्या के कारण हुई थी।

**रेलवे ने बताया कैसे हुआ ओडिशा ट्रेन हादसा**

### रेल हादसे में अभिभावकों को गंवाने वाले बच्चों की मदद करेगा अदाणी ग्रुप



**नई दिल्ली।** ओडिशा रेल हादसे में अभी तक 275 लोगों की जान जा चुकी है। जबकि बड़ी संख्या में लोग अभी भी घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। इस हादसे में जिन बच्चों ने अपने अभिभावकों को खोया है उन्हें लेकर अदाणी समूह ने खास पहल की है। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने ऐसे सभी बच्चों के स्कूली शिक्षा के खर्च की जिम्मेदारी लेने का फैसला किया है। उन्होंने अपने इस फैसले की जानकारी ट्विट करके दी। गौतम अदाणी ने अपने ट्वीट में लिखा है कि ओडिशा की रेल दुर्घटना से हम सभी बेहद व्यथित हैं। हमने फैसला लिया है कि जिन मासूमों ने इस हादसे में अपने अभिभावकों को खोया है उनकी स्कूली शिक्षा की जिम्मेदारी अडाणी समूह उठाएगा। पीड़ितों एवं उनके परिजनों को संबल और बच्चों को बेहतर कल मिले यह हम सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है।









# ओडिशा रेल हादसा सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली।** ओडिशा रेल हादसे का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मामले की जांच को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ पैनल बनाया जाए, जो बालासोर ट्रेन दुर्घटना की जांच करे। अधिवक्ता विशाल तिवारी की ओर से दाखिल जनहित याचिका में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल प्रभाव से भारतीय रेलवे में स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली (जिसे कवच सुरक्षा प्रणाली कहा जाता है) के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग भी की गई है। ओडिशा रेल हादसे का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मामले की जांच को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ पैनल बनाया जाए, जो बालासोर ट्रेन दुर्घटना की जांच करे। अधिवक्ता विशाल तिवारी की ओर से दाखिल जनहित याचिका में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल प्रभाव से भारतीय रेलवे में स्वचालित ट्रेन सुरक्षा एटीपी प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग भी की गई है।

**याचिका दायर**

**सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में समिति बनाकर जांच कराने की मांग**

# बिहार में गंगा नदी पर बन रहा पुल गिरा

बिहार के भागलपुर में सुल्तानगंज-अगुवानी गंगा नदी पर बन रहे निर्माणाधीन फोरलेन पुल एक बार फिर जमींदोज हो गया। निर्माणाधीन पुल का सुपर स्ट्रक्चर नदी में गिर गया। वहीं पुल पर ड्यूटी कर रहे दो गार्ड भी हादसे के बाद से लापता हैं।

एनडीआरएफ की टीम इनकी तलाश कर रही है। अगुवानी के तरफ से पुल के पाया नंबर 10,11,12 के ऊपर का पूरा सुपर स्ट्रक्चर गिर गया है जो लगभग 200 मीटर का हिस्सा होगा। हालांकि, हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस महासेतु का निर्माण एसपी सिंगला कंपनी द्वारा किया जा रहा है। बता दें कि यह भागलपुर जिले के सुल्तानगंज में बन रहा यह पुल खगड़िया और भागलपुर जिलों को जोड़ने के लिए बनाया जा रहा है। घटना रविवार शाम की है। इस महासेतु का निर्माण एसपी सिंगला कंपनी द्वारा किया जा रहा है।

**दो गार्ड लापता**

**सीएम नीतीश ने 8 साल पहले रखी थी आधारशिला**

**हादसे से पहले दो माह में सुपर स्ट्रक्चर पूरा होने का दावा था**

पिछले साल भी पुल का सुपर स्ट्रक्चर नदी में गिरा था

पिछले साल 27 अप्रैल को इस निर्माणाधीन पुल का सुपर स्ट्रक्चर नदी में गिर गया था। तेज आंधी और बारिश में करीब 100 फीट लंबा हिस्सा भरभराकर जमीन में गिर गया था। हालांकि, उस वक्त जानमाल को क्षति नहीं पहुंची थी। इसके बाद पुल निर्माण का काम फिर शुरू हुआ। इस बार करीब 80 प्रतिशत काम सुपर स्ट्रक्चर का पूरा हो गया था। इतना ही नहीं



अप्रोच रोड का काम भी 45 फीसदी पूरा कर लिया गया है। इस पुल को उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाली बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना माना जाता है। इस परियोजना का आरंभिक मूल्यांकन 1710.77 करोड़ किया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 23 फरवरी 2014 को इसका शिलान्यास किया गया था। इस पुल तथा सड़क निर्माण से एनएच 31 तथा एनएच 80 आपस में जुड़ जाएंगे। बता दें कि इस पुल की लंबाई 3.160 किलोमीटर है। जबकि एप्रोच पथ की कुल लंबाई करीब 25 किलोमीटर है। वहीं इस हादसे के पहले पुल निर्माण एजेंसी दावा कर रही थी कि अगले दो माह में सुपर स्ट्रक्चर और अप्रोच रोड तैयार हो जाएगा। पुल का निर्माण 2015 से चल रहा है। इसकी लागत 1710.77 करोड़ रुपये है। एसपी सिंगला कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी इसे बना रही है।

### पुल के निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

महज एक साल के बाद अगुवानी-सुल्तानगंज पुल का हिस्सा गिर जाने से लोगों ने पुल निर्माण के गुणवत्ता पर सवाल उठना शुरू कर दिया है। कोई एसपी सिंगला ग्रुप पर घटिया निर्माण करने का आरोप लगा रहा है तो कोई बिहार में निर्माण योजनाओं में भ्रष्टाचार की बात कर रहा है। वहीं परबत्ता के विधायक डॉ. संजीव ने कहा गुणवत्ता पर पहले भी सवाल उठाया था और अब भी उठा रहा हूं। यह पुल बगैर किसी कारण के कैसे गिर सकता है। इसकी गहनता से जांच होनी चाहिए।

### तीन साल की कानूनी लड़ाई के बाद महबूबा मुफ्ती को मिला पासपोर्ट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी यानी पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को 3 साल की कानूनी लड़ाई के बाद 10 वर्ष की वैधता वाला पासपोर्ट जारी किया गया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबी कानूनी लड़ाई के बाद महबूबा को पासपोर्ट मिल गया है। उनके पासपोर्ट की वैधता 2019 में समाप्त हो गई थी और वह तभी से इसके नवीनीकरण की मांग कर रही थीं। महबूबा को ऐसे समय में पासपोर्ट जारी किया गया है, जब दो दिन बाद जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय में उनकी बेटी इल्तिजा की याचिका पर सुनवाई होनी है, जिसमें उन्होंने खुद को देश विशिष्ट पासपोर्ट देने के पासपोर्ट कार्यालय के फैसले को चुनौती दी है। महबूबा के पासपोर्ट की वैधता एक जून 2023 से 31 मई 2033 तक है।

# अब अपने संसदीय क्षेत्र में ताकत दिखाएंगे बृजभूषण

**लखनऊ।** देश-दुनिया में अपने खिलाफ बन रहे माहौल के बीच भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह अब अपने संसदीय क्षेत्र में ताकत दिखाएंगे। इसके लिए करनैलगंज में 11 जून को बड़ी रैली करने की तैयारी है। हालांकि इसे उनके समर्थक भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों के तहत किया जा रहा कार्यक्रम बता रहे हैं। इस सबके बीच अयोध्या का संत समाज जहां उनके समर्थन में है, वहीं खाप पंचायतों के रुख के चलते राजनीतिक लिहाज से बृजभूषण का संकट बढ़ना तय माना जा रहा है। बृजभूषण सिंह इन दिनों राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर की महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इन प्रकरणों की दिल्ली पुलिस की जांच अभी चल रही है कि उत्तर भारत की खाप पंचायतों ने उनकी गिरफ्तारी के लिए 9 जून तक का अल्टीमेटम दे दिया है। मामले को जातीय रंग की ओर बढ़ता देख सरकार और भाजपा नेतृत्व सतर्क हो गई है। यही कारण है कि 5 जून को अयोध्या में होने वाली उनकी जन चेतना रैली को शासन-प्रशासन ने हरी झंडी नहीं दी। स्थानीय सांसद और भाजपा संगठन का एक बड़ा हिस्सा भी वहां राजनीतिक समीकरणों के प्रभावित होने की आशंका के चलते अंदरखाने इस कार्यक्रम के विरोध में पहले से ही खड़ा था। अब कैसरगंज (गोंडा) से सांसद बृजभूषण सिंह की ओर से करनैलगंज में रैली एलान किया गया है। घोषित तौर पर कहा जा रहा है कि भाजपा नेतृत्व ने हर सांसद को अपने-अपने क्षेत्र में एक बड़ा कार्यक्रम करने का लक्ष्य दिया है।

**तैयारी**

**सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में समिति बनाकर जांच कराने की मांग**

### मनीष सिसोदिया को बेल या जेल?

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की पत्नी के स्वास्थ्य को देखते हुए सिसोदिया के अंतरिम जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने शनिवार को विशेष सुनवाई के दौरान की गई दलीलों पर गौर करने के बाद एलएनजेपी अस्पताल से ताजा मेडिकल रिपोर्ट मांगते हुए आदेश सुरक्षित रखा, जहां सिसोदिया की पत्नी को शनिवार सुबह भर्ती कराया गया था। ईडी के वकील जोहैब हुसैन ने शनिवार को सिसोदिया की पत्नी के मेडिकल मुद्दे के संबंध में एक रिपोर्ट पेश की और उनके अंतरिम जमानत याचिका का विरोध किया था। एडवोकेट जोहैब ने प्रस्तुत किया कि पहले की प्रिस्क्रिप्शन रिपोर्ट और वर्तमान प्रिस्क्रिप्शन रिपोर्ट समान रूप से समान हैं।

# विपक्षी एकता को लगा झटका

**सियासत**

**मोदी के खिलाफ विपक्षी एकता बैठक में राहुल, खड़गे नहीं होंगे शामिल, नीतीश को कहा, ना**

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कांग्रेस ने बड़ा झटका दिया है। 12 जून को पटना में आयोजित विपक्ष की बड़ी बैठक में राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खड़गे ने शामिल होने से इंकार कर दिया है। गौरतलब है कि नीतीश कुमार इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्षी एकता के लिए निकले हैं। इसके लिए उन्होंने हाल के दिनों में कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, दिल्ली के



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित विपक्ष के तमाम नेताओं के साथ मुलाकात की थी और एक सीट, एक उम्मीदवार पर बात की थी। तमाम नेताओं से मुलाकात के बाद उन्होंने 12 जून को पटना में विपक्ष की एक बड़ी बैठक बुलाई है, जिसमें कांग्रेस के दोनों कद्दावर नेताओं के शामिल होने की चर्चा थी। हालांकि, कांग्रेस पार्टी ने आधिकारिक तौर पर ऐसी किसी भी संभावना को खारिज कर दिया है। कर्नाटक में मिली जीत से उत्साहित कांग्रेस पार्टी ने साफ कहा है कि पटना में होने वाली इस बैठक में ना तो राहुल गांधी जाएंगे और ना ही वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे। हालांकि कांग्रेस शासित राज्य के किसी मुख्यमंत्री को इस बैठक में शामिल होने के लिए पटना भेजा जा सकता है। देश की सबसे पुरानी पार्टी के इस कदम को सियासी गलियारों में नीतीश कुमार के लिए एक झटके की तरह देखा जा रहा है।

# दिग्गज अभिनेत्री सुलोचना का निधन

**शोक**

**काफी समय से सांस की बीमारी से थीं पीड़ित**

**मुंबई।** सिनेमा जगत से एक विचलित करने वाली खबर सामने आ रही है। दिग्गज अभिनेत्री सुलोचना लाटकर की तबीयत खराब होने की खबर सामने आई थी। बॉलीवुड की वरिष्ठ अभिनेत्री सुलोचना लाटकर की तबियत काफी बिगड़ गई थी, जिसके बाद 94 साल की अभिनेत्री को दादर के सुश्रुषा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन अब खबर आ रही है कि सुलोचना का निधन हो गया है।

सुलोचना लाटकर पिछले कुछ महीनों से सांस की बीमारी से पीड़ित थीं। उनका काफी समय से अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके दामाद ने सुलोचना के निधन की पुष्टि की है।





उनका पार्थिव शरीर कल सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्रभा देवी स्थित उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। उसके बाद शिवाजी पार्क में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वेटरन एक्ट्रेस सुलोचना लाटकर ने 94 वर्ष की हैं। इन्होंने कई सारी फिल्मों में अमिताभ की मां का रोल निभाया है। इन फिल्मों में 'रेशमा और शेरा', 'मजबूर' और 'मुकद्दर का सिकंदर' जैसी फिल्में शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने दिलीप कुमार और धर्मेंद्र के साथ भी काम किया है। अमिताभ बच्चन कई बार अपने ब्लॉग में भी उनका जिक्र कर चुके हैं। सुलोचना लाटकर ने तकरीबन 250 हिंदी और 50 मराठी फिल्मों में अभिनय कर अपना योगदान दिया था। वह अपने समय की प्रसिद्ध अदाकारा थीं।

# हर जरूरतमंद का होगा अपना पक्का मकान: योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आवासविहीन हर जरूरतमंद को शासन की आवास योजना के दायरे में लाकर उसके लिए पक्के मकान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को करारा सबक सिखाया जाए। अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

सीएम योगी ने ये निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर में आहूत जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान सरहरी से आई एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला को प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी

**आयोजन**

**गोरखपुर में सीएम ने जनता दर्शन में 400 लोगों की सुनी समस्याएं, अवैध कब्जा करने वालों पर सख्त कार्रवाई के दिए आदेश**



कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जनता दर्शन में एक महिला ने नोएडा के एक शिक्षण संस्थान में प्रवेश दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति द्वारा फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया। सीएम ने आश्वस्त किया कि मामले की जांच कराएंगे और जो भी दोषी मिलेगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### टिफिन सहभोज में सामान्य कार्यकर्ता की तरह दिखे सीएम

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पार्टी के हर अभियान और उससे जुड़े दिशानिर्देशों का एक समर्पित कार्यकर्ता की तरह अनुसरण करते हैं। रविवार को सिविल लाइंस के गोकुल अतिथि भवन में शहर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक सह टिफिन पर चर्चा में भी उनकी यह प्रतिबद्ध भूमिका नजर आई। भाजपा नेतृत्व से पूर्व जारी दिशानिर्देश के मुताबिक अन्य कार्यकर्ताओं की भांति मुख्यमंत्री भी अपने साथ टिफिन लेकर आए थे।

जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आए बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें आशीर्वाद दिया और चॉकलेट दिया। बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।

## संक्षेप

### आम तोड़ने पर किशोर को मारा पीटा, तीन पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के सेमरवीर भान पुर में आम तोड़ने पर किशोर को मार पीट कर जख्मी कर दिया गया। तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मऊआइमा के सेमरा वीरभानपुर गांव निवासनीय सुमित्रा देवी पत्नी राम सुख का आरोप है कि उनका नाती पडोस में लगे आम के पेड से फल तोड लिया। जिसपर उसे मारा पीटा गया। सुमित्रा देवी ने थाने में तहरीर दे कर गांव के ही लल्लू ,हरिश्चन्द्र, महाराजदीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### तपती धूप और तेज हवा के कारण घर से निकलना हुआ मुश्किल

**जारी।** इस समय उत्तर प्रदेश के प्रयागराज सहित ग्रामीण अंचलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। तथा लू और तपन इतनी बढ़ गई है कि घर से निकलना मुश्किल हो गया है। सुबह दस बजते बजते इतनी तेज धूप हो जाती है कि हाथ पैर सब जलने लगता है ।गर्म हवाएं बहने लगती है ।धूप में निकलना मुश्किल हो गया है। पारा 45 के पार पहुंच गया है। लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त है। और यह धूप तो सुबह नव बजे से शाम पांच बजे तक कड़ाके की धूप रहती है। जिसमें लोगों का बाहर निकलना काफी मुश्किल हो गया है।

# यमुना में स्नान के दौरान डूबा युवक, मौत



सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व जुटी भीड़



युवक के शव को बाहर निकालते गोताखोर

**हादसा**

**करेली का रहने वाला था रतन**

**गोताखोरों ने घंटों मशक्कत के बाद युवक का शव बाहर निकाला**

**प्रयागराज।** कीडगंज थाना क्षेत्र के बोट क्लब के पास यमुना में स्नान के दौरान एक युवक डूब गया। सूचना के बाद सक्रिय हुए गोताखोरों की टीम ने करीब 2 घंटे बाद उसे बरामद तो कर लिया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। भीषण गर्मी में गंगा यमुना में नहाने के लिए जाने वाले युवकों का पानी में खिलवाड़ करना जानलेवा साबित हो रहा है। बीते एक पखवारे में गंगा यमुना में एक दर्जन लड़कों की डूबने से मौत हो चुकी है।

करेली थाना अंतर्गत रसूलपुर का रहने वाला रतन पटेल (35) पुत्र बच्चा लाल पटेल तीन भाइयों में बड़ा था। प्राइवेट काम करता था। रविवार सुबह कीडगंज थाना क्षेत्र के वोट क्लब के पास नहाने गया था। उसके साथ तीन-चार लड़के और नहा रहे थे। नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने की वजह से वह डूबने लगा तो साथ में नहा रहे लड़कों ने शोर मचाया।

शोर सुनकर आसपास के लोग भी दौड़े। इस बीच नए पुल के पास गोताखोर मनोज निषाद अपनी टीम के साथ मौजूद थे। उन्होंने सुना तो तत्काल नाव लेकर घटनास्थल की ओर भागे। तब तक रतन यमुना में डूब चुका था। करीब घंटे भर की मशक्कत के बाद मनोज निषाद ने अपने साथियों के साथ रतन पटेल को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सूचना के बाद कीडगंज थाने के एसआई बलवंत सिंह यादव मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लाश को कब्जे में लिया। साथियों के जरिए उसकी पहचान हुई तो घरवालों को सूचना दी। पता चलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, उसके बाद पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। उसकी मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।



रन फार इनवायरमेंट में उपस्थित इफको के अधिकारी व अन्य अन्तःवासी

# पर्यावरण संरक्षण में इफको हमेशा रहा सकारात्मक : संजय कुदेशिया

**पर्यावरण संरक्षण हेतु आम जन को जागरूक करने के लिए इफको में निकली रैली**

**फूलपुर।** पर्यावरण को संरक्षित करने के साथ ही जन समुदाय में पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत करने के उद्देश्य से इफको की फूलपुर इकाई में रविवार को पर्यावरण जागरूकता रैली "रन फॉर इनवायरमेंट" निकाली गई। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया के नेतृत्व में आयोजित पर्यावरण रैली में इफको के अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए। पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने से सम्बन्धित पोस्टर, बैनर एवं नारे के साथ इफको घियानगर परिसर में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया गया। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने कहा कि इफको पर्यावरण संरक्षण में हमेशा सकारात्मक रहा है, विश्व पर्यावरण दिवस के दिन भी संयंत्र में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलायी जाएगी। कार्यक्रम का संयोजन उमेश कुमार शुक्ला वरिष्ठ प्रबंधक ई.पी.सी. ने किया। मौके पर संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, एम.डी. मिश्र, डॉ अनीता मिश्रा, संजय भंडारी, पी.के.सिंह, पी.के. पटेल, रत्नेश कुमार, एस.के.सिंह, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, प्रबंधक ई.पी.सी. मनोज तिवारी के साथ ही बड़ी संख्या में इफको के अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएं एवं बच्चों ने जागरूकता रैली में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# 73 लाख की लागत से होगा जसरा-भीटा मार्ग का पुनर्निर्माण : रीता जोशी



जसरा-भीटा मार्ग का निरीक्षण करतीं सांसद रीता जोशी

**बारा।** यमुनापार के विकास खंड जसरा में स्थित जसरा-भीटा मार्ग के दिन जल्द बहुरने वाले हैं। यह रास्ता दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को आवागमन सहूलियत देता है। पर, इन दिनों इस सड़क की हालत ज्यादा ही खराब हो गई थी। इसके लिए सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने प्रस्ताव भेजा है। शनिवार को क्षेत्र भ्रमण पर आईं सांसद रीता जोशी ने जसरा-भीटा मार्ग का निरीक्षण किया। बताया कि जल्द ही इस मार्ग के पुनर्निर्माण की शुरूआत होगी।

बारा विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण पर आईं प्रयागराज सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने जसरा-भीटा मार्ग के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों को बताया कि इस मार्ग के पुनः निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। इसके निर्माण पर 73 लाख रुपये का खर्च आएगा, जिसका प्रस्ताव सरकार को भेजा गया था। इसका टेंडर भी हो चुका है और कुछ धन भी अवमुक्त कर दिया गया है।सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने बताया कि घूरपुर से प्रतापपुर मार्ग पर बीच में जो रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है, शीघ्र ही उसका भी पुनर्निर्माण शुरू होगा। ग्रामीणों ने बताया कि जसरा-भीटा मार्ग, जसरा विकास खंड के दो दर्जन से अधिक गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ता है, किंतु मार्ग की हालत जर्जर होने के कारण लोगों को काफी असुविधा हो रही थी। इसी रास्ते से दाह संस्कार के लिए लोग सुजावन घाट जाते हैं।सांसद के निरीक्षण के समय संत प्रसाद पांडेय, आनंद जायसवाल, किसान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष अनिल मिश्र, जसरा ग्राम प्रधान आशीष सोनकर, संजय विश्वकर्मा, जसरा व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपचंद गुप्ता, मान सिंह पटेल, शंकरलाल मधुकर, शंभूनाथ खरे, सुभाषचंद्र मिश्र, शशिकांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# हैण्डपम्प निधि समाप्त होते ही बस्ती में पानी की भयंकर किल्लत

**पानी की समस्या**

**पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों में मचा हाहाकार**



पानी के लिए भटकती बस्ती की महिलाएं

**लालापुर।** सरकार ने हैण्डपम्प लगवाने की ब्यवस्था को जैसे समाप्त किया वैसे पानी की किल्लत शुरू हो गई।हैण्डपम्प की ब्यवस्था सबसे अच्छी ब्यवस्था ग्रामीणों के लिए बरदान साबित हुई थी।चार घर के बीच में एक सरकारी हैण्डपम्प जहाँ पर लगा हुआ है, वहां किसी प्रकार की किल्लत नही है।बढ़ती हुई गांव की आबादी के घरों में पीने के पानी का संकट गहराता नजर आ रहा है। ज्यादातर पहाड़ी क्षेत्र के गांवो में दूर दराज से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाते है। गरीबो के बस्ती में अगर हैण्डपम्प निधि समाप्त न होता तो सायद जनप्रतिनिधियों की निधि से लेकर ब्लाक स्तरीय ब्यवस्था जरूर हो जाती जो हमेशा के लिए समस्या खतम हो जाती। पानी की सबसे अच्छी ब्यवस्था हैण्डपम्प की है जो कम लागत में लगकर तैयार हो जाता है और खराब होने पर कम खर्च में मरम्मती करण भी हो जाता है।गोबरा तरहार गांव के साधू साहू,भगवत प्रसाद,दिनेश आदिवासी का कहना है पानी की बहुत बड़ी समस्या है बहुत दूर से पानी लेकर आते है। हम लोगों ने आदिवासी बस्ती में हैण्डपम्प लगवाने की गुजारिश किये तब पता लगा कि हैण्डपम्प की ब्यवस्था सरकार ने बन्द कर दी है,उसके एवज में हर घर नल से जल की ब्यवस्था होगी। कब तक होगी कोई पता नही है। कुछ भी हो लेकिन जहां पर लगा है हैण्डपम्प वहाँ के बस्ती के लोग पानी को लेकर खुश है।

# महिला के पेट से निकाला पांच किलो का ट्यूमर , क्षेत्र में बना चर्चा की विषय



**शंकरगढ।** क्षेत्र के चंद्रा नर्सिंग होम के डॉक्टर ने सफल ऑपरेशन कर महिला के पेट से पांच किलो का ट्यूमर निकाला। जिसकी चर्चा क्षेत्र में काफी हो रही है। शंकरगढ़ विकास खंड के शिवराजपुर गांव की कमला देवी 50 वर्ष पत्नी दीनदयाल मौर्य के पेट में दर्द होने पर वह शंकरगढ़ के राम भवन चौराहे पर स्थित चंद्रा नर्सिंग होम में दिखाने आई। यहां उपस्थित डॉक्टर संजीव शाहा ने महिला को देखने के बाद शंका होने पर अल्ट्रासाउंड कराया गया। अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देखने के बाद उन्होंने ट्यूमर होने की बात कह कर ऑपरेशन के लिए कहा। जिस पर परिजन राजी हो गए । डॉ संजीव शाहा अपने सहयोगी डॉ आरके सिंह के साथ मिलकर अजय सिंह के सहयोग से सफल ऑपरेशन किया तथा महिला के पेट से पांच किलो का ट्यूमर निकाला। पेट से ट्यूमर निकल जाने के बाद महिला को काफी राहत महसूस हुई। महिला के पेट से निकाले गए पांच किलो की ट्यूमर की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। तथा डॉक्टर संजीव शाहा की लोग काफी प्रशंसा कर रहे हैं। सहयोग के रूप में अमित सिंह, सिस्टर कंचन सिंह, सविता सिस्टर, लता सिस्टर भी मौजूद थी।

# सहसों में दिन भर ठप रहती है विद्युत आपूर्ति, मुसीबत

**समस्या**

**मनमानी विद्युत कटौती से बढ़ी परेशानी, भीषण गर्मी में पेयजल को भी तरस रहे ग्रामीण**




**सहसों।** फूलपुर के ग्रामीण इलाके में 9 से 10 घंटे की भारी विद्युत कटौती किए जाने से उपभोक्ता परेशान हैं। भीषण गर्मी में दिन भी विद्युत आपूर्ति ठप कर दिए जाने से लोगों को पेयजल के लिए भी तड़प जाना पड़ रहा है। आरोप है कि शासन द्वारा शेड्यूल तय किए जाने के बाद भी विद्युत विभाग के स्थानीय अधिकारियों की मनमानी के चलते पूरे दिन विद्युत की कटौती की जा रही है। जिससे आम जन मानस को मुसीबत झेलनी पड़ रही है।

फूलपुर विद्युत उपकेन्द्र से संबंधित भोपतपुर, थानापुर, मैलहन और फूलपुर देहात फीडरों से सैकड़ों गांवों में विद्युत आपूर्ति होती है। शासन के निदेर्शानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति किया जाना है। इसके लिए बकायदा शेड्यूल क्रमशः शाम 6 बजे से रात भर और सुबह 9 बजे तक एवं 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति किया जाना निर्धारित किया गया है। लेकिन इन दिनों फूलपुर में तैनात बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा मनमानी तरीके से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में सुबह 9 बजे के बाद पूरे दिन बिजली की भारी कटौती किए जाने से आम जन मानस जहां परेशान हैं, वहीं दिन भर बिजली नहीं रहने से पेयजल की भारी मुसीबत के सा?थ ही सिंचाई साधन भी नहीं चल पा रहे हैं। जिससे किसानों की खेती पर भारी असर पड़ रहा है। फूलपुर क्षेत्र के बीरकाजी, पूरेभुलई, बाबूगंज, गुलचपा, धुर्रवा, चांदोपारा, महजुदवा, अमोलवा, महुअकोठी, महुलिया जैसे सैकड़ों गांवों तथा विद्युत उपकेन्द्र बरेस्ता प्रतापपुर से संबंधित कई फीडरों से जुड़े गांवों क्रमशः बसना, बसनेहटा, जमुआ, उदगी, करूआडीह, प्रतापपुर, उग्रसेनपुर, सोरो, बरेस्ता, उगापुर समेत सैकड़ों गांवों में पूरे दिन बिजली की मनमानी कटौती स्थानीय अधिकारियों द्वारा की जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं के साथ ही 2 सौ से अधिक गांवों के हजारों ग्रामीणों को पेयजल के साथ ही भीषण गर्मी में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब स्थानीय जेई और एसडीओ से बात की जाती है तो गर्मी और तेज हवा का बहाना बनाकर विद्युत आपूर्ति न?हीं किए जाने का तर्क दिया जाता है। जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि ग्रामीण इलाके में 18 घंटे शेड्यूल के हिसाब से निर्वाध विद्युत आपूर्ति की सुविधा सुनिश्चित की जाए।

### मैलहन क्षेत्र में 20 घंटे ठप रही विद्युत आपूर्ति

**फूलपुर।** बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारियों की मनमानी और छोटे-मोटे फाल्ट भी ठीक नहीं किए जाने के चलते विद्युत उपकेन्द्र खंसार से संबंधित दर्जनों गांवों में सोमवार से ही लगातार 20 घंटे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही। आरोप है कि विद्युत तारो के जर्जर हालत में पड़े रहने की वजह से भीषण गर्मी और बारिश के मौसम में अधिकारी मनमानी तौर पर जहां भारी कटौती शुरू कर देते हैं, वहीं छोटे-मोटे फाल्ट होने पर रात में भी बिजली की आपूर्ति ठप पड़ जाती है। नतीजा बिजली विभाग के अधिकारियों की इस लापरवाही का खामियाजा विद्युत उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है।

# हिंदवी स्वराज्य की स्थापना कर शिवाजी महाराज ने किया था अखंड भारत का सूत्रपात

**सहसों।** भारत देश के योद्धाओं, संस्कारों का प्राचीन गौरवमयी इतिहास रहा है पर बीच के हजार साल के कालखंड में उनका शौर्य, सांस्कृतिक धरोहर पर अंधेरा छाया हुआ था क्योंकि राजाओं,महाराजाओं और आम जनता में एक होने की भावना कमतर हो गई थी। उसी एकता, अखंडता और अस्तित्व का पुनर्जागरण किया था छत्रपति शिवाजी महाराज ने किया।उन्होने हिंदवी स्वराज्य की स्थापना कर आम भारतीयों में आत्मगौरव की भावना को जागृत किया।उक्त बातें नगर पंचायत फूलपुर के श्रीहरि कृपा मंडपम में आरएसएस की नगर इकाई द्वारा आयोजित हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव में बतौर मुख्य वक्ता संबोधन करते हुए विभाग संपर्क प्रमुख डा.प्रमोद पाण्डेय ने कहीं। उन्होने कहा कि पहले की परंपरा में दादी, नानी आदि घरों के वरिष्ठ जन बच्चों को वीर पुरुषों की कहानियाँ, रामायण, महाभारत आदि को सुनाया करते थे। इससे योग्य, जिम्मेदार, अनुशासित और संस्कारित नागरिक का निर्माण होता था लेकिन बच्चों का अब झुकाव मोबाईल पर ज्यादा बढ़ गया है।जिससे उनका नैतिक विकास नही हो पा रहा है।हम सभी को बच्चों बोधकथायें,कहानिया और इतिहास पढ़ने के लिये बच्चों को प्रेरित करना होगा।उन्हे शिवाजी महाराज,महाराणा प्रताप,गौतम बुद्ध,स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र के बारे में बताना होगा।कार्यक्रम का शुभारंभ एकल गीत,अमृत वचन से और समापन संघ प्रार्थना से हुआ।अध्यक्षता नगर संघ चालक शोभनाथ चौरसिया और संचालन नगर कार्यवाह उमा चरण ने किया।मौके जिला कार्यवाह बेचन सिंह,नगर सह संघ चालक शंकर लाल,सह नगर कार्यवाह मदन,जिला संपर्क प्रमुख, रवि पाण्डेय, गजानन पाण्डेय, अनिल मौर्या, शशिकांत मौर्या, राजा मौर्या, सर्वेश मौर्या, सुरेश विश्वकर्मा कमलेश मिश्रा, मुकेश चौरसिया, नवीन चौरसिया, गौतम यादव, राय साहब केशरी, प्रमोद पाण्डेय, लाला जी आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थी परिषद ने विधि छात्रों के लिए शुरू किया न्याय इंटर्नशिप

**सिखाए जाएंगे बेहतर वकील बनने के गुर**



इंटर्नशिप कार्यक्रम में उपस्थित छात्र

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई द्वारा विधि संकाय के छात्रों के लिए 'न्याय' नाम से इंटर्नशिप कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसका अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम रविवार को ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के निर्मला देश पांडेय सभागार में आयोजित किया गया। जल्द ही इंटर्नशिप कार्यक्रम में विधि छात्रों को वकालत करने के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए उन्हें प्रदेश के बड़े अधिवक्ताओं के चैंबर के साथ जोड़ा जाएगा और वहीं उन्हे प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के चतुर्थ वर्ष की छात्रा प्रियंका सिंह एवं तनु मिश्रा को संयोजिका एवं सह-संयोजिका का दायित्व दिया गया है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के प्रदेश मीडिया संयोजक और इस कार्यक्रम के आयोजक मंडली के सदस्य अभिनव मिश्र ने बताया कि आज एक विराट स्वरूप है। यह छात्र समुदाय की हर समस्याओं का निवारण करने के साथ ही उन्हें इंटर्नशिप जैसे अवसर भी प्रदान करने का कार्य कर रही है। विधि छात्रों को इंटर्नशिप के लिए वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं के चैंबर में इंटर्नशिप के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है, फिर भी उन्हें जल्द इंटर्नशिप के मौके नहीं मिलते।विधि छात्रों की इस समस्या के निवारण के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई द्वारा इस कार्यक्रम की शुरूवात की गई है, जिसके अभिविन्यास कार्यक्रम को आज आयोजित किया गया।

### इविवि के साथ देश के अन्य प्रतिष्ठित कॉलेज से भी आए प्रतिभागी

इंटर्नशिप का आवेदन चालू किए जाने के एक दिन के भीतर ही इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 42 विधि छात्र लाभान्वित होंगे। जिनमें से ज्यादतर छात्र इलाहाबाद विश्वविद्यालय और यहां के संगठक कॉलेज से हैं। साथ ही दो छात्र दिल्ली विश्वविद्यालय, 1 छात्रा जामिया और पांच छात्र/छात्राएं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के हैं। इंटर्नशिप कराने में प्रदेश के प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं के नाम भी शामिल छात्रों के इस इंटर्नशिप को लेकर भारी संख्या में आवेदन आए हैं। इस इंटर्नशिप को शुरुआत में 25 लोगों के लिए ही आयोजित करने की तैयारी की गई थी, लेकिन बढ़ती संख्या को देख नए अधिवक्ताओं को जोड़ उनको भी इंटर्नशिप का मौका दिया गया। इंटर्नशिप कराने में अपर महाधिवक्ता उत्तर प्रदेश सरकार पीके गिरी, महेश चंद्र चतुवेर्दी, अशोक मेहता और कई अन्य दिग्गज अधिवक्ता भी सम्मिलित हैं।छात्राओं के भी दिखाई इंटर्नशिप के प्रति विशेष रुचि , 11 छात्रा इंटर्नशिप कार्यक्रम में सम्मिलित छात्राओं को भी अधिवक्ताओं के चैंबर में इंटर्नशिप करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। "न्याय" के निमित्त 11 छात्राएं भी विभिन्न परिसरों से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। इस अभिविन्यास कार्यक्रम में इलाहाबाद उच्च न्यायायलय के अधिवक्ता वरुण प्रताप सिंह, अधिवक्ता प्रतीक मिश्र,अपर शासकीय अधिवक्ता राम मोहित,अधिवक्ता कार्तिकेय शुक्ल , इलाहाबाद विश्वविद्यालय विभाग के विभाग संगठन मंत्री प्रभाकर तिवारी,प्रांत सह-मंत्री कार्तिकेय त्रिपाठी,इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई अध्यक्ष शिवम सिंह,प्रदेश मीडिया संयोजक अभिनव मिश्र की उपस्तिथि रही।

### इलेक्ट्रिक की दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक

**फूलपुर।** इलेक्ट्रिक की दुकान में अचानक आग लग जाने से लाखों का इलेक्ट्रॉनिक सामान जल कर राख हो गया। रात में हुई घटना की सूचना मिलते ही दुकान मालिक ने मौके पर पहुंच कर पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जबतक आग पर काबू पाया जाता तब तक लाखों का सामान जल कर राख हो गया। फूलपुर थाना क्षेत्र के शेषपुर पश्चिमी निवासी अमित कुमार मौर्य की फूलपुर में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। रविवार की रात करीब एक बजे दुकान से धुआं उठते देख आसपास के लोगों ने उन्हें आग लगने की सूचना दी तो वो आनन फानन में मौके पर पहुंचकर पुलिस व फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी। जबतक आग पर काबू पाया जाता तब तक लाखों का सामान जल चुका था। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। भुक्तभोगी ने पुलिस को लिखित में सूचना देकर उचित कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना पर नगर पंचायत अध्यक्ष अमरनाथ यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग घटना स्थल पर पहुंच कर खेद जताया।

# प्रबुद्ध वर्ग महासम्मेलन को खिताब करेंगे राष्ट्रीय प्रवक्ता शहनवाज हुसैन

**बारा।** केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में छह जून, 2023 को प्रबुद्ध वर्ग महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन यूनाइटेड कालेज नैनी में दोपहर एक बजे से शुरू होगा। यह जानकारी देते हुए बारा विधायक डा. वाचस्पति ने बताया कि महा सम्मेलन में बतौर चीफ गेस्ट भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शहनवाज हुसैन भाग लेंगे, जबकि अध्यक्षता सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी करेंगी। इस आयोजन में प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी, महापौर गणेश केसरवानी, जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, विधायक पीयूष रंजन निषाद, कोरांव विधायक राजमणि कोल, जिला संयोजक सुरेश सिंह, जिला महामंत्री राजेश शुक्ल समेत तमाम पदाधिकारी शामिल होंगे। विधायक प्रतिनिधि उमेश शुक्ल ने यमुनापार के समस्त प्रबुद्ध वर्ग से आयोजन को सफल बनाने का अनुरोध किया है। उमेश शुक्ल ने बताया कि इस आयोजन में (एनडीए) महागठबंधन भारतीय जनता पार्टी, अपना दल और निषाद पार्टी के समस्त जिला पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्षगण, समस्त मोर्चा के पदाधिकारीगण, समस्त ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, सभासद, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख शामिल होंगे।



युवक की हत्या के बाद डॉग स्क्वॉयड ने घटनास्थल पर की जांच पड़ताल

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 41.00 |
| न्यूनतम : | 28.00 |
| सूर्योदय : | 05.15 |
| सूर्यास्त : | 06.44 |

### विवि की पीजीएटी-वन पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा, छात्र नेता को एग्जाम देने से रोका

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय की चार दिवसीय परास्नातक प्रवेश परीक्षा (पीजीएटी) के दूसरे दिन शनिवार को पीजीएटी-वन पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा हो रही है। इसके लिए देश के 11 शहरों में 33 केंद्र बनाए गए हैं। शनिवार को प्रयागराज के बिशप जॉनसन स्कूल में बने केंद्र पर पहुंचे छात्र नेता सत्यम कुशवाहा को परीक्षा देने से रोक दिया गया।छात्र नेता सत्यम कुशवाहा को बताया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिबंधित किए जाने की वजह से उसको प्रवेश परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं मिलेगी। इसको लेकर छात्र नेता ने जमकर हंगामा किया। कॉलेज प्रशासन के लिए भी चुनौती बन गई।

## स्मैक के धंधे के विवाद में युवक की सरेआम गोली मारकर हत्या

**हत्या**

**राजापुर में देर रात वारदात से सनसनी**

**प्रयागराज।** कैंट के राजापुर में शनिवार देर रात एक सनसनीखेज वारदात हुई। यहां सभासद प्रत्याशी के भतीजे 20 वर्षीय आदिल को सरेआम गोली से उड़ा दिया गया। वारदात रात 10:30 बजे के करीब हुई। परिजनों का आरोप है कि स्मैक का धंधा करने वाले राशिद और उसके गुर्गों ने इस वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने चार हत्यारोपियों के नाम पुलिस को बताया है जिनकी तलाश देर रात तक चलती रही।मृतक आदिल पुत्र गुड्डू राजापुर में भूसे वाली गली का रहने वाला था। उसके चाचा कमाल कांग्रेसी नेता हैं और हाल ही में सभासद का चुनाव भी लड़ा था। आदिल ई रिक्शा चलाता था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रोज की तरह रात नौ बजे के करीब वह ई रिक्शा चलाकर घर लौटा। ई-रिक्शा घर पर खड़ा करने के बाद वह करीब 200 मीटर दूर ट्रैफिक पुलिस लाइन चौराहे से राजापुर की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित मोनू की पान की दुकान पर पहुंचा। वहां करीब 10:30 उसका कुछ लोगों से विवाद हो गया।इस दौरान पहले गालीगलौज हुई और फिर उन्हीं में से एक युवक ने असलहा निकालकर उसके सिर पर गोली मार दी। गोली लगते ही आदिल वहीं ढेर हो गया और इसके बाद हमलावर फरार हो गए। उधर सूचना मिली तो परिजन और आसपास के लोग जुट गए। पुलिस भी आ गई और फिर देखते ही देखते पूरा इलाका छावनी में तब्दील कर दिया गया। डीसीपी नगर दीपक भूकर के अलावा पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा भी मौके पर पहुंच गए।मृतक के पिता गुड्डू का आरोप है कि उसके बेटे को गोली मारने में राशिद, पंकज भारतीय, सनी व ऋषि शामिल हैं। यह सभी राजापुर के रहने वाले हैं और स्मैक का कारोबार करते हैं। डीसीपी नगर दीपक भूकर ने बताया कि परिजनों ने जो भी नाम बताए हैं, उनके घरों पर दबिश दी गई तो वह फरार मिले। उनके हर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।



सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व जुटी भीड़

## 7 शहरों में चार्ज होंगे इलेक्ट्रिक वाहन

**तैयारी**

**प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर दिसंबर महीने से होगा शुरू, 26 लाख खर्च करेगा रेलवे**

**प्रयागराज।** यूपी में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रयागराज सहित 7 रेलवे स्टेशन पर चार्जिंग प्वाइंट बनाए जा रहे हैं। यहां निर्धारित शुल्क देकर लोग अपने इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग करा सकेंगे। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि प्रयास है कि इस साल दिसंबर महीने से व्यवस्था शुरू हो जाए। उत्तर मध्य रेलवे) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि पहले चरण में प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), आगरा कैंट, अलीगढ़ जंक्शन और मथुरा जंक्शन पर इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग की शुरूआत होगी।



### 26 लाख रुपए का आएगा खर्च

इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट बनाने में करीब 26 लाख रुपए का खर्च आएगा। इसी टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। पहले चरण में सात रेलवे स्टेशन का चयन किया गया है। इन स्टेशनों पर इसके संचालन के बाद दूसरे चरण में उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज, आगरा एवं झांसी मंडल के 15-15 प्रमुख स्टेशन पर भी यही सिस्टम लागू होगा।

उत्तर मध्य रेलवे की ओर से पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। रेलवे की इस पहल से आमजन को सहूलियत तो मिलेगी साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण भी हो सकेगा।

## महाकुंभ में ओला-उबर की तरह बुक होंगे ई-रिक्शो

**योजना**

**प्रयागराज में ई-रिक्शा चालक भी होंगे स्मार्ट, नगर निगम देगा स्वच्छता दूत का दर्जा**

**प्रयागराज ।** 2025 में प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ कई मायनों में अलग होने जा रहा है। करोड़ों रुपए खर्च कर मंदिरों को सजाने के साथ ही साथ शहर के लुक को भी आकर्षक करने की योजना है। इसी कड़ी में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत में ई-रिक्शा चालकों को भी स्मार्ट बनाया जाएगा। पर्यटकों की सुविधा के लिए ई-रिक्शा की बुकिंग एप के माध्यम से ओला और उबर की तरह की जा सकेगी। ताकि पर्यटकों को साधन की दिक्कत न हो। नगर निगम इसके लिए योजना तैयार कर रहा है। महाकुंभ का दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप होगा।

कुंभ के आयोजन को दिव्य , भव्य और नव्य स्वरूप देने में निरंतर प्रयास कर रही है। महाकुंभ में आने वाले करोड़ों पर्यटकों और श्रद्धालुओं को शहर में दाखिल होते ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट की इस बार अलग तस्वीर दिखे, नगर निगम इसके लिए योजना तैयार कर रहा है। शहर के विभिन्न मंदिरों का जीर्णोद्धार तो किया ही जा रहा है साथ ही साथ शहर की सड़कों को भी फसाड लाइट्स के माध्यम से आकर्षक स्वरूप दिए जाने की योजना है।



### निगम के एप के माध्यम से होगी ई-रिक्शों की बुकिंग

प्रयागराज शहर में डीजल से चलने वाले ऑटो और टेम्पो का स्थान धीरे धीरे ई-रिक्शे लेते जा रहे हैं । इसको देखते हुए नगर निगम ने एक एप विकसित करने की योजना बनाई है। इसके माध्यम से देश-दुनियाभर से प्रयागराज आने वाले करोड़ों पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए एप के माध्यम से ई-रिक्शा ओला और उबर की तरह की बुक किए जा सकेंगे। पेमेंट भी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्पों में किए जा सकेंगे।नगर निगम इस एप का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करेगा ताकि लोगों को इस सुविधा की जानकारी मिल सके ओर वे इसका लाभ उठा सकें। निगम ई-रिक्शा सर्विस के रूट वाइज रेट्स पर भी मंथन कर रहा है। रेट ऐसे होंगे जोकि पर्यटकों को भी ज्यादा न लगें और चालकों को भी इसका फायदा मिल सके।

### शहर में मौजूद 11, 342 ई-रिक्शा

ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी के मुताबिक, शहर में 11, 342 ई-रिक्शे हैं। अभी तक इनके लिए प्रशासन की तरफ से कोई प्रेरक योजना नहीं है, लेकिन अब स्मार्ट सिटी मिशन की तरफ से इन्हें संगठित किए जाने और स्वच्छता दूत का दर्जा दिए जाने से इनका सम्मान बढेगा। यह पहल अच्छी है।

### ई-रिक्शा चालकों को मिलेगा स्वच्छता दूत का दर्जा

प्रयागराज शहर की आबादी में बढ़ोत्तरी के साथ ही नगरीय क्षेत्र में आवागमन के पब्लिक ट्रांसपोर्ट के वाहनों में भी तेजी से इजाफा हुआ है । स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शहर में डीजल से चलने वाले पब्लिक ट्रांसपोर्ट के विकल्प के रूप में ई-रिक्शो को प्रोत्साहित किया जा रहा है । स्मार्ट सिटी मिशन के तकनीकी प्रबन्धक संजीव कुमार सिन्हा बताते हैं कि महाकुंभ के आयोजन के पहले शहर के ई- रिक्शा चालकों को 'स्वच्छता-दूत' का दर्जा दिया जाएगा । महाकुंभ में ये स्वच्छता दूत कुंभ नगरी की स्वच्छता की ब्रांडिंग भी करेंगे। इन्हें शहर की सड़कों को पोलिथीन मुक्त करने की एक जिम्मेदारी भी दी जायेगी । स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शहर के सभी ई रिक्शों में कपड़े से तैयार किये गए विशेष बैग लगाए जायेंगे । ई-रिक्शा चालक को ई-रिक्शे में बैठने वाली हर सवारी के खाने- पीने के प्लास्टिक के बैग्स सड़कों में फेंकने की जगह इसी कपडे के बैग में फेंकने के लिए प्रोत्साहित करने की जिम्मेदारी दी जा रही है, जिससे शहर की सड़कें पॉलिथीन मुक्त और स्वच्छ दिखेंगी । इसके एवज में नगर निगम की तरफ से उन्हें ' स्वच्छता-दूत 'का दर्जा और इसका प्रमाणपत्र देगा।

## स्नान करते समय दो छात्र गंगा में समाए, गोताखोर खोजबीन में जुटे

**प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र के डीहा गंगा घाट पर स्नान करने गए दो किशोर गंगा में समा गए। साथ स्नान करने गए ग्रामीणों के शोरगुल मचाने पर कुछ ग्रामीणों ने पानी में जाकर उनकी खोजबीन शुरू कर दी। कुछ देर में गोताखोर पहुंच गए और उनकी खोजबीन शुरू कर दी। कई घंटे बीत जाने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।करछना थाना क्षेत्र के चुप्पेपुर गांव निवासी संकेत प्रजापति (15) पुत्र ज्ञानचंद प्रजापति और मंदीप प्रजापति (15) पुत्र राजकुमार प्रजापति गांव के ही डीहा गंगा घाट पर रविवार को सुबह करीब आठ बजे स्नान करने गए थे। स्नान करने के दौरान वह गहरे पानी में समा गए। साथ में घाट पर स्नान कर रहे ग्रामीणों और दोस्तों ने उनके डूबते उतराते देख शोरगुल मचाना शुरू कर दिया।

### कई घंटे से चल रहा है सर्च अभियान

इस पर कई मछुआरों ने गंगा में छलांग लगा दी। उनकी खोजबीन शुरू कर दी गई। कुछ ही देर में गोताखोर और पुलिस ने भी घाट पर पहुंच कर सर्च अभियान चलाया। कई घंटे की मशक्कत के बाद भी दोपहर 12 बजे तक दोनों किशोरों का कुछ पता नहीं चल सका था। बच्चों के डूबने की सूचना पर परिवार और गांव के लोग पहुंच गए।



घटना के बाद डीहा गंगा घाट पर जुटी लोगों की भीड़

## आयशा नूरी की सरेंडर अर्जी पर सुनवाई कल

**सीजेएम कोर्ट में सुना जाएगा मामला, गुड्डू मुस्लिम को अपने घर में पनाह देने का आरोप**

**प्रयागराज।** उमेश पाल मर्डर केस में शामिल रहे शूटर मुस्लिम गुड्डू को अपने मेरठ स्थित घर में पनाह देने वाली अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी की सरेंडर अर्जी पर आज सीजेएम कोर्ट में सोमवार, पांच जून को सुनवाई होगी। यह केस अपराह्न दो बजे से सुना जाएगा। इस मामले में धूमनगंज थाना पुलिस सीजेएम कोर्ट में रिपोर्ट पेश कर चुकी है।

**आयशा के घर में सीसीटीवी में नजर आया था मुस्लिम गुड्डू**

उमेश पाल की 15 फरवरी 2023 को हुई हत्या में साजिशकर्ता के तौर पर आयशा नूरी का नाम भी सामने आया था। अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी के घर के सीसीटीवी फुटेज में हत्या के दो दिन बाद गुड्?डू मुस्लिम नजर आया था। उसके हाथ में एक बैग था। वह आयशा नूरी के पति से गले भी मिले दिखाई दे रहा है। आयशा और उसके पति डॉ. अखलाख ने न सिफ उसे अपने घर में पनाह दी बल्कि आर्थिक रूप से उसकी सहायता भी की थी। इसी केस में अखलाख पहले ही गिरफ्तार हो चुका है और नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। उसे स्वास्थ्य विभाग ने सस्पेंड भी कर दिया है।

उमेश पाल मर्डर केस में पत्नी जया पाल द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में 9 नामजद लोगों में आयशा नूरी, असद का दोस्त अतिन, अतीक का बहनोई अखलाक, और अतीक के सहयोगी कैश अहमद, राकेश कुमार, नियाज अहमद, मो साजर और अरशद कटरा का नाम शामिल है।

## बालासोर रेल हादसे के बाद अब एनसीआर तेजी से करेगा 'कवच' पर काम, रेलवे ने कसी कमर

**प्रयागराज।** ओड़िशा के बालासोर में हुए रेल हादसे की पुनरावृत्ति आगे न हो इस मुहिम में रेलवे की ह्यकवचह्न प्रणाली पर उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) अब तेजी से काम करेगा। ट्रेनों के आमने-सामने की टक्कर रोकने और सुरक्षित परिचालन के लिए एनसीआर की तैयारी है कि जोन से गुजरने वाले दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई को अगले एक वर्ष में हर हाल में ह्यकवचह्न प्रणाली से लैस कर दिया जाए।बताया जा रहा है कि बालासोर में जिस स्थान पर हादसा हुआ, उस रूट पर ह्यकवचह्न प्रणाली नहीं थी। अगर उक्त रूट कवच से लैस होता तो एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनों के आ जाने की स्थिति में हादसा न हो पाता। रेलवे अफसरों का कहना है कि रेलवे द्वारा सभी महत्वपूर्ण रेल मार्ग में कवच (एंटी-ट्रेन टक्कर प्रणाली) स्थापित करने की प्रक्रिया में है। दरअसल कवच लोको पॉयलट को उस वक्त अलर्ट करता है जब वह किसी सिग्नल (सिग्नल पासड एट डेंजर - स्पैड) को पार कर जाता है।अमूमन ट्रेन की टक्करों की प्रमुख वजह यही रहती है। इस तकनीक में जब ऐसे सिग्नल से ट्रेन गुजरती है, जहां से गुजरने की अनुमति नहीं होती है तो इसके जरिये खतरे वाला सिग्नल भेजा जाता है। साथ ही लोको पायलट अगर ट्रेन को रोकने में विफल साबित होता है तो फिर ह्यकवचह्न तकनीक के जरिए से अपने आप ट्रेन के ब्रेक लग जाते हैं और हादसे से ट्रेन बच जाती है।

पिछले वर्ष ही इसका ट्रायल रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने तत्कालीन चेयरमैन वीके त्रिपाठी के साथ किया था। इसके बाद ही तय हुआ था कि सबसे पहले इस प्रणाली का उपयोग दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई रूट पर होगा। दिल्ली-हावड़ा रूट का आधा भाग प्रयागराज मंडल से ही गुजरता है। अब बालासोर हादसे के एनसीआर से गुजरने वाले देश के दो महत्वपूर्ण रेलमार्ग पर यह काम रफ्तार पकड़ेगा। प्रयागराज मंडल में कवच लगाने का काम दो चरण में होगा। पहले चरण में छिपियाना बुजुर्ग से कानपुर (लागत- 179.95 करोड़) एवं दूसरे चरण में कानपुर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं (लागत- 178.96 करोड़) रुपये में यह प्रणाली यहां लगाई जाएगी।

ओड़ीसा में हुआ हादसा दुखद है। कवच प्रणाली का काम एनसीआर में तेजी से चल रहा है। मथुरा-पलवल सेक्शन में 65 किमी क्षेत्र में कवच प्रणाली लगाई जा चुकी है। छिपियाना बुजुर्ग से कानपुर के बीच भी इसे लगाया जा रहा है। यह मिशन रफ्तार का ही प्रोजेक्ट है। **- हिमांशु शेखर उपाध्याय, सीपीआरओ, एनसीआर।**

## माफिया अतीक-अशरफ हत्याकांड के शूटरों से पूछताछ के लिए एसआईटी ने तैयार की सवालों की सूची

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को मौत की नींद सुलाने वाले शूटरों से फिर पूछताछ होगी। इसके लिए पुलिस के विशेष जांच दल (एसआइटी) की ओर से सवालों की सूची लगभग तैयार कर ली गई है। जल्द ही एसआइटी की टीम प्रतापगढ़ जेल जाएगी और फिर वहां निरुद्ध शूटर लवलेश तिवारी, सनी सिंह व अरुण मौर्या से पूछताछ करेगी।

**शूटरों से अब एसआईटी करेगी पूछताछ**

अभियुक्तों से मिले उत्तर के आधार पर हत्याकांड को लेकर कड़ी से कड़ी जोड़ा जाएगा और फिर उसके आधार पर साजिश से लेकर दूसरे बिंदु पर साक्ष्य संकलित किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि हमीरपुर निवासी शूटर सनी सिंह का गोगी सहित कई अन्य अपराधियों से गहरे संबंध थे। वह स्थानीय स्तर पर भी कई वारदात को अंजाम दे चुका था, जिसके चलते उसकी हिस्ट्रीशीट खोली गई थी।

**पुलिस को नहीं मिले अभी तक कई सवालों के जवाब**

अतीक, अशरफ की हत्या के बाद सबसे ज्यादा चतुराई भरा जवाब सनी सिंह ही दे रहा था। सनी और लवलेश ने सबसे ज्यादा पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया था। पुलिस कस्टडी रिमांड के दौरान पूछताछ के वक्त वह सभी सवालों को संतोषजनक जवाब नहीं दे सके थे।

**पुलिस तलाश रही अतीक और अशरफ की हत्या के पीछे की कहानी**

उधर, हत्या की विवेचना कर रही एसआइटी को चश्मदीद, पुलिसकर्मी और अस्पताल कर्मचारियों का बयान लेते समय कई ऐसे तथ्य मिले हैं, जिसके आधार पर शूटरों से पूछताछ को जरूरी माना गया है। हत्याकांड की साजिश में और कौन-कौन शामिल हैं, शूटरों के पीछे कितने लोग हैं जैसे कई अहम सवालों का जवाब का इंतजार किया जा रहा है।

## नसबंदी कराने में प्रयागराज उत्तर प्रदेश में टॉप पर

**नसबंदी**

**पिछले 4 वर्षों से यूपी में नंबर-1 पर बना है जनपद, आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम**

**पुरुष नसबंदी बहुत ही सरल : परिवार नियोजन विशेषज्ञ मुकेश श्रीवास्तव**

**प्रयागराज।** नसबंदी कराने के मामले में प्रयागराज पूरे यूपी में नंबर-1 पर है। परिवार नियोजन के प्रति लोगों में काफी जागरूकता बढ़ी है। पिछले 4 वर्षों के आंकड़ों की बात की जाए तो यह जनपद लगातार टॉप पर चल रहा है। इस प्रयास का श्रेय स्वास्थ्य विभाग की सबसे निचली टीम यानी ग्राउंड जीरो पर कार्य कर रहीं आशा कार्यकताओं व एएनएम की है। घर-घर जाकर आशा कार्यकर्ता लोगों को परिवार नियोजन के मायने बता रही हैं और उन्हें नसबंदी कराने के लिए प्रेरित कर रही हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पांडेय ने पूरी टीम को इसके लिए बधाई दी है।

परिवार नियोजन विशेषज्ञ मुकेश श्रीवास्तव बताते हैं कि पुरुष नसबंदी बहुत सरल है। इससे पुरुष का कोई नुकसान भी नहीं होता है। आपरेशन के दो घंटे बाद से ही वह अपने दैनिक कार्यों को पहले की तरह कर सकता हैं। बताया कि परिवार नियोजन की प्रगति की चाल को गति देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। इसमें अब नसबंदी शिविर से पहले ही संबंधित सीएचसी पर कंट्रोल रूम से कॉल के माध्यम से तैयारी की जानकारी ली जाएगी। शिविर समाप्ति के बाद प्रगति रिपोर्ट को मुख्य विकास अधिकारी के साथ साझा की जाएगी। उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए अस्थाई गर्भ निरोध के विभिन्न प्रकार के साधन हैं, जो कि सप्ताह में खाई जाने वाली छाया गोली, तीन माह के अंतर पर अंतरा इंजेक्शन या फिर दस साल तक चलने वाली कॉपर टी भी हो सकती है। इसका इस्तेमाल कर गर्भधारण से बचा जा सकता है।



शिविर में उपस्थित लोग

## संक्षेप

### मारपीट में तीन महिलाएं हुईं घायल

**प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के छोटी इब्राहिमपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। जिससे फूल कुमारी (55) पत्नी राम पाल उसकी बेटी शिवानी (18) तथा स्वाती पटेल (24) पत्नी राहुल पटेल घायल हो गई। परिजन घायलों को सीएचसी लाए। आरोपितों के खिलाफ पुलिस को मामले की नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

### महिला से मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थाने के छेमर सरैंया निवासी महिला की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही मो. इकरार, मो. अजहर समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि 25 मई की शाम आरोपितों ने रंजिश को लेकर घर में घुसकर मारपीट की। इसके साथ ही गाली गलौच करते हुए कपड़े फाड़ दिए और छेड़छाड़ करने लगे। शोर मचाने पर लोग दौड़े तो आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले।

# अनियंत्रित बाइक पुलिया से टकराई, महिला की मौत





**प्रतापगढ़।** मांगलिक कार्यक्रम के बाद घर लौट रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। जिससे बाइक पर सवार युवक व महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए उसे सीएससी सांगीपुर लाया गया। जहां पर डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। उदयपुर थाना के ढकवा दर्रा गांव निवासिनी संगीता सिंह (50) पत्नी दिलीप सिंह अपनी बहन की लड़की की शादी में अमेठी जिले के रणबीर नगर गांव के ही पड़ोसी अजीत सिंह के साथ बाइक से गई थी। रविवार को वह बाइक से अपने घर के लिए निकली। सांगीपुर थानाक्षेत्र के शाहवरी नहर पुलिया मोड़ पर अचानक बाइक अनियंत्रित हो गयी। बाइक के पुलिया से टकरा जाने से संगीता चुटहिल हो गयी। वही दुर्घटना में अजीत सिंह को भी चोटे आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी सांगीपुर में भर्ती कराया। डाक्टरों ने संगीता को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। दुर्घटना में महिला की मौत की जानकारी घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज यादव का कहना है दुर्घटना में मृतक महिला के शव का पीएम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जायेगी।

### सांसद की शिकायत पर हेडमास्टर निलंबित

**बेलखरनाथ धाम।** बाबा बेलखरनाथ धाम के शेषपुर अठगवां प्राथमिक विद्यालय में बीते सोमवार 29 मई को सांसद संगम लाल गुप्ता का रात्रि प्रवास कार्यक्रम था। जर्जर विद्यालय, टूटी फर्श, रंगाई पुताई सहित भारी अव्यवस्था थी। जिसके चलते सांसद को रात भर नींद नहीं आई। मंगलवार सुबह सांसद ने इसकी शिकायत एडी बेसिक तनुजा त्रिपाठी से किया। एडी बेसिक की जांच में प्रधानाध्यापक की लापरवाही सामने आने पर बीएसए भूपेंद्र सिंह ने प्रधानाध्यापक सत्यनारायण सिंह को निलंबित करते हुए विद्यालय की खामियों की जांच के लिए टीम का गठन किया है।

### रेल दुर्घटना को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की उठाई मांग

**लालगंज।** उड़ीसा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना में लगभग पौने तीन सौ रेल यात्रियों की मौत पर यहां वकीलों ने बैठक कर उनके प्रति श्रद्धांजलि आर्पित की। ऑल इण्डिया रूलर्स बार एशोसिएशन की तहसील इकाई की कार्यकारिणी की रविवार की हुई बैठक में रेल दुर्घटना में बड़ी संख्या में घायलों के जल्द स्वस्थ होने को लेकर भी प्रार्थना की गयी। अध्यक्षता करते हुए एशोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने रेलवें दुर्घटना के बाद वहा रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे क्षेत्रीय लोगों और आपदा प्रबंधन में लगी सभी टीमों के द्वारा की जा रही मदद अभियान को प्रंशंसनीय बताते हुए केन्द्र सरकार से इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित किये जाने की मांग की है।

# एक ही रात में छिनैती की दो वारदातों से मचा हड़कम्प

**लालगंज।** एक ही रात में अलग-अलग लोगों से हुई दो छिनैती की वारदात से इलाके में हड़कम्प मच गया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के डभियार निवासी रामकृपाल के पुत्र त्रिभुवन यादव ने सांगीपुर पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बीते 31 मई की रात वह भदारी गांव से निमंत्रण से वापस घर आ रहा था। आरोप है कि गजेहड़ी गांव के पास दो बाइक पर आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने उसे जबरियन रोक कर हॉकी डण्डे से मारा पीटा और सत्ताईस सौ रुपए नगद छीन लिये। वही थाना सांगीपुर के ही गोविंदराम निवासी शिव प्रसाद के पुत्र उदयभान शर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीते इक्कतीस मई की रात वह लालगंज के इटैला गांव से बारात से घर वापस आ रहा था। पूरे गोसाई के पास तीन बाइक पर अज्ञात नकाबपोश नौ बदमाशों ने उसकी बाइक जबरिया रोकवाई बदमाशो ने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए सत्रह सौ रुपए छीन लिये। एक ही रात में लालगंज घुइसरनाथ रोड पर छीनैती की दो वारदातों के घटित होने से लोगों में भय का माहौल देखा जा रहा है। सांगीपुर पुलिस का कहना है कि तहरीर में जिन घटनाओं का जिक्र किया गया है वह लालगंज थाना क्षेत्र में घटित हुई है। घुइसरनाथ धाम चैकी इंचार्ज राजेश शुक्ला का कहना है कि उन्होने मौके की जांच की और पीड़ितों को लालगंज थाने में तहरीर देने को कहा । इधर लालगंज प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि इस प्रकार की घटनाओं की अभी उन्हें कोई जानकारी नही है और न ही कोतवाली में पीड़ितों की ओर से कोई तहरीर दी गयी है। यदि इस संदर्भ में तहरीर मिली तो जांच कर कार्यवाई की जायेगी।

# जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल के कार्यकाल को बताया सराहनीय

**विदाई समारोह**

### विदाई समारोह पर डीएम ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति जताया आभार




**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल का क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में भव्य एवं भावभीनी विदाई की गयी। इस अवसर पर अफीम कोठी के सभागार में सभी अधिकारी सहित समस्त जिला स्तरीय उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जिलाधिकारी के कार्यकाल की भूरि-भूरि सराहना करते हुये कहा कि जनपद में जिलाधिकारी का कार्यकाल सदैव याद किया जाता रहेगा। निर्वाचन से लेकर अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर जिलाधिकारी ने जिस प्रशासनिक दक्षता का परिचय देते हुये आसन्न समस्याओं का समाधान किया जिसके कारण कोई भी समस्या जनपद के समक्ष उत्पन्न नही हुई यह उनके उत्कृष्ट कार्यकाल का प्रमाण रहा है कि सारे अधिकारियों ने एक उत्कृष्ट टीम भावना के साथ कार्य करते हुये अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन किया और जिलाधिकारी का हर स्तर पर सहयोग और मागदर्शन प्राप्त होता रहा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक कौशल की सराहना करते हुये कहा कि प्रदेश में एक कुशल प्रशासनिक अधिकारी के रूप में जिलाधिकारी की छवि प्रदेश में स्थापित हुई है। भावुक मुद्रा में जिलाधिकारी ने प्रतापगढ़ जनपद के अपने कार्यकाल के दौरान साथी अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति आभार जताया और आश्वासन भी दिया कि वे जहां भी रहेगें प्रतापगढ़ के अपने कार्यकाल को सदैव स्मरण करते रहेगें। इस विदाई के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, डीसी मनरेगा इन्द्रमणि त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, एल0बी0सी0 पंकज कुमार श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी कुण्डा, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी, अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ला सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं समाजसेवी ने जिलाधिकारी की मुक्त कण्ठ से सराहना करते हुये उनके गतिशील व्यक्तित्व के विभिन्न पहुलओं की खुले मन से सराहना की। कार्यक्रम का संचालन मो0 अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा ने किया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, वरिष्ठ कोषाधिकारी दीपक बाबू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त कलेक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारी, कैम्प कार्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।




### शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुई बच्चा बैंक की टीम

**प्रतापगढ़।** समर कैंप में धमाल मचाने के बाद बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी जरूरतमंद छात्रों की टीम को लेकर शैक्षणिक भ्रमण पर प्रयागराज रवाना हुआ। टीम को सीडीओ ( कोचिंग डिपो अधिकारी) दिनेश यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान प्रयागराज और संगम के इर्द गिर्द दार्शनिक और ऐतिहासिक स्थलों को नजदीक से देखने और उसके महत्व समझने का मौका बच्चों को मिलेगा। स्टेशन पर पहुंची टीम को रवाना करते हुए सीडीओ ने यादव ने कहा प्रयागराज में तीन नदियों के स्थान संगम, आनंद भवन, हाथी पार्क, शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क, भरद्वाज आश्रम का महत्व बतलाया। टीम में टीचर शनि, दामिनी, साहिल, नैंसी, तेजांसी, रागिनी, अंशू,शुभम, निखिल समेत कई छात्र शामिल थे।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में चली लाठिया, मुकदमा दर्ज



**विवाद**

### पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के कुंदनपुर गांव में शनिवाद की देर शाम दो पक्षों में जमीन के विवाद को लेकर कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्षों की तरफ से लाठी-डंडे चलने लगे। देर शाम कोतवाली पहुंचे दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। जमीन के विवाद को लेकर दोनो पक्षों में पिछले कई दिनों से पंचायत हो रही थी। कभी सुलह समझौता होता तो कभी बिगड़ जाता। शानिवार की देर शाम दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में दोनों पक्ष के लोग घायल हुए। घायलों को लेकर परिजन कोतवाली पहुंच गये। पुलिस को तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग करने लगे। मामले की जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने एक पक्षे राजकुमार शर्मा, शिव बहादुर पुत्रगण जयराम शर्मा, शुभम शर्मा, सुनीता शर्मा व दूसरे पक्ष से राजबहादुर, पवन, शिवम, सत्यम, सुनीता देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# ग्रामसभा की भूमि पर बनाया मकान, की गई शिकायत

**कौशाम्बी।** सदर तहसील के बक्सी का पूरा (पभोषा) गांव में एक दबंग ने सुरक्षित (हड़ावड़) भूमि पर दबंगई के बल पर मकान बनवा लिया है। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय की खिड़की बंद करते हुए स्कूल के रास्ते में चरही बनाकर मवेशी बांध रहा है। शिकायत तहसील प्रशासन से की गई पर कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज पूर्व ग्राम प्रधान ने शिकायत डीएम से की है। डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में पूर्व ग्राम प्रधान सुनीत कुमार तिवारी ने आरोप लगाया है कि पभोषा गांव के एक व्यक्ति ने दबंगई के दम पर ग्राम सभा की भूमि जो हड़ावड़ दर्ज है, उसपर मकान बनवा लिया है। इतना ही नहीं घर के बगल स्थित प्राथमिक विद्यालय की खिड़की भी जबरन बंद कर दी है। बच्चों के स्कूल जाने वाले रास्ते में मवेशियों लिए चरही बना दिया और मवेशी बांधने लगा। ग्रामीणों ने जब इसका विरोध किया तो गाली गलौज की। नाराज ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पश्चिम शरीरा थाना व तहसील प्रशासन से कई बार की लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। पूर्व प्रधान समेत कई ग्रामीणों ने मामले शिकायत डीएम सुजीत कुमार से की है। डीएम ने मामले की जांच कराकर भूमि खाली कराने का भरोसा दिया है।

### मामुली विवाद में किशोरी को मारा खुरपा

**कौशाम्बी।** सैरया गांव की कमला देवी पत्नी मूलचंद्र ने बताया कि उसकी बेटी विनीता घास काटने खेत में गई थी। इसी दौरान खेत में मौजूद पड़ोसी की बेटी से विवाद हो गया। आरोप है कि तीखी झड़प के बाद आरोपित ने विनीता के सिर पर खुरपे से प्रहार कर दिया। जख्मी किशोरी से खून से लथपथ होकर घर पहुंची और आपबीती परिजनों को बताई। पीड़िता की मां ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घायल किशोरी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# डंपर की चपेट में आया पिकअप चालक, गंभीर

**दुर्घटना**

### कड़ाधाम के भटपुरवा बाजार के समीप हुई घटना



**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के भटपुरवा बाजार में उस वक्त हड़कम्प मच गया जब डंपर चालक की पिकअप चालक ने पिटाई कर दी। भुन्नाए डंपर चालक ने पिकअप चालक को डंपर से कुचल दिया। जिसमे पिकअप चालक का दाहिना पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार चित्रकूट जनपद के सरधुवा थाना क्षेत्र के नरहा निवासी कुलदीप पुत्र जौहरी अपने सहयोगी अलख कुमार पुत्र प्रेमचन्द्र के साथ अपनी पिकअप में भूसा लादकर प्रतापगढ़ गया था। बताते हैं कि भूसा उतारकर दोनों वापस लौट रहे थे तभी लेहदरी गांव के समीप पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार डम्फर ने पिकअप में टक्कर मार दिया। घटना के बाद डंपर चालक मुलायम पुत्र छेदीलाल निवासी अहिरन का पुरवा थाना मानिकपुर प्रतापगढ़ मौके से डंपर लेकर निकल गया, वहीं हादसे से भुन्नाए पिकअप चालक ने डंपर चालक को भटपुरवा बाजार के पास रोक कर डंपर चालक की पिटाई कर दी। अपने को पिटता देख डंपर चालक ने गाड़ी जैसे ही आगे बढ़ाई कुलदीप चपेट में आ गया और उसका दाहिना पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गयी। सूचना पर पहुंची कड़ाधाम पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं कड़ाधाम पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के वाइस चेयरमैन नजमुल हसन

**कौशाम्बी।** कांग्रेस पार्टी के जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का विस्तार किया गया है। इसमें नजमुल हसन रिजवी को अल्पसंख्य प्रकोष्ठ का वाइस चेयरमैन मनाया गया है। यह निर्णय जिला चेयरमैन तमजीद अहमद ने प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष अरुण विधार्थी से विचार-विमर्श के बाद लिया है। जिला चेयरमैन तमजीद अहमद ने बताया कि नजमुल हसन रिजवी को जिला वाइस चेयरमैन, राशिद अब्बासी एवं नवाब ईशा को महामंत्री, मो. मोनिश को जिला सचिव व अब्दुल वसीम तुर्क को मूरतगंज ब्लॉक का अध्यक्ष बनाया गया। जिला चेयरमैन तमजीद अहमद और जिला अध्यक्ष अरुण विधार्थी ने सभी नए पदाधिकारियों को बधाई दी। नए पदाधिकारियों की घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की है।

# ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरांवा गांव के सामने शनिवार रात शौच को गए किशोर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद परिजन बदहवास हालत में रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सैयद सरांवा गांव निवासी सिद्दीक अहमद सब्जी का व्यापार करते हैं। शनिवार रात उनका 15 वर्षीय बेटा मो.कैफ रेलवे लाइन की तरफ शौच के लिए गया था। इसी दौरान रेलवे लाइन पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की टक्कर लगते ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के बाद परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची सैयद सरांवा चैकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। इस सम्बंध में चैकी प्रभारी अयोध्या प्रसाद का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### किशोर लापता, अनहोनी की आशंका

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी क्षेत्र के भैरावां निवासी मूलचंद्र ने बताया कि उसका नाती सूरज कुमार (15) बिना बताए घर से कहीं चला गया। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। पीड़ित ने थाने में मामले की तहरीर दी। पीड़ित की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से महिला जख्मी

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के पनारा गोपालपुर गांव की फूलेश्वरी देवी पत्नी सुखलाल मोहल्ले के लोगों के साथ देवी मंदिर असमदापुर निशान चढ़ाने गई थी। सड़क पार करते समय पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। देर शाम पुलिस ने पीड़ित के बेटे कैलाश की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गंदगी से होकर मां शीतला के मंदिर पहुंच रहे है भक्त

**परेशानी**

### लेट कर परिक्रमा करने वाले भक्तों होती है भारी दिक्कत



सड़क पर भरे गंदे पानी से होकर परिक्रमा करता भक्त।

**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ा के कुबरी गंगा तट के समीप स्थित मां शीतला के मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग में पिछले छह माह से जलभराव स्थिति बनी रहती है। ऐसे में सबसे ज्यादा दिक्कत लेट कर परिक्रमा करने वाले भक्तों को उठानी पड़ती है। हालांकि इस बात की जानकारी स्थानीय प्रशासन को बाखूबी होने के बाद भी समस्या का निदान न होना कहीं न कहीं बड़ी लापरवाही की ओर इशारा करती है। बता दें कि 51 शक्तिपीठों में से एक मां शीतला का मंदिर कौशांबी के कड़ा धाम में स्थित है। यहां प्रतिदिन दूरदराज से हजारों की संख्या में भक्तों पहुंचते हैं और मां शीतला का दर्शन पूजन कर उनसे आशीर्वाद लेते हैं। इलाकाई लोगों के साथ दर्शन पूजन को आने वाले भक्तों का आरोप है कि पिछले छह महीने से मंदिर जाने के मुख्य मार्ग में सड़क किनारे नाली का निर्माण नहीं होने से कई जगह जलभराव रहता है, जिसकी वजह से श्रद्धालुओं को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासी विनय पांडे ने बताया कि पिछले छह महीने से श्रद्धालु इसी गंदगी से होकर मंदिर पहुंच रहे हैं और मां का दर्शन पूजन कर रहे हैं। भले ही आए दिन यहां वीआईपी मंत्री विधायक दर्शन पूजन करने के लिए पहुंच रहे हैं किंतु अभी तक किसी भी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। समस्या के बाबत एसडीएम सिराथू ने कहा कि मां शीतला मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग में जलभराव और गंदगी की जानकारी नहीं है लेकिन यदि ऐसा है तो तत्काल समस्या का निदान होगा।

### मवेशी लदे ट्रक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** कोखराज थाने की पुलिस ने शनिवार की रात सकढ़ा गांव के समीप से मवेशी लदे एक ट्रक को पकड़ा। पुलिस ने तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। ट्रक में 18 मवेशी थे। तस्कर मवेशियों को वध के लिए उन्नाव ले जा रहा था। पुलिस ने बरामद मवेशियों को स्थानीय लोगों को सुपुर्द कर तस्कर को जेल भेज दिया है। कौशाम्बी के रास्ते उन्नाव जा रहे मवेशी से भरे ट्रक को कोखराज पुलिस ने शनिवार की रात सकाढ़ा गांव के समीप पकड़ लिया। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो उसमें 17 भैंस व एक पड़वा बरामद किया। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया तस्कर पुरानी बाजार भरवारी का जाहिद हुसैन है।

### किलो गांजा के साथ दो युवक धराए

**कौशाम्बी।** चरवा पुलिस ने मनौरी बाजार के समीप संदिग्ध दशा में खड़े युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने युवक के कब्जे से 350 ग्राम गांजा बरामद किया। पकड़ा गया युवक चिल्लाशहबाजी गांव का सोनू दिवाकर है। इसी तरह सरायअकिल पुलिस ने कस्बे के समीप से बाइक सवार मोहम्मद इशाक निवासी नारा मंझनपुर को पकड़ा। उसके पास से 1100 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपित युवक को जेल भेज दिया है।

### 10 लीटर शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाने की पुलिस ने गश्त के दौरान अंधावा नहर के समीप संदिग्ध दशा में खड़े युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपित युवक के कब्जे से दस लीटर महुआ की शराब बरामद की है। पकड़ा गया युवक पूरबसरावां निवासी कल्लू है। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपित को जेल भेज दिया है।

### किशोरी को लेकर फरार हुआ युवक

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को पड़ोसी गांव का युवक भगा ले गया। किशोरी के अचानक घर से लापता होने के बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो घटना की जानकारी हुई। तलाश करने के बाद देर शाम पीड़िता की मां थाने पहुंची और मामले की नामजद शिकायत की। पीड़िता के मां की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख व भाई पर धमकाने का केस दर्ज

**कौशाम्बी।** युवक को जानलेवा धमकी देने के आरोप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख मूरतगंज पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपित पूर्व प्रमुख व उसके भाई के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोखराज थाना क्षेत्र के लोहरा निवासी मासूक अहमद ने बताया कि वह बाइक से मूरतगंज बाजार रहा था। आरोप है कि इसी दौरान इमामगंज तिराहे के समीप पहले से खड़े पूर्व ब्लॉक प्रमुख सऊद व उसके भाई फैज ने रोक लिया। इसके बाद कहा कि तुम्हारे वजह से मुंबई के एक मामले में मुझे जेल तक जाना पड़ा। तुमने मुखबिरी कर जेल भेजवाया था। मुकदमाबाजी में मेरा करीब पांच लाख रुपये खर्च हुआ। यह रकम तुम्हे ही चुकता करनी होगी। यदि रकम नहीं मिली तो जान से मार देंगे। उसने रकम देने से इनकार किया तो आरोपित मारपीट करने लगे। किसी तरह वह जान बचाकर घर पहुंचा और घटना की जानकारी परिजनों को दी। देर शाम थाने पहुंच पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पूर्व प्रमुख मूरतगंज सऊद व उसके भाई फैज के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**कौशाम्बी।** कोतवाली के कैनी गांव में ब्याही युवती को ससुरालवालों ने पिटाई करते हुए घर से निकाल दिया। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल के लोग मायके से एक लाख रुपये लाने की जिद कर प्रताड़ित कर रहे थे। मंझनपुर पहुंच पीड़िता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की। एएसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पइंसा गांव की सोमवती की शादी दो साल पहले कैनी गांव में रोहित के साथ हुई थी। विवाहिता ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल के लोग मायके से एक लाख रुपये लाने की जिद कर प्रताड़ित करने लगे। महीने भर पहले ससुरालवालों ने मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को पीटते हुए घर से निकाल दिया। मायके पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई। ससुराल वाले बिना मांग पूरी हुए युवती को साथ ले जाने के लिए राजी नहीं हुए। पिता के साथ मंझनपुर पहुंची पीड़िता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से किया। एएसपी ने महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी को प्रकरण की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

### फोन पर मिली धमकी, केस दर्ज

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के दीवर निवासी यार मोहम्मद ने बताया कि उसके व बेटी के मोबाइल पर पखवाड़ा भर से अनजान व्यक्ति नंबर बदलकर आए दिन जान से मारने की धमकी दे रहा है। दो दिन पहले आरोपित ने फोन कर धमकी दी कि उसके बेटे का अपहरण कर लिया जाएगा। अनहोनी की आशंका से भयभीत यार मोहम्मद थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तीन वाहनों से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब संग तीन तस्कर गिरफ्तार

**सफलता**

### पंजाब से तीन ट्रकों में लोड कर बिहार ले जायी जा रही थी शराब की खेप



मामले का खुलासा करते एसपी डॉ यशवीर सिंह

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ/शराब तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी दुद्धी दद्दन प्रसाद के निर्देशन में एसओजी/सर्विलांस टीम तथा थाना बभनी थाना चोपन पुलिस की सयुंक्त टीम गठित की गयी। इस टीम द्वारा अथक लगन व परिश्रम से आसूचना संजाल तैयार किया गया।

बीते शनिवार को रात्रि लगभग 10.20 बजे थाना बभनी व एसओजी/सर्विलांस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि तस्कर दो वाहन से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब की एक बड़ी खेप पंजाब से लेकर म्योरपुर की तरफ से इधर बहुत तेज गति से आ रहे हैं।इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना बभनी व एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा नधिरा मोड़ के पास वाराणसी-अम्बिकापुर मुख्य मार्ग पर दो अदद वाहन क्रमशः ढइ-03-अठ-0666 में कुल 578 पेटियों में 5202 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब तथा वाहन संख्या लफ-45-उ-1105 से 627 पेटियों में 5643 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब (कुल 1205 पेटी में कुल 10845 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब की बरामदगी कर मय चालक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।पकड़े गए तस्करों ने अपना नाम रघुवीर सिंह पुत्र करतार सिंह, निवासी लालबाई थाना लम्बी मुक्तसर साहब जनपद भटिण्डा पंजाब व बलराम पुत्र अजमेर सिंह निवासी करनाल कोट मुहल्ला थाना सिटी जनपद करनाल हरियाणा बताया।पकड़े गए तस्करों ने पूछताछ के दौरान बताया कि हम लोग दिल्ली से उक्त माल को लोड किये थे एवं बाबा पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात एवं सोनू पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात के द्वारा फोन करके माल को झारखण्ड ले जाने के लिए बताया था एवं उनके द्वारा ही निर्देशित करने पर हम लोग ट्रकों को झारखण्ड ले जा रहे थे।वहां पहुचने पर कुछ लोग आयेगें जिन्हे गाड़ी दे देना, वह माल खाली करके ट्रक को 4-5 घण्टे में वापस दे देंगे।

हम लोग रास्ता भटककर इधर आ गये हैं कि आप लोगों द्वारा हमें पकड़ लिया गया।गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बभनी पर धारा 60/63/ आबकारी अधिनियम व धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान कर दिया गया।उधर रविवार को थाना चोपन व एसओजी/सर्विलांस टीम को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि तस्कर एक वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब की एक बड़ी खेप पंजाब से लेकर रांची जा रहे हैं।इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गठित टीम द्वारा मारकुण्डी घाटी मामा होटल के पास वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर 01 अदद वाहन लफ-55- -7188 से 650 पेटियों में 5850 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब मय चालक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम विवेक मेहता पुत्र मोहन लाल निवासी गांव कलाहर, थाना ठियोग, तहसील ठियोग जिला शिमला कीयर हिमांचल प्रदेश बताया।पकड़े गए तस्कर ने पूछताछ के दौरान बताया कि विक्रान्त शर्मा पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात द्वारा पंजाब अमौर से शराब लोडकर मुझे गाड़ी मिली थी जिसे मुझे झारखण्ड ले जाने के लिए बताया था एवं उसके द्वारा ही निर्देशित करने पर मै ट्रक को झारखण्ड ले जा रहा था तथा मुझे बताया गया था कि वहां पहुचने पर कुछ लोग आयेगें जिन्हे गाड़ी दे देना, वह माल खाली करके ट्रक को 4-5 घण्टे में वापस दे देंगे।गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चोपन पुलिस ने तस्कर के विरुद्ध 60/63 आबकारी अधिनियम व धारा 419, 420 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।वही पुलिस फरार अभियुक्त बाबा पुत्र अज्ञात, सोनू पुत्र अज्ञात, व विक्रान्त शर्मा पुत्र अज्ञात की तलाश में जुट गई है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में बभनी थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह, चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह, सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह, एसओजी प्रभारी निरीक्षक शेषनाथ पाल, उप निरीक्षक रामसिंहासन शर्मा, चौकी प्रभारी गुरमा मनीष द्विवेदी, हे0का0 अतुल सिंह, हे0का0 शशि प्रताप सिंह, हे0का0 अमर सिंह, का0 रितेश पटेल, का0 प्रेम प्रकाश चौरसिया, का0 अजीत यादव, हे0का0 सौरभ राय, हे0का0 प्रकाश सिंह, का0 अमित कुमार सिंह, हे0का0 भरत यादव, हे0का0 भैया लाल यादव, हे0का0 अक्षय कुमार, का0 मंजीत सरोज, का0 रितेश गोड़, का0 सत्यम सरोज शामिल रहे।

## पारिवारिक कलह से परेशान मजदूर ने की खुदकुशी

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अरझट गांव में पारिवारिक उलझन में 50 वर्षीय व्यक्ति ने गमछे से परास के पेड़ में रविवार की सुबह फांसी लगा कर जान दे दी। मृतक मजदूरी का काम करता था।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बभनी थाना क्षेत्र के अरझट गांव निवासी 50 वर्षीय भगवती प्रसाद पुत्र लालचन्द ने रविवार की सुबह नौ बजे गमछे के सहारे परास के पेड़ से लटककर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। घर से तीन सौ मीटर दूर पत्नी कुसुम ने देखा तो परास के पेड़ से छटपटा रहा था।पत्नी का शोर सुन परिजन दौड़ते पहुंचे और फन्दे को काट दिया। जब तक परिजन अस्पताल लेकर जाने की तैयारी करते भगवती ने दम तोड दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेज दिया।

## संक्षेप

### भुक्तभोगी ने बताया पैसा हुआ चोरी, पुलिस ने किया इंकार

**डाला।** स्थानीय चोपन क्षेत्र के परासपानी पाल ढाबा के सामने रविवार की दोपहर बाईक सवार दो युवको द्वारा एक घर से शर्ट में रखा दस हजार रुपए चोरी करके फरार हो गए।चोरी की सूचना मिलते ही चोपन पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।भुक्तभोगी सुशील कुमार प्रजापति पुत्र कुंज लाल प्रजापति निवासी परासपानी ने बताया कि दोपहर दो युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर आए और मेरे पिता को धान का बीज लेने के लिए सैंपल दिखाने लगे, उसके बाद मेरे पिता द्वारा धान लेने से मना कर दिया गया तो प्यास लगने का बहाना बता कर पीने का पानी मांगा, पानी देकर बाजार से खरीददारी करने के लिए शर्ट की जेब में रखा पैसा सहित शर्ट को उतार कर वही रख दिया और बाहर ही नहाने लगे, तब तक वो दोनो युवक वहां से चले गए तो स्नान करके वापस लौटा तो शर्ट मे रखा दस हजार रुपये गायब था।रुपये गायब होने की जानकारी पिता द्वारा मुझे मिली तो मोटरसाइकिल सवार को खोजने के लिए निकला तो घर से लगभग दो किमी दूर तिलवारगड़ई के जंगल मे वही मोटरसाइकिल खडी मिली जिससे दोनो चोर घर आए थे।मोटरसाइकिल मिलते ही घटना क्रम की जानकारी पीआरवी व चोपन पुलिस को दी।इस सन्दर्भ में चोपन थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि दोनो पक्षों का आपस में लेन देन का विवाद है, पैसा चोरी होने का का कोई मामला नही है, इस तरह की घटना को लेकर अभी तक कोई तहरीर भी नही मिली है।

### ट्रक से कुचलकर बाइक सवार की मौत

**सोनभद्र।** लोढ़ी चौकी अंतर्गत लोढ़ी हॉस्पिटल के पास रविवार शाम लगभग 4 बजे ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी।प्राप्त जानकारी के अनुसार महेंद्र प्रताप सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी जौनपुर किसी काम से ओबरा आये थे।वापस लौटते समय जैसे ही वह जिला अस्पताल के सामने पहुंचे की बाइक अनियंत्रित हो गयी जिससे वह गिर गये, तभी पीछे से आ रही हाइवा ट्रक ने उन्हें रौंद दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी।मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के पश्चात पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवा दिया

### यात्री शेड का विधायक ने किया शिलान्यास

**म्योरपुर।** स्थानीय कस्बे के लिलासी मोड़ पर हनुमान मंदिर के पास दुद्धी विधायक ने रविवार यात्री शेड का शिलान्यास किया। वक्ताओं ने यात्री सेड बन जाने से लोगों को काफी सहूलियत होने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान म्योरपुर संगीता जायसवाल, गणेश जायसवाल, चमन गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मोहरलाल खरवार, ओम अग्रहरी, जितेंद अग्रहरी, अवर अभियंता सुमित सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### आरंगपानी व बरवाटोला के जंगलों में की काम्बिंग

**म्योरपुर।** थाना क्षेत्र के आरंगपानी तथा बरवाटोला के जंगलों में प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत ने हमराही व पीएसी बल के साथ सघन कांबिंग किया।इस दौरान उन्होंने ने संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं की चेकिंग करते हुए जंगल के आसपास निवास करने वाले आम जन मानस को निर्भीक होकर निवास करने के लिए आश्वस्त किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवान मौजूद रहे।

### बाइक बोलेरो की भिड़ंत में एक गंभीर

**सोनभद्र।** सुकृत पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मधुपुर नहर के पास वाराणसी की तरफ से आ रहे बाइक सवार करुणापति त्रिपाठी उम्र 55 वर्ष निवासी सुकृत को नौगढ़ की तरफ से आ रही तेज रफ़्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी।हादसे में उक्त बाइक सवार में बुरी तरह घायल हो गया।स्थानीय लोग व पुलिस बल की सहायता से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन चोट की गम्भीरता को देखते हुए तुरन्त ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया।स्थानीय लोगो का कहना है कि यदि बाइक सवार हेलमेट पहने होते तो इतनी गम्भीर चोट नही आती।

### सड़क हादसे में लेखपाल घायल

**घोरावल।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के शिवद्वार में शनिवार की शाम इंडियन बैंक के पास सड़क पर गिरे मोबिल पर बाइक फिसल गई।जिससे बाइक पर पीछे सवार लेखपाल विजय शंकर शुक्ला (55) गंभीर रूप से घायल हो गए।बाइक चला रहे शिवनारायण मामूली रूप से घायल हुए।घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोरावल ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद लेखपाल विजय शंकर शुक्ला को बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया।उनका एक पैर फैक्चर बताया गया और शरीर के कई हिस्सों में चोट आई है।बताया गया कि विजय शंकर शुक्ला सरकारी कार्य के लिए हल्का क्षेत्र बर्दिया गए थे।जहां से शाम के वक्त घोरावल वापस लौट रहे।

# जनसमस्याओं को लेकर भाकपा की बैठक संपन्न

**चोपन।** चोपन विकास खण्ड के खरहरा गांव के पालीडाड़ के प्राथमिक विद्यालय में रविवार को ग्रामीणों और जनसमस्याओं को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कामरेड अशोक कुमार कन्नौजिया (एडवोकेट) व लाल जी गोंड के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।जहां सैकड़ों की संख्या में उपस्थित क्षेत्र की ग्रामीण जनता ने रोजी-रोटी, रोजगार और सरकारी सुविधाओं के अभाव को लेकर अपना आक्रोश व्यक्त किया और आरोप लगाया कि शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास से पिछड़े इस क्षेत्र में वन विभाग और पुलिस विभाग द्वारा ग्रामीणों का लगातार शोषण और उत्पीड़न किया जाता है।

इस क्षेत्र में विकास के नाम पर परिवहन शून्य है। ग्रामीणों ने मुख्यालय राबर्ट्सगंज से यूपी के अंतिम छोर तक सरकारी बस चलवाने की मांग की है। भाकपा की इस बैठक में ग्रामीणों द्वारा रोजगार का सवाल काफी मजबूती से उठाया गया और खनन क्षेत्र में खुलेआम जेसीबी, पोकलेन और नाव जैसी मशीनों के उपयोग पर नाराजगी जताई और शासन प्रशासन और खनन ठेकेदारों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त किया। भाकपा ने इस सवाल पर जल्द ही बड़े पैमाने पर आंदोलन करने की बात कही। इस दौरान निगरानी समिति के तारकेश्वर गुप्ता ने अपने तमाम साथियों के साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया और खनन मजदूरों के रोजगार के लिए आंदोलन की बात कही। इस दौरान पार्टी के जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा, देव कुमार विश्वकर्मा, प्रेम चंद्र गुप्ता, दिनेश्वर बर्मा, विरेन्द्र सिंह गोंड, नागेन्द्र मौर्या, भरत पटेल, जगरनाथ, सुमन बैगा, शितवंती देवी, राम सूरत, राम बहाल, शिव नारायण गुप्ता, कामरेड राम नाथ गोंड सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन नौजवान सभा के नेता दिनेश्वर बर्मा ने किया।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**रेणुकूट।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के विश्वकर्मा नगर में रविवार की शाम लगभग 4 बजे एक युवक ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।चौकी पुलिस के अनुसार विश्वकर्मा नगर निवासी मिथिलेश जायसवाल उम्र 34 वर्ष पुत्र प्रभुनारायण जायसवाल ने घर में ही अज्ञात परिस्थितियों में फांसी लगा ली।पड़ोसियों के अनुसार मृत युवक बीते 1 सप्ताह से काफी गुमसुम रहता था। युवक के पिता की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान थी जिसमें वह लोगों को राशन वितरण का कार्य करता था। राशन वितरण के लिए बने एक कमरे में उसने रविवार की शाम लगभग 4 बजे फांसी लगाकर जान दे दी।शाम लगभग 4 बजे जब युवक को खोजा जाने लगा तो वह एक कमरे में छत पर पंखे के लिए बने हुक में रस्सी के सहारे झूल रहा था।आनन-फानन में युवक को हिंडाल्को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# चेयरमैन ने इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का किया उद्घाटन



मौके पर भूमि पूजन करते नपं अध्यक्ष

**दुद्धी।** कस्बे के वार्ड नंबर 5 में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन ने शनिवार को विधिवत भूमि पूजन के साथ किया।नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन ने कहा कि नगर की हर छोटी-बड़ी गलियो, मोहल्लों में इंटरलॉकिंग सड़के और पक्की सड़कों का जाल बिछाकर नगर वासियों के लिए सुगम रास्ता बनाया जाएगा जिससे नगर वासियों को आने जाने में किसी प्रकार की असुविधा और परेशानी न हो सके।

उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पथ प्रकाश की मेन रोड से लेकर गलियों और मोहल्लों में लाइट लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं जिससे लोगों को रोशनी मिल सके और आने जाने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो सके।उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे नगर में बेहतर कार्य किए जाएंगे।आम जनमानस को हर तरह की सुविधा मिल सके।नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी भारत सिंह ने बताया कि कस्बे के वार्ड संख्या पांच सलीम के घर से गुलाब के घर तक इंटर लॉकिंग सड़क डूडा के माध्यम से बनाए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इंटरलॉकिंग निर्माण पर 8 लाख 86 हजार लगभग अनुमानित लागत बताई गई है।उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में उस गली में रहने वाले नगर वासियों को आने-जाने में दिक्कत होती थी।बरसात होने के समय कीचड़ हो जाया करता था, उससे नगर वासियों के निजात के लिए डूडा के माध्यम से इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।इस मौके पर डूडा के अधिकारी, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी भारत सिंह, कौशल जौहरी के अलावा कई अन्य वार्ड वासी मौजूद रहे।

# कौशल शर्मा बने व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष



बैठक में शामिल व्यापारी

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज नगर के व्यापारियों की एक बैठक रविवार को एक आवास पर आहूत की गई।बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष एवं आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने राबर्ट्सगंज निवासी कौशल शर्मा को सोनभद्र का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। सभा को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि जिस विश्वास से प्रदेश अध्यक्ष ने मनोनयन किया है उनके पैमाने पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। संगठन में पूरी लगन और मेहनत से कार्य करेंगे। किसी भी व्यापारी के अधिकारों का हनन नहीं होने देंगे एवं किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी व्यापार एवं व्यापारियों के हित के लिए सदैव तत्पर रहेगी।व्यापारी ही समाज और देश को आर्थिक प्रगति के मार्ग पर ले जाते हैं। व्यापारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। सरकार भी व्यापारी हितों की रक्षा के लिए संकल्पित है एवं योजनाओं का लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि व्यवसाय के सामाजिक उत्तरदायित्व का अर्थ उन नीतियों का अनुसरण करना अथवा उन कार्यों को करना है जो समाज के लक्ष्य एवं मूल्यों की दृष्टि से वांछनीय है।वास्तविक अर्थ में सामाजिक दायित्वों के अंगीकरण से तात्पर्य है कि समाज की आकांक्षाओं को समझना एवं मान्यता देना साथ में अपने लाभ कमाने के हित को भी ध्यान में रखना।उन्होंने संगठन को सुदृढ़ बनाने हेतु व्यापारियों से व्यापक विचार विमर्श किया और अंत में प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन के मूल्यों एवं नीतियों का अक्षरशः पालन किया जाएगा।बैठक में मुख्य रूप से चंदन केसरी, प्रितपाल सिंह, रवि जायसवाल, जसकीरत सिंह, प्रशांत जैन, शरद , राजेश, पंकज कनोडिया, टीपू,अली, सूर्या जायसवाल, दीप सिंह पटेल, विनोद जायसवाल, रमेश सिंह, सिद्धार्थ सांवरिया, अमित केसरी, कृष्णा सोनी, शरद जायसवाल, यशपाल सिंह, सुनील कुमार, सरोज, चंद्र प्रकाश जायसवाल, संजय सिंह, सुनील सोनी, प्रतिक केसरी, अजय बहादुर सिंह, अमित वर्मा, शिवम केसरी, शरन जायसवाल, अमित केसरी, करण पाल सिंह, संजय सिंह, राजेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# सर्पदंश से दो सगी बहनों की मौत

**दुखद**

### एक बेटी की अभी तीन महीने पूर्व ही हुई थी मौत



अस्पताल पर लगी भीड़

**ओबरा।** स्थानीय कोतवाली अन्तर्ग बैरपुर ग्राम पंचायत के सागरदह टोला में बीती रात लगभग तीन बजे सर्पदंश से दो सगी बहनों की मौत हो गई।चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने पर चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सागरदह निवासी संजय कुमार का पूरा परिवार रात्रि में खाना खाने के बाद सो गया। लेकिन संजय घर पर नही था। रविवार की भोर में लगभग तीन बजे उसकी दो बेटियां 3 वर्षीय रीता और 6 वर्षीय सीता चारपाई पर सो रही थी।

उसी दौरान विषैले सर्प ने दोनों को डस लिया। इस पर दोनों लडकिया रात में रोने लगी। रोने की आवाज सुनकर उनकी मां भी जग गयी। लड़कियों ने मां को बताया कि उन्हें कुछ काट लिया है। तब परिवार वालों ने इधर उधर देखा तो पाया कि सर्प उनके कमरे से बाहर निकल रहा है। इस बीच दोनों की हालत बिगड़ने लगी। फिर घबराई मां ने अपने पति संजय को सूचना दी। आनन फानन में मौके पर पहुचे संजय ने अपने निजी साधन से गांव में झोलाछाप डॉक्टरों के यहां इलाज कराने लगे। हालत बिगड़ती देख परिजन रविवार की सुबह लगभग साढ़े छह बजे दोनो बहनों को लेकर चोपन सीएचसी पहुँचे। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार वाले अस्पताल में ही चीखने बिलखने लगे। संजय ने बताया कि उसकी एक बिटिया की अभी तीन महीने पूर्व ही मौत हो चुकी है। उनको चार बेटी और एक बेटा था।उधर मौत की सूचना पाकर मौके पर पहुची ओबरा पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

# ओडिशा ट्रेन हादसे में मृत लोगों को दी श्रृद्धांजलि



चाचा नेहरू पार्क में कैंडिल जलाती महिलाएं

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज नगर के चाचा नेहरू पार्क में रविवार को भाजपा नेता प्रिया सोनकर के नेतृत्व में महिलाओं ने ओडिशा के बालासोर में ट्रेन हादसे में मृत लोगों को श्रृद्धांजलि दी।मृत आत्मा की शांति के लिये कैंडिल जलाकर दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना प्रकट की।शोक सभा के बाद भाजपा नेत्री प्रिया सोनकर ने कहा कि इस भीषण हादसे से पूरा देश मर्माहत है।हादसे में देश की सबसे बड़ी आपदा प्रबन्धन संस्था एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ को लगाया गया है, जो अपने जी जान से हादसे में घायल यात्रियों को बचाने के प्रयास में लगे हुए है। मनीषा सोनकर ने कहा कि शोक संतप्त परिवार के साथ पुरा देश खड़ा है।इस मौके पर लबली जालान, नीरज यादव, मनसा देवी, बर्खा सोनकर, बिंदु देवी, रूपा देवी, सोनम सोनकर, निशु सोनकर, आदि मौजूद रही।

### विधायक ने ट्रेन हादसे में मृतक लोगों को दी श्रृद्धांजलि

**सोनभद्र।** सदर विधायक भूपेश चौबे ने रविवार को अपने विधान सभा क्षेत्र कार्यालय पर बालासोर ट्रेन दुर्घटना में मृत लोगों के प्रति दो मिनट का शोक संवेदना व्यक्त किया।विधायक ने कहा कि बालासोर की घटना अत्यंत दुःखद, हृदय विदारक एवं पीड़ादायक बताया है।उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ है।सदर विधायक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी इस पूरे घटना क्रम को लेकर संवेदनशील है और स्वयं घटना स्थल पर जाकर इस हादसे की समीक्षा कर रहे है।

### एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध एवं अपराधियों, वांछित, फरार अभियुक्तों, वारण्टियों अभियुक्तों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में 4 जून 2023 को उ0 नि0 अखिलेश नारायण सिंह मय फोर्स द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वाहन, तलाश वांछित अभियुक्त, वारण्टी एवं दबिश में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मा0 न्यायालय बिशेष न्यायाधीश एससी–एसटी एक्ट बलिया से जारी एनबीडब्ल्यू व 82 सीआरपीसी के अनुपालन में वारण्टी अभियुक्त गोपाल गुप्ता पुत्र छट्टू गुप्ता निवासी बहादुरपुर कारी थाना गड़वार जनपद बलिया के घर पर दबिश दी गयी, वारण्टी अपने घर पर मौजूद मिला, जिसे उसके घर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। वारण्टी, अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय से जारी गैर जमानतीय वारण्ट के अनुपालन में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0 नि0 अखिलेश नारायण सिंह थाना गड़वार, का0 हर्ष यादव थाना गड़वार जनपद बलिया शामिल रहे।

# सांसद निधि से नगर में बनेंगे चार अत्याधुनिक पार्क



**बलिया।** लोकसभा बलिया के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की निधि से नगर के बच्चों को खेलने-कूदने के लिए शहर में चार अत्याधुनिक पार्क का निर्माण कराया जाएगा। यह पार्क सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे, जिसमें बड़े बुजुर्ग भी सुबह-शाम टहल सकेंगे। इसके लिए रविवार को सांसद के पुत्र विपुलेंद्र सिंह व नगर पालिका के चेयरमैन संत कुमार गुप्ता मिठाई लाल, अधिशासी अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह व अन्य अधिकारी आदि ने नगर के कई स्थानों का निरीक्षण कर इसका जायजा लिया। इसमें नगर के चंद्रशेखर नगर व आवास विकास कालोनी में पार्क के लिए जगह का चिंहांकन कर लिया गया है। इसके अलावा रामलीला मैदान व लक्ष्मी राज देवी इंटर कालेज के मैदान में पार्क बनाने के लिए सहमति बनाई जा रही है।

बड़ी बात है कि पार्क बनाने के लिए सांसद निधि से पहली किश्त के तौर पर सवा करोड़ रुपये जारी भी कर दिए गए हैं। ऐसे में सब कुछ ठीक रहा तो नगर में आधुनकि सुविधाओं से लैस पार्क जल्द लोगों के लिए तैयार भी हो जाएंगे। इन पार्कों में बच्चों के खेलने-कूदने के सामान लगाने के साथ ही ओपेन जिम भी बनाया जाएगा। चेयरमैन संत कुमार गुप्ता ने कहा कि शहर के चंद्रशेखर नगर में पूर्व मंत्री नारद राय के आवास के ठीक सामने बने पार्क पर तत्काल कार्य शुरू होगा। इसके अलावा आवास विकास कालोनी में भी पार्क बनाने के काम भी जल्द शुरू होगा। इसमें रामलीला मैदान व एलडी कालेज मैदान में पार्क बनाने के लिए जमीन आदि लेने की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा पार्कों में पाथ-वे आदि बनाने का भी काम किया जाएगा। कहा कि शहर को सुंदर व विकसित बनाने के लिए किसी भी तरह का कोरकसर नहीं छोड़ा जाएगा। इसमें सबका सहयोग लेकर जो भी विकास संबंधी कार्य होगा उसे प्राथमिकता पर किया जाएगा।

### पार्टीगत हो सकता है मतभेद पर विकास में नहीं

**बलिया।** नगर पालिका के चेयरमैन संत कुमार गुप्ता मिठाई लाल ने चंद्रशेखर नगर में पार्क बनाने के लिए निरीक्षण के दौरान पूर्व मंत्री नारद राय को भी साथ में लेकर आवश्यक सुझाव लिए। चैयरमैन ने कहा कि चुनाव व राजनीति में आपसी विरोध हो सकता है, लेकिन विकास में किसी भी तरह का कोई मतभेद नहीं है। विकास में पार्टी व दलगत मतभेदों के उपर उठकर नगर का विकास किया जाएगा।

## मृत्यु के तांडव के बीच जो बच गया



बांग्ला कविता की एक रक्तरंजित कापी बालासोर (ओडिशा) ट्रेन दुर्घटना में रेल पटरी पर पड़ी मिली। यह किसकी लिखी कविता है। लिखने वाला/वाली जीवित भी या नहीं ! कुछ भी मालूम नहीं। कविता की कॉपी में दो कविताएं हाथ से लिखी हुई मिलीं, जिसका हिंदी अनुवाद है :

हल्के-से, मेघ से/ होती है हल्की-सी वृष्टि
छोटी-छोटी कहानियों से/ होती है प्रेम की सृष्टि
*****
हो तुम मन के भीतर/ रहो तुम सांझ-सवेरे
कैसे भूल सकता है मेरा मन/ तुम हो जो मेरा जीवन !

**प्रस्तुति : जयनारायण प्रसाद**

---

**पर्यावरण दिवस पर**

# क्या हैं जंगल के उपकार

**चित्रा माली**



प्रकृति किसी के साथ भेदभाव नहीं करती वह सभी के लिए सहज उपलब्ध है लेकिन विकास की इस आधुनिक प्रक्रिया ने हमें अलग-अलग वर्गों में विभाजित कर दिया है जो पहले सभी वर्गों के लिए लाभ की बात कर रही थी। इसमें संसाधन संपन्न वर्ग और साधनहीन वर्गों की एक नई श्रेणी तैयार हो गई है । इस पूंजीवादी व्यवस्था ने अधिक उपभोग करने की प्रणाली को जन्म दिया है जो उपभोक्तावादी संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा है । इसी संदर्भ में रवींद्रनाथ टैगोर का एक लेख ह्यरॉबरी ऑफ द सॉइलह्व जो आज से कई वर्षों पूर्व लिखा गया था,वह आज भी प्रासंगिक है । टैगोर का मानना था कि एक उच्चस्तरीय जीवनशैली की जो चाह पहले समाज के एक छोटे हिस्से में ही व्याप्त थी, वह महत्वाकांक्षा के रूप में अब समाज के एक बड़े हिस्से में फैल गई है । इसी के परिणामस्वरूप हर कहीं पानी खत्म हो रहा है तो कहीं पेड़ों की कटाई हो रही है और धरती बंजर हो रही है । सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न पर्यावरण को लेकर यह है कि पर्यावरण में किन चीजों का समावेश किया जाए । पर्यावरणजनित वनस्पतियों और मनुष्य में कई समानताएं भी है जैसे दोनों का जन्म होता है, दोनों बढ़ते हैं, दोनों अनित्य हैं, दोनों अशाश्वत भी हैं । प्रकृति मनुष्य के साथ मनुष्य के संबंधों को और मनुष्य के व्यवहार को पर्यावरणीय नैतिकता से जोड़ने का कार्य करता है,जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सके । पर्यावरण का जो संरक्षण हमें प्राप्त है,उसे आने वाली पीढ़ियों के लिए भी संरक्षित और संवर्धित रखने का दायित्व भी हम सभी का है । वर्तमान समय में विकास को भी नए सिरे से परिभाषित किया जा रहा है । जिसमें विकास का तात्पर्य अब केवल किसी देश के आर्थिक विकास तक सीमित न रहकर विकास की प्रक्रिया और परिणामों का व्यक्ति और समाज के जीवन पर क्या,कैसा,और कितना प्रभाव पढ़ रहा है,साथ ही पर्यावरण पर पढ़ने वाले प्रभाव को भी इसमें शामिल किया जाने लगा है । डा.श्यामाचरण दुबे के शब्दों में अब समय आ गया है कि सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जी.डी.पी.)के बदले सकल राष्ट्रीय कल्याण (जी.एन.डब्ल्यू.) तथा सामाजिक विकास के बारे में सोचना शुरू करें जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके । आधुनिक विकास विमर्श में पर्यावरण और उसी के साथ जीवन की गुणवत्ता को भी शामिल किया गया है जो अत्यंत महत्वपूर्ण है । जीवन की गुणवत्ता की अवधारणा इस दृष्टि पर आधारित है कि जीवन जीने का तात्पर्य एक गरिमामय,सुखी और सांस्कृतिक जीवन जीने से है । इसलिए विकास का अभिप्राय ऐसी परिस्थिति का निर्माण करना है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति ऐसा जीवन जी सके जिसमें जीवन गुणवत्तापूर्ण हो । जीवन की गुणवत्ता को यूनेस्को ने इस प्रकार परिभाषित किया है कि ₹जीवन की गुणवत्ता एक समावेशी प्रत्यय है उसमें महत्वपूर्ण आवश्यकताओं की भौतिक तुष्टि के साथ जीवन के भौतिक पक्षों से परे स्थित व्यक्तिगत विकास, आत्मबोध तथा स्वस्थ पर्यावरण व्यवस्था जैसे अन्य पक्ष भी समाहित हैह्व। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण विमर्श की शुरूआत 14 अगस्त 1970 को पृथ्वी दिवस मनाने के बाद विकास की इस प्रणाली पर कई बुनियादी सवालों के साथ शुरू होती है जो संवेदनशील लोगों का ध्यान आकर्षित करती है । 1979 में यूजीनसी हारग्रोव ने ह्यएनवायरनमेंट एथिक्सह्व नाम का एक पत्र निकाला जिसमें मानव प्रकृति के संबंधों पर विस्तार से चर्चा की गई । जिसके फलस्वरूप दार्शनिक जगत में भी पर्यावरण और नैतिकी पर विमर्श आरंभ हुआ है । अकादमिक जगत ने भी पर्यावरण को सत्तर के दशक के बाद ही विमर्श में शामिल किया और इस पर गहन अध्ययन किया जाने लगा । इसी दशक से नव - सामाजिक आंदोलन का आरंभ भी माना जाता है जिन्हें हरित आंदोलन (ग्रीन मूवमेंट) भी कहा जाता है । नव - सामाजिक आंदोलन किसी खास विचारधारा से प्रभावित नहीं थे जैसे पूर्व के सामाजिक आंदोलन किसी न किसी विचारधारा से जुड़े हुए थे । नव - सामाजिक आंदोलन समाज के सभी वर्गों,संप्रदायों, धर्मों,जातियों के लोगों को आकर्षित करते है । नव - सामाजिक आंदोलनों का ध्येय अपनी पहचान बनाना तथा अपने क्षेत्र से संबंधित स्वायत्तता प्राप्त करना है । इसलिए उनकी भूमिका को 'अस्मिता की राजनीति' कहा जाता है । नव - सामाजिक आंदोलन का नारा ₹थिंक ग्लोबली एक्ट लोकली₹ है । मास सोसाइटी का अध्ययन करने वाले मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि ₹नव - सामाजिक आंदोलन निजी तनावों से जूझ रहे व्यक्तियों की अभिव्यक्ति है। नव - सामाजिक आंदोलनों में विचारधारात्मक विविधता के साथ साथ इन आंदोलनों की जमीन भी एक दूसरे से भिन्न होती है लेकिन भिन्नता के बावजूद भी वे एक दूसरे के साथ जुड़े रहते हैं । प्रतिरोध के नए - नए तरीकों का इस्तेमाल भी इन आंदोलनों ने किया । इन हरित आंदोलनों के साथ ही नारीवाद की दूसरी लहर का आरंभ भी होता है । जिसमें पर्यावरण और स्त्री के संबंधों पर पुनः विमर्श की शुरूआत होती है इसमें यह माना गया कि पर्यावरण और स्त्री एक दूसरे की सहचर है,साथ ही दोनों का एक जैसा शोषण और उत्पीड़न का इतिहास है जो पूंजीवादी पितृसत्तात्मक व्यवस्था के द्वारा ही किया जा रहा है । नारीवाद की दूसरी लहर वैश्विक बहनापे की बात भी करती है,इन आंदोलनों ने स्थानीय स्तर पर बहनापे को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । आंदोलनों को आगे बढ़ाने में मीडिया की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है,इसी के चलते जब इन आंदोलनों से कोई सेलिब्रिटी जुड़ती है तो वह मैन स्ट्रीम में आ जाते हैं बाकी धीमी गति से संचालित होते रहते हैं । इकोफेमिनिज्म की की यह धारा भी आलोचना से परे नहीं है जो पर्यावरण और स्त्री के गुणों में जैसे प्रेम,सद्भाव, सहयोग, सहनशीलता,त्याग,व स्वभाव की समानता की बात करती है,इसी आधार पर इकोफेमिनिज्म की आलोचना भी जाती है कि यह गुण सिर्फ स्त्रियों में ही नही होते पुरुषों में भी होते क्योंकि यह मानव स्वभाव है,ये गुण कम या ज्यादा हो सकते है । भारत के संदर्भ में हम पर्यावरण आंदोलन या विमर्श की शुरूआत को चिपको आंदोलन के रूप में देख सकते हैं । लेकिन चिपको आंदोलन के पूर्व

1730 में अमृता देवी ने खेजड़ी के वृक्षों को बचाने के लिए उनसे लिपट कर अपने प्राणों की आहुति दी थी,उनके साथ उनकी दो बेटियों ने भी अपनी मां के साथ प्राणों की आहुति दी थी । इस आंदोलन में 69 महिलाओं के साथ कुछ पुरुषों ने भी वृक्षों को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी । भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के बाद सबसे बड़ी संख्या में महिलाओं ने चिपको आंदोलन में भागीदारी के साथ साथ नेतृत्व भी किया था । पर्यावरणीय आंदोलन की खास बात यह है कि यह आंदोलन अहिंसक तरीके से चलाए जाते हैं और नए नारों और प्रतिरोध के नए तरीकों को भी ईजाद कर लेते हैं । चिपको आंदोलन का नेतृत्व गौरा देवी और बचनी देवी के द्वारा किया गया था । जिसमें पर्यावरण का सामान्य जन जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है और हमारी दैनिक जीवनचर्या का यह कैसे अभिन्न हिस्सा है यह बताने का प्रयास भी किया गया था । वनों के संरक्षण के लिए महिलाओं ने वृक्षों को आलिंगन कर बचाया था,इसी से इस आंदोलन का नाम चिपको आंदोलन पड़ा था । चिपको आंदोलन में महिलाओं ने अधिकारियों को दिन के उजाले में लालटेन दिखलाई थी यह प्रतीकात्मक था कि उन्हें जंगल के उपकार नजर नहीं आ रहे हैं जो सभी के जीवनदाता है इसमें कई नारों का प्रयोग किया गया था जिसमें से एक था ह्लक्या है जंगल के उपकार मिट्टी,पानी और बयारह्व इसी तरह हर शांतिमय प्रतिरोध नए नए नारों और तरीकों को अपने आंदोलन में शामिल कर लेता है । वंदना शिवा देश विदेश की जानी मानी इको फेमिनिस्ट है ।वंदना शिवा के अनुसार वर्तमान समय में एक नए तरह का युद्ध चल रहा है जो जमीन और उसकी उर्वरता के विरुद्ध है,इसके अस्त्र उर्वरकता को बढ़ाने वाले रसायन और कीटनाशक है जो जन -विनाशक हैं । ग्रीन इकोनॉमी की अवधारणा हमें प्रकृति के बाजारीकरण की ओर ले जा रही है,फिर चाहे जमीन का ऊपरी भाग हो या जमीन का भीतरी भाग,पानी या खनिज संपदा । इसी क्रम में भारत में पर्यावरण संसाधनों पर कॉरपोरेट जगत के वर्चस्व को देखा जा सकता है । वंदना शिवा के अनुसार ह्लमहिलाओं में पृथ्वी के समान ही उत्पन्न करने की सृजनात्मक क्षमता होती है । जिससे वह पर्यावरणीय संरक्षण और संवर्धन के संसाधनों,नीतियों और प्राकृतिक तरीकों का ज्ञान सहज ही प्राप्त कर लेती हैह्व। वर्तमान में वंदना शिवा नवदान्य आंदोलन में सक्रिय हैं और जैविक खेती,जैविक खाद व जैविक बीजों के साथ साथ जमीन के संरक्षण के लिए प्रयासरत हैं ।

गांधी जी ने इस उपभोक्तावादी पाश्चात्य संस्कृति का लगातार विरोध किया,वे हमेशा अपरिग्रह के सिद्धांत पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित करते रहे । गांधी जी ने प्रकृति और मनुष्य के रिश्तों को परस्पर सहयोग के रूप में देखने की दृष्टि प्रदान की जिसमें गांधी जी ने कहा कि ह्यप्रकृति हर मनुष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकती है लेकिन किसी भी एक मनुष्य के लालच को पूरा करने में वह असमर्थ हैह्व। गांधी जी के अनुसार सृष्टि के प्रेम का नियम ही ईश्वर का नियम है जो हमें पर्यावरण और जीवजगत से जोड़कर एक दूसरे का सहचर बनाता है ।

**(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार और शोध अध्येता हैं)**

---

**(पेरिस में रजा के चित्रों की प्रदर्शनी को कला की दुनिया में भारतीयता के एक बड़े दखल के रूप में लिया जाना चाहिए. यह एक ऐसे भारतीय कलाकार का हमसे परिचय करवाया है जो बहुत पहले कला में एक विचार की तरह स्वीकार कर लिया गया था. भारतीय और वैश्विक कला परिदृश्य में रजा ने आध्यात्मिकता, स्मृति और ज्यामिति को एक आंदोलन की तरह प्रस्तुत किया है. यह गर्व करने वाली बात है. विश्व कला जगत में हमारे रंग और ज्यादा गाढ़े हो रहे हैं और अब हम किसी आकृति की तरह दिखने लगे हैं और अब हम यह नहीं कह सकते हैं कि हमे नजरअंदाज किया जा रहा है. हिंदी कविता और कला में अब हमें नजरंदाज किया जाना संभव नहीं रहा है. बहुतेरी हिंदी कविताओं को एक सार्थक चित्र देने वाले रजा को इसके लिए एक धन्यवाद बनता है. कला के नए जिज्ञासुओं को रजा का यह कथन याद रखना चाहिए जो कृष्ण खन्ना को लिखे पत्र में उन्होंने कहा था, 'हिंदुस्तानी चित्र का कोई महत्व नहीं होगा अगर हम हिंदुस्तान को कमल या हिंदुस्तानी लोगों के रूप में चित्रित करते रहेंगे. इसकी अर्थवत्ता अवधारण में, दृष्टि में और जीवन शक्ति में, और अनुभव को निजी स्तर पर आत्मसात करने में निहित है.)**

## पेरिस में रजा के चित्रों की प्रदर्शनीः वैश्विक कला परिदृश्य में आध्यात्मिकता, स्मृति और ज्यामिति की एक आंदोलन की तरह प्रस्तुति

# कला की दुनिया में भारतीयता का बड़ा दखल

**कला-रपट**

**वीरू सोनकर**



रजा फाउण्डेशन द्वारा यह वर्ष रजा शती के उपलक्ष्य में एक स्मृति उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है. पेरिस स्थित सेंटर पंपीडू में इस अवसर पर एक बेहद महत्वपूर्ण चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है. भारत और विश्व के अनेक पुरस्कारों से सम्मानित सैयद हैदर रजा का जन्म नरसिंह जिले में हुआ था. रजा बहुत छोटी आयु से ही चित्र बनाने लगे थे. बाद में वे मंडला और मुंबई और अंत में पेरिस जैसे महान कला प्रेमी शहर में रहे. रजा विश्व के बड़े चित्रकारों



में शुमार रहे और उन्होंने अपना सारा जीवन कला को समर्पित कर दिया. उन्होंने अध्यात्म, ज्यामितीय और बिंदु को अपने चित्रों में प्रमुखता से जगह दी. रजा का उच्च कला बोध अपनी ही तरह की आधुनिकता और अध्ययन से परिपूर्ण है.

चित्रकला में जो कला सुख है वह मूलतः दर्शन का है. दर्शन का मूलतत्व देखना है यानी इस कला का पहला सुख यही है कि उसे देखा गया है.

मन में कल्पना भी सबसे पहले चित्रात्मक अभिव्यक्ति के जरिए हमारे सामने आती है. हम बाद में उसे कोई लिपि, स्वर या कोई अन्य माध्यम से ही अभिव्यक्त कर पाते हैं ऐसे में चित्रकला को कल्पना के सबसे अधिक पास माना जा सकता है. हम यह कह सकते हैं कि यथार्थ के पैर में स्मृति का कांटा चुभा हुआ है जो वास्तव में है और सामने है. उस पर भी बीते हुए की छाया है. रजा के बारे में एक मान्यता यह भी सामने आती है कि वे प्रकाश के चित्रकार हैं पर उनके चित्रों में जहां तहां छाया के भी रूप दिखते हैं. ऊजार्वान रंगों के बीच में कहीं छाया का एक नन्हा परिसर भी है और ऐसा लगता है कि प्रकाश और ऊर्जा के आध्यात्मिक बिंदुओं को छाया का यह अंधेरा ही आपस में बांधे हुए है. यह दिखने की महानता की सीमा तय करने



जैसा है यानी जो दिख रहा है उसके तार न दिखने वाली चीजों से बंधे हुए हैं. यानी जो चित्र है, वह एक आयामी नहीं है दरअसल रजा के चित्रों में व्याप्त अमूर्तन और आध्यात्मिकता उसे कई आयामों में व्यक्त करती है. इन्हे जहां से भी देखें, एक अलग तरह की यात्रा दर्शक के हिस्से में आ जाती है. देखने के कोण, देखने की दूरी और वक्त से कई बार एक कलाकृति दर्शक के समक्ष थोड़ी और परिष्कृत मान्यता के साथ आ जाती है. शायद यही कला समृद्धि है. शायद इसी लिए चित्र देखे जाते हैं चित्रकला का अकेला सुख यही है कि किसी चित्र को तब तक देखा जाए, जब तक वह आपसे आपकी कल्पना में संवाद संभव कराता रहे. जिन चित्रों का हम पूरी तरह से देख लेते हैं या वे अपनी कल्पना में सीमित हैं तो उन चित्रों से हम ऊब जाते हैं.

रजा के बिंदु चित्र या जहां वे गहरे काले और लाल रंगों का प्रयोग करते हैं, वहां बार-बार उन्हे देखना संभव होता है. ऊब अनुपस्थित हो जाती है और स्मृति के दृश्य साफ होने लगते हैं. रंग ऊर्जा में बदलने लगते हैं. उपरोक्त मान्यता और ज्यादा पुष्ट हो जाती है जब रजा कृष्ण खन्ना को लिखे पत्र में कहते हैं, 'छद्म विनम्रता का दिखावा किए बिना मुझे यह कहना होगा कि, जीवन में और चित्र में ऊर्जा की गतिशीलता को समझा पाना या व्यक्त कर पाना आसान नहीं है; न शब्दो में न रंगो में. यही वह लक्ष्य है जिस पर मैं अपनी सारी ऊर्जा को एकाग्र करना चाहता हूं बाहरी पहलू खास महत्व नहीं रखता.' जाहिर है कि रजा यहां साफ कर देना चाहते हैं कि उनका आगे का रास्ता क्या होगा.

सच क्या है जब हम इस प्रश्न की खोज में जाते हैं तो यह जान जाते हैं कि सब कुछ जहां इतनी तेजी से बीत रहा हो कि कला संस्कृति और इतिहास अपने बदलाव के नित नए पड़ाव देख रहे हों तो हम दिख रही चीजों पर अपना संदेह बरकरार रखते हैं. कई बार जो दिख रहा होता है, वह हमे दिखाया जा रहा होता है. इस लिए चित्रकला में सच के नजदीक जाने के लिए दृष्टि की सटीकता, जीवन की धीमी गति को मापने की योग्यता, और तमाम रंग मिल कर जिस दृष्टि छल का रचाव हमारे समक्ष प्रस्तुत करते हैं, उससे जूझते हुए कई बार एक चित्रकार उन चीजों के मौलिक रंगो से भी जूझता है और उनमें बदलाव कर देता है जो कि वास्तविकता में वैसे नहीं दिखते हैं. हम जन गण सिंह श्याम को हरे रंग की गाय बनाते हुए देखते हैं तो रंगों के विरुद्ध अपनी एक अलग कल्पना और आदिम स्मृति से जूझती दृष्टि का साक्षात्कार कर लेते हैं यहां रजा का कौशल हमारे सामने आ जाता है. पेरिस में दिखाई गई कई कला कृतियां अपने अमूर्त को मात्र रगों के आवेग से प्रस्तुत कर रही थीं. जहां पर रजा आबादी का रहवास रचते हैं, वे बस्तियों मकानों और कालोनियों की कल्पना में कई बार उनके बहुत

**रजा के बिंदु चित्र या जहां वे गहरे काले और लाल रंगों का प्रयोग करते हैं, वहां बार-बार उन्हे देखना संभव होता है. ऊब अनुपस्थित हो जाती है और स्मृति के दृश्य साफ होने लगते हैं. रंग ऊर्जा में बदलने लगते हैं. उपरोक्त मान्यता और ज्यादा पुष्ट हो जाती है जब रजा कृष्ण खन्ना को लिखे पत्र में कहते हैं, 'छद्म विनम्रता का दिखावा किए बिना मुझे यह कहना होगा कि, जीवन में और चित्र में ऊर्जा की गतिशीलता को समझा पाना या व्यक्त कर पाना आसान नहीं है; न शब्दो में न रंगो में. यही वह लक्ष्य है जिस पर मैं अपनी सारी ऊर्जा को एकाग्र करना चाहता हूं बाहरी पहलू खास महत्व नहीं रखता.'**



चटक रंगों या फिर उनके पास धुंध का रचाव कर जाते हैं. यह रजा के देखने की वह योग्यता है जो सभ्यता के उन इलाकों की पहचान कर रही है. जहां एक साथ बहुत सारी थकान और नींद आ कर आराम करती है और जहां जीवन में राग की अनुपस्थिति दिन पर दिन और अधिक होती जा रही हो, वहां रजा एक घर को किस तरह से देखेंगे, जहां सभ्यता से मार खाया एक व्यक्ति शरण पाता है और अपनी नींद के सहारे स्वप्न में आवाजाही करता है. कल्पना और स्वप्न यहां एक दम अलग दिख जाते हैं कल्पना जहां एक जाग्रत मन का यथास्थिति के विरुद्ध एक विद्रोह ह वहीं स्वप्न उसके अवचेतन की एक अनियंत्रित और अनायास सैर है.

रजा घटनाओं के चित्रण में ज्यादा नहीं जाते हैं, वे अपनी असहमति रंग, छाया और अमूर्तन के द्वारा प्रस्तुत करते हैं. वे जीवन के अवेगों को जानते हैं. सभ्यता के बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव और विचलनों से जूझती उनकी दृष्टि अपनी एकाग्रता के लिए बिंदु के नवीन आविष्कार करने की अदम्यता से भर जाती है और वे श्रृंखलाबद्ध लगातार बिंदु के नव रूपाकारों रंग आकारों को खोजने लगते हैं. एक औसत दृष्टि यह कह सकती है कि रजा दुहराव के शिकार हो रहे हैं पर नहीं, सेंटर पंपीदु में प्रदर्शित उनके बिंदु चित्र यह बता रहे हैं कि वे बिंदु के भीतर और बाहर उसके नए अस्तित्व की वैज्ञानिक पड़ताल में लगे थे. मैं रजा को बिंदु का दूसरा खोज कर्ता उनकी इन्ही जिज्ञासाओं के चलते कहता हूं. रजा के लिए बिंदु तक जाना आसान नहीं था. यहां वे स्वीकार्यता के संकट से नहीं जूझते हैं. यहां स्वामीनाथन के पेड़ पहाड़ चिड़िया की श्रृंखला और रजा के बिंदु की खोज एक जैसी जिज्ञासा लगने लगते हैं. कोई चित्रकार दिखने में एक जैसी ही कला कृति क्यों बनाता है? यह एक ऐसा प्रश्न है जिस पर कला समीक्षकों ने बहुत ज्यादा काम नहीं किया है. ऐसा लगता है, वे इस प्रश्न को उस कलाकार की रचनात्मकता के सीमित हो जाने से जोड़ बैठे हैं. कला आलोचक निश्चित तौर पर उस योग्यता को नहीं पहचान पाए हैं जहां एक आकार के भीतर कई आकार, एक लय



से कई लय निर्मित होती हैं. एक चित्रकार की अपनी एक भाषा होती है जिसमे वह एक जैसे ही रंग और आकृति के जरिए अपने संवाद तय करता है कई बार वे संवाद किसी अन्य के लिए नहीं होते हैं बल्कि अपने कला एकांत में रचनाकार की अपनी फुसफुसाहट और बातचीत होती है. 'क्या किसी प्रतीक में प्रतिष्ठापित मिथकीय आदिरूप हमारे वर्तमान अनुभव को अभिव्यक्ति देने में सक्षम है और इसीलिए क्या वह इतिहास में भागीदारी कर सकता है ?' जब मैं यह कहता हूं कि रजा इतिहास और स्मृति के भी चित्रकार हैं तो संस्कृति चिंतक रंजीत होसकोटे का उपरोक्त कथन सिर्फ प्रश्न भर नहीं रह जाता है, रजा के चित्र किसी उत्तर की तरह सामने उभरने लगते हैं.




कल्पना के सिर्फ विजुअल्स होते हैं. मात्र ध्वनि या लिपि में कल्पना संभव नहीं है और अगर यह किन्ही स्थितियों में संभव भी होती है तो यह हर स्तर पर नहीं ही हो पाती है. एक कवि को कल्पना संभव होने के तुरंत बाद अभिव्यक्ति की भाषा खोजनी होती है. इस संघर्ष में बहुत कुछ ऐसा होता है जो कहीं विलीन का छूट जाता है. रजा के चित्रों में व्याप्त गहरे रंगों की अधिकता या अमूर्तन को कल्पना के इन्हीं अबोध और अनछुए दृश्यों की तरह देखा जाना चाहिए. अब पेरिस में प्रदर्शित चित्रों को देखा जाए तो यह प्रश्न भी खड़ा होता है कि रजा अपनी कल्पना में क्या देखते थे अथवा वह क्या था जो छूट गया है और कल्पना में रंगों और आकृतियों को ठीक से पहचान लेने वाला एक चित्रकार छूट गई चीजों को कैसे कैनवास पर वापस खोज लेता है ? इस प्रश्न की और ज्यादा गहराई में जाने पर यह भी सोचना पड़ता है कि रजा के लिए अतीत क्या था? क्या वह कोई एक ऐसी चीज थी कि व्यक्तिगत एकांत में ढूंढी गई है अथवा एक निजी जीवन के अनुभव से बाहर भी उस अतीत का एक सार्वभौमिक महत्व है ? उस अतीत का परिसर क्या होगा और वे कैसी आकृतियां अथवा रंग संयोजन होंगे तो रजा की दृश्य लिपि में संभव हुए? अतीत और इतिहास बहुत महीन जगहों पर रजा के लिए एक हो जाते थे. वे लोक, संस्कृति और उत्सव की छूट रही विशिष्टताओं को इस हद तक आत्म सात कर लेते थे कि वे रजा के अतीत होंगे या एक सार्वजनिक इतिहास का हिस्सा होंगे, यह तय नहीं किया जा सकता है. एक महान और बेहद संवेदनशील कल्पना वाले व्यक्ति में ही अतीत और इतिहास का ऐसा मिलना संभव है. 'राजस्थान' 1973 पेंटिंग में यह देखा जा सकता है कि एक बेहतर और समृद्ध इतिहासदृष्टि से कैसे रंग बनते हैं और छूट गई चीजों की व्याकुलता कैसी अमूर्त आकृतियों में संभव हो सकती है. 'सौराष्ट्र' 1983



को देख कर भी यह समझा जा सकता है कि एक मौलिक 'स्थानीयता' और उससे जुड़ी घटनाओं को वे कैसे देखते थे. वे एक समूची सभ्यता को कैनवास के सीमित परिसर में कैसे समेट सकते थे. यह दो चित्र उनके इस विजन का एक अच्छा उदाहरण हैं.

कला में सृजन एक योजनाविहीन कर्म है. कला के भीतर कुछ भी महत्वपूर्ण बनता है तो बहुत बार उसकी कोई पूर्व तैयारी नहीं होती है. अभ्यास का एक अलग महत्व है पर जैसे एक कवि की कविता यात्रा में कई कविताएँ अचानक अथवा बिना किसी तैयारी के जन्मती हैं, शायद वे ही असल कविताएं हैं जिन्हे लिखते हुए कवि खुद को भूल गया. वैसे ही अनुभव चित्र बनाते समय भी होते हैं. रजा एक जगह कहते हैं, 'यह छोटा लाल कैनवास मुझे ताक रहा है. लेकिन ईश्वर अनुपस्थित है. आप शायद विश्वास नहीं करेंगे लेकिन मैं दिव्य शक्तियों की उपस्थिति के बिना काम नहीं कर सकता. वे अनुभूतिगम्य और वास्तविक हैं. मुझे काम शुरू करने से पहले प्रार्थना करनी होती है. वे अज्ञात और ज्ञात के बीच की कड़ी हैं, वे मुझे एक तरह की अचेत अवस्था में ले जाते हैं और सिर्फ यही वह सम, स्वप्न जैसी अवस्था होती है जिससे मेरे सर्वश्रेष्ठ चित्र जन्म लेते हैं, जिनके बारे में मैं नहीं जानता कि वे कैसे और कहां से उत्पन्न हुए हैं. यह अनुग्रह की, अनिर्वचनीय अवस्था होती है.'

रजा की आधुनिकता को हम वहां सबसे अधिक देख सकते हैं, जब वह अपनी स्मृतियों को कैनवास पर टटोलते हैं अथवा देखे गए की दुबारा कल्पना करते हैं. आधुनिकता अथवा नवीनता के जो भी पैमाने हों, लगता है यही एक ऐसी जगह है जहां रजा को सबसे ज्यादा सराहा जा सकता है और अगर उनकी आलोचना के तत्व तलाशने हों तो वह भी यहीं मिलते हैं. रजा की विशाल चित्र संपदा में इन्हीं चित्रों के आलोक में यह कहना संभव हो पाता है कि रजा के काम को देखने की भूख खत्म नहीं होती है, उनके चित्र खत्म हो जाते हैं. एक बड़े और महान चित्रकार शायद हमें इसी तरह मिलते हैं कि उनके न होने पर हम उनके काम के भीतर उनकी खोज करते रहते हैं और फिर हमें उनका काम एक जगह पर आ कर लगता है कि और ज्यादा होना चाहिए. रजा समाप्त नहीं होते हैं. वे एक खोज को छोड़ कर जाते हैं. एक ऐसी खोज जहां मौन की भी एक ध्वनि लिपि है एकांत का एक रहवास है जो मंडला के जंगलों से आज तक बाहर नहीं आ सका है. एक ऐसी व्याकुलता है जो रंगो की टूटती-फूटती अपारंपरिक पर अनुशासित लकीरों से एक बिंदु बना लेती है वह बिंदु जो एक परंपरा या खोज में बदल जाता है. रजा कृष्ण खन्ना को लिखते भी हैं :

'मैं अभी भी बिंदु, वृत और उसके सारे अंतर्निहित संयोजनों पर काम कर रहा हूं. इस विचार में बढ़त हो रही है. हाल के चित्रों में स्वतः ही नया विकास हुआ है. एक विचित्र किस्म की जैविक वृद्धि, एक चित्र के नतीजे में दूसरा चित्र. आप उर्ध्वोन्मुख अवस्था में दो तीन महीने काम करते हैं, और फिर वह उच्च शक्ति छोड़ कर चली जाती है. आपको ठहर का प्रतीक्षा करनी होती है.'

पेरिस में रजा के चित्रों की प्रदर्शनी को कला की दुनिया में भारतीयता के एक बड़े दखल के रूप में लिया जाना चाहिए. यह एक ऐसे भारतीय कलाकार का हमसे परिचय करवाया है जो बहुत पहले कला में एक विचार की तरह स्वीकार कर लिया गया था. भारतीय और वैश्विक कला परिदृश्य में रजा ने आध्यात्मिकता, स्मृति और ज्यामिति को एक आंदोलन की तरह प्रस्तुत किया है. यह गर्व करने वाली बात है. विश्व कला जगत में हमारे रंग और ज्यादा गाढ़े हो रहे हैं और अब हम किसी आकृति की तरह दिखने लगे हैं और अब हम यह नहीं कह सकते हैं कि हमे नजरअंदाज किया जा रहा है. हिंदी कविता और कला में अब हमें नजरंदाज किया जाना संभव नहीं रहा है. बहुतेरी हिंदी कविताओं को एक सार्थक चित्र देने वाले रजा को इसके लिए एक धन्यवाद बनता है. कला के नए जिज्ञासुओं को रजा का यह कथन याद रखना चाहिए जो कृष्ण खन्ना को लिखे पत्र में उन्होंने कहा था, 'हिंदुस्तानी चित्र का कोई महत्व नहीं होगा अगर हम हिंदुस्तान को कमल या हिंदुस्तानी लोगों के रूप में चित्रित करते रहेंगे. इसकी अर्थवत्ता अवधारण में, दृष्टि में और जीवन शक्ति में, और अनुभव को निजी स्तर पर आत्मसात करने में निहित है.'

**( लेखक कवि एवं टिप्पणीकार हैं, संपर्क 72753 02077)**

**एक महान और बेहद संवेदनशील कल्पना वाले व्यक्ति में ही अतीत और इतिहास का ऐसा मिलना संभव है. 'राजस्थान' 1973 पेंटिंग में यह देखा जा सकता है कि एक बेहतर और समृद्ध इतिहासदृष्टि से कैसे रंग बनते हैं और छूट गई चीजों की व्याकुलता कैसी अमूर्त आकृतियों में संभव हो सकती है. 'सौराष्ट्र' 1983 को देख कर भी यह समझा जा सकता है कि एक मौलिक 'स्थानीयता' और उससे जुड़ी घटनाओं को वे कैसे देखते थे. वे एक समूची सभ्यता को कैनवास के सीमित परिसर में कैसे समेट सकते थे. यह दो चित्र उनके इस विजन का एक अच्छा उदाहरण हैं.**

# हत्यारोपी मां को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

जनसंदेश न्यूज


पकड़ी गई बच्चों की हत्यारन

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के पजरा गांव में शुक्रवार की देर रात्रि माँ की ममता शर्मशार हो गयी थी। माँ ने अपने कलेजे के टुकड़े को कुएं पर ले जाकर कुएं में ढकेल दिया था जिससे तीन मासूम बच्चों आकाश 8 वर्ष, कृति 3 वर्ष व अन्नू डेढ़ वर्ष की कुएं में डूबने से मौत हो गयी थी व माँ चन्दा द्वारा बच्चों को कुएं में फेकने के बाद खुद को मारने हेतु घर में दरवाजा बंद कर आग लगा दी।

हालांकि आग की लपट तेज हुई तो महिला सह नहीं पाई व चीखते चिल्लाते हुए घर से बाहर भाग आई। शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग पहुंचकर घर के आग को बुझाने हेतु कुएं में टुल्लू पम्प लगाकर पानी से बुझाया। आग बुझाने के बाद परिजन घर में बच्चों का तलाश करने लगे। बच्चे नहीं मिले तो माँ ने बताया कि बच्चों को हमने कुएं में फेक दिया है। घटना सुनकर लोगों के पैरो तले जमीन खिसक गयी। कुएं के पास जाकर देखा तो दो बच्चे कुएं में दिखाई दे रहे थे। ग्रामीण कुएं में कुदकर दो बच्चों के शव को बाहर निकाला व तीसरा बच्चा आकाश लापता रहा जिसके लिए सूचना पर पहुंची पुलिस व आस पड़ोस के लोगों द्वारा कुएं में टुल्लू पम्प लगाकर पानी निकाला गया तब जाकर घंटो मशक्कत के बाद आकाश का शव कुएं से बाहर निकाला गया।

घटना के बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गयी। मृतक मासूम के दादा श्यामधर के तहरीर पर पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज कर रविवार को आरोपी माँ चन्दा उर्फ सुधा को जेल भेज दिया।

### पीएम रिपोर्ट में डूबने से हुई मौत की पुष्टि

संतनगर थाना क्षेत्र के पजरा गांव में तीन मासूम बच्चों के मौत के बाद शव को पीएम हेतु पुलिस कब्जे में लेकर पीएम हॉउस भेज दिया था जहां पीएम रिपोर्ट में बच्चों के डूबने से मौत का कारण स्पष्ट हुआ जिसके बाद पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गयी।

### घटना के दूसरे दिन घर आया मासूम बच्चों का पिता

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के पजरा गांव में माँ द्वारा अपने बच्चों को कुएं में ढ़केल दिया गया था। पति अमरजीत दो माह से मुंबई में रहकर मजदूरी कार्य करता है। बताया जाता है कि हत्यारोपी माँ का अपने पति अमरजीत से फोन पर विवाद हुआ था जिसके बाद हत्यारोपी माँ ने घटना को अंजाम दिया। घटना के दूसरे दिन मासूम बच्चों का पिता मुंबई से घर आया और बच्चों का शव देख रोने बिखलने लगा।

### 12 दिन के हिरासत में गयी हत्यारोपी मां

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के पजरा गांव में शुक्रवार देर रात माँ के द्वारा अपने कलेजे के टुकड़ा को कुएं में फेक दिया था जिससे तीन मासूम बच्चों की मौत हो गयी। मौत के बाद शव को पीएम हॉउस भेजकर पुलिस हत्यारोपी माँ चंदा उर्फ सुधा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर रविवार को जेल भेज दिया। वही महिला को संतनगर पुलिस ने पूछताछ हेतु 14 दिन का रिमांड मांगी थी जहां न्यायालय द्वारा 12 दिन का रिमांड की अनुमति दिया।

## ट्रेन में यात्री की मौत ठहर गई मगध एक्सप्रेस

**मीरजापुर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रविवार की सुबह मगध एक्सप्रेस ट्रेन के पहुंचते ही चिकित्सकों की टीम बोगी की ओर दौड़ पड़ी। ट्रेन दिल्ली से इस्लामपुर जा रही थी। ट्रेन में यात्री की तबीयत बिगड़ने की खबर मिली थी। परीक्षण के दौरान 32 वर्ष राजन की सांस टूट चुकी थी। परीक्षण के बाद उसे मंडलीय अस्पताल भेज दिया गया। मृतक आरा जनपद के गुरु सरैया का निवासी बताया गया है। करीब 22 मिनट रुकने के बाद ट्रेन आगे रवाना हुई। बताया जाता हैं कि राजन गुड़गांव में नौकरी करता था। अपने माता-पिता के आरा स्थित घर जाने के लिए सफर कर रहा था। विंध्याचल स्टेशन के पूर्व उसने तबीयत बिगड़ने की शिकायत की। इसकी जानकारी रेलवे विभाग को दिया गया। विंध्याचल से ट्रेन छुटने के बाद स्थानीय स्टेशन पर डॉक्टरों की टीम प्लेटफार्म पर मुस्तैद हो गई। ट्रेन के आते ही यात्री का परीक्षण किया गया। उसे ऑक्सीजन देने के लिए हार्ट को पंप किया गया। लेकिन उसकी सांसें थम चुकी थी। इसके बाद उसे मंडलीय अस्पताल भेज दिया गया। यात्रा के दौरान राजन के साथ उसके पिता श्रीकांत प्रसाद, मां और एक रिश्तेदार साथ में सफर कर रहे थे। यात्री को सुविधा देने के लिए आरपीएफ जीआरपी के जवान मौजूद रहे।

# बार-बार बिजली ट्रिपिंग से पेयजल संकट

जनसंदेश न्यूज

**ग्रामीणों में आक्रोश**

**योगी के फरमान पर पानी फेर रहे हैं अधिकारी**

**रतजगा करने को लाचार हैं ग्रामीण**

**कलवारी।** स्थानीय विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी माफी के बाशिंदे बिजली की बार-बार ट्रिपिंग से परेशान है। बिजली की बार-बार ट्रिपिंग से क्षेत्र में पेयजल संकट गहराया है। ग्रामीण पेयजल के लिए परेशान है क्षेत्र में डीप बोरिंग के द्वारा ही पेयजल मिल पाना संभव है लेकिन बिजली की बार-बार कटौती से कई उपभोक्ताओं के समरसेबल व फ्रीज खराब हो गए हैं। तापमान बढ़ने पर जहां एक ओर पेयजल की किल्लत है। वही बिजली कटौती चरम पर है।

कलवारी बाजार में पेयजल मुख्य समस्या है। जनप्रतिनिधियों से पेयजल समस्या के निराकरण के लिए अवगत कराया गया था लेकिन जनप्रतिनिधियों के द्वारा किए गए चुनावी वादे हवा-हवाई ही निकले। गर्मी का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा जाता है। पेयजल समस्या इस कदर है कि बाजार में एक भी हैंडपंप से प्यासे को पानी मिल पाना असंभव है हैंडपंप सूखे पड़े हैं। राहगीर या अजनबी को प्यास लगे तो प्यास बुझाने के लिए ग्राम सभा में निःशुल्क पेयजल की व्यवस्था नहीं है। ज्यादा दिक्कत राहगीरों को होती हैं।



ग्रामीण बिजली ट्रिपिंग से परेशान है। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि बिजली विभाग बार-बार की ट्रिपिंग पर लगाम नहीं लगाता है तो हम ग्रामीण धरना देने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान ग्रामीण राजू साहू, प्रियांशु, कैलाश, रामलाल, संजय गिरी, झुरु बाबा, ननकू गिरी, गुन्नू अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में जेई राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इंसुलेटर कमजोर होने की वजह से बिजली ट्रिपिंग की समस्या है जिसे दुरुस्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता से ग्रामीण राजेन्द्र गुप्ता ने बात करके बिजली की समस्या से अवगत कराया तो उन्होंने कहा कि तत्काल समस्या का निदान कराते हैं। लेकिन समस्या का निदान कौन कहे अब फोन ही नही उठा रहे हैं। योगी सरकार के जिम्मेदार अधिकारीयों का यह हाल है तो और कर्मचारियों के बारे में क्या कहा जा सकता है।

## दो बाइकों की टक्कर में दो घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरौंधा चौकी अंतर्गत नेशनल हाईवे सड़क महुअट पेट्रोल पंप के सामने बाइक सवार एवं साइकिल सवार में टक्कर होने से बाइक सवार एवं साइकिल सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहरौह निवासी बैजनाथ उम्र 65 वर्ष साइकिल से लोहरौह से खुटहां अपने बहन के शादी में शरीक होने के लिए जा रहा था कि जैसे ही नेशनल हाईवे सड़क महुअट पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा था कि विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल पर सवार विजय 16 वर्ष अजय 13 वर्ष पुत्र गण श्रीदेवी शंकर निवासी बरहुला कोराव प्रयागराज की बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर होने के बाद बाइक सवार एवं साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज बरौंधा सत्यनारायण भार्गव घायलों को एंबुलेंस की मदद से स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा गया। चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस द्वारा घायल के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

# कंटेनर चालक की उपचार के दौरान मौत

जनसंदेश न्यूज

**दुखद**

**खलासी का चल रहा है उपचार**

**मौत की खबर पर अस्पताल पहुंचे परिजन**

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र मीरजापुर रीवां राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर शनिवार दोपहर कोरियर लादकर जा रहे कंटेनर का ब्रेक फेल होने से कंटेनर अनियंत्रित होकर घाटी में सौ फीट नीचे जाकर पलट गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल कंटेनर चालक 32 वर्षीय बबलू यादव निवासी कटेना थाना जसराना जिला फिरोजाबाद व 23 वर्षीय खलासी राहुल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार हेतु एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ड्रमंडगंज ले गई जहां दोनों की हालत गंभीर देख मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया था। गंभीर रूप से घायल चालक बबलू यादव ने शनिवार की देर रात उपचार के दौरान मंडलीय चिकित्सालय में दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप घायल खलासी राहुल का उपचार मंडलीय चिकित्सालय में चल रहा है। मृत कंटेनर चालक का भाई अंकुर यादव घटना की खबर पाकर शनिवार की देर रात मंडलीय अस्पताल पहुंच गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि ड्रमंडगंज घाटी में हुए हादसे में गंभीर रूप घायल कंटेनर चालक की शनिवार देर रात उपचार के दौरान मंडलीय अस्पताल में मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# खड़े ट्रक में घुसा बाइक सवार, एक की मौत

जनसंदेश न्यूज

**एक गंभीर**

**स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर किया पाषाण बैरियर हटाने की मांग**

**पाषाण बैरियर पर अब तक हो चुकी है कइयों की मौत**

**अहरौरा।** स्थानीय क्षेत्र के अहरौरा जमुई मार्ग पर स्थित भगौती देई नहर के पास शनिवार की देर रात लगभग 9 बजे खड़ी ट्रक में मोटरसाइकिल सवार पीछे से घुस गया जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

बता दें कि भगौती देवी नहर पर पाषाण विभाग का बैरियर स्थित है जहां परमिट चेक कराने के लिए ट्रक चालक बीच सड़क में ट्रक खड़ा कर परमिट चेक कराने चले जाते हैं रात होने के कारण मोटरसाइकिल सवारों को पता नहीं चल पाता है। शनिवार रात को भी भगौती देई नहर पर ट्रकों की लाइन लगी हुई थी और एक ट्रक चालक अपनी ट्रक खड़ा कर परमिट चेक कराने गया हुआ था कि इसी बीच अहरौरा से जमुई की तरफ जा रहे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार खड़ी ट्रक में पीछे से घुस गया जिसमें राजन उर्फ राजू पुत्र शिवप्रसाद उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी नौगरहवा चुनार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भनटू हरिजन उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र रामचंद्रर निवासी नेवादा थाना अदलहाट गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क पर पत्थर रखकर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष कुमुद शेखर सिंह ने जाम हटाकर गाड़ियों को पास कराया और एंबुलेंस से घायल एवं मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा भेजा। स्थानीय लोगों की मांग थी कि यहां पाषाण विभाग का बैरियर होने कारण आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है। इसलिए बैरियर को यहां से हटाया जाए। बैरियर होने के कारण अब तक कई घटनाएं हो चुकी है। इसके पूर्व भी लोग बैरियर हटाने की मांग कर चुके हैं।

## श्री बृजराज आदर्श इंटर कॉलेज में प्रबंधकीय चुनाव हुआ संपन्न

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के चौखड़ा गांव स्थित श्री बृजराज आदर्श इंटर कालेज में प्रबंधकीय चुनाव सकुशल संपन्न हुआ। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कड़ी टक्कर दिखाई दे रही है। ज्ञात हो कि वर्तमान प्रबंधक विरेन्द्र सिंह उर्फ बच्चा का कार्यकाल समाप्त होने पर पुनः चुनाव कराए जाने की प्रक्रिया की गई थी। इस दौरान 4 जून की नियत तिथि पर चुनाव कराया गया। इस दौरान विद्यालय के कुल लगभग 2300 मतदाताओं में 1877 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनावी माहौल में विरेन्द्र सिंह उर्फ बच्चा तथा बृजेश कुमार सिंह उर्फ बीके सिंह ने अपने पैनल के सदस्यों की टीम बनाकर सदस्यों के बीच जाकर अपना पक्ष रखा है जिससे दोनों पक्षों के बीच कड़ी टक्कर दिखाई दे रही है वहीं मतदाताओं के बीच अपनी मजबूत इच्छाशक्ति रखने के लिए दोनों पक्षों ने कड़ी मेहनत की है। जहां प्रबंधक पद के दोनों उम्मीदवारों ने जीत के प्रति अपनी प्रबल दावेदारी मजबूती से पेश की है। शाम लगभग 5 बजे तक लगभग क्षेत्र ही नहीं बल्कि दूर दराज से आए मतदाताओं ने बंपर वोटिंग कर पूरे समीकरण को प्रभावित किया है। हालांकि पूरी स्थिति मतगणना के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। मतपेटियों को प्रशासनिक अधिकारियों के निगरानी में रखा गया है और वोटों की गिनती देर रात तक पूरी होने की संभावना जताई जा रही है तथा 5 जून की शुबह अंतिम परिणाम घोषित किया जाएगा।

# दलालों की कट रही चांदी

**धोखाधड़ी**

**किसान सम्मान निधि के नाम पर वसूल रहे मोटी रकम**

**शुल्क न देने पर मिलती है किसानों को धमकी**

जनसंदेश न्यूज

**कलवारी।** स्थानीय तहसील मड़िहान के अंतर्गत जन सेवा केंद्र संचालक राजेश कुमार दुबे मड़िहान तहसील में संविदा कर्मी के रूप में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। इन दिनों गांव - गांव में कैंप लगाकर किसान सम्मान निधि योजना के संशोधन, अपडेसन, ईकेवाईसी, लैंड सीडिंग का कार्य किया जा रहा है। जिससे किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों को योजना का लाभ मिल सके। किसान सम्मान निधि योजना के सुधार अपडेशन के नाम पर तहसील कर्मचारियों की मिलीभगत व संविदा कर्मी के द्वारा मोटी रकम किसानों से वसूलने का मामला प्रकाश में आया है। पैसा ना देने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने और योजना के लाभ से वंचित करवाने का धमकी दिया गया है। ग्राम सभा में लगे कैंप में अशोक कुमार निवासी बेदौली के अभिलेखों को संविदा कर्मी के द्वारा अपने पास रख लिया गया व धमकी दिया गया कि इस योजना के तहत प्राप्त धनराशि को मुझे दे दो वरना जेल जाना पड़ेगा।

यह कोई पहला वाकया नहीं है इस तरह की घटनाएं कई किसानों के साथ हो चुकी हैं। योजना का लाभ दिलवाने के नाम पर इस संविदा कर्मी के द्वारा गांव गांव जाकर पैसे वसूले जा रहे हैं। कर्मी के पास बकायदा सूची है। वसूली में तहसील कर्मी भी संलिप्त हैं। किसान अशोक कुमार ने लिखित तहरीर मड़िहान थाने में देकर संविदा कर्मी के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग व अपने अभिलेखों को वापस दिलवाने की मांग की है। किसान ने बताया कि दबंग संविदा कर्मी मारपीट करने पर भी आमादा है अभिलेख मांगने पर भद्दी भद्दी गालियां भी दे रहा है।

## ताबड़तोड़ चोरियों से क्षेत्र में है दहशत का माहौल

**दो माह के भीतर भवन का ताला तोड़कर दूसरी बार हजारों की चोरी**

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मदापुर ग्राम सभा के पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोर पंचायत भवन में रखे हजारों रुपए के इलेक्ट्रानिक सामान उठा ले गए। पंचायत सहायक रविवार को किसी काय बस जब उधर गए तब उनको घटना की जानकारी हुई। ग्राम प्रधान ने बताया कि यह दूसरी बार चोरी हुई है। ग्राम प्रधान विकास यादव ने बताया कि चोर पंचायत भवन में रखे कंप्यूटर, हार्ड डिक्स, प्रिंटर, दस कुर्सियां, दो वीआईपी कुर्सी के साथ साथ पंचायत भवन में लगे सीसी कैमरा एवं डीवीआर भी चोर उठा ले गए। ग्राम प्रधान ने बताया कि दो महीने पूर्व 23 मार्च को इसी पंचायत भवन में कंप्यूटर एवं अन्य सामग्री चोर उठा ले गए थे, जिसका खुलासा अभी तक नही हो पाया है। चोरी के बाद नया कंप्यूटर कुर्सी प्रिंटर व अन्य सामान सहित सी सी कैमरा पंचायत भवन में लगवाया गया था। ग्राम प्रधान ने पुलिस को तहरीर दे दी है। थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर घटना की जांच की जा रही है।

# किसी संग्राम से कम नहीं तत्काल टिकट पाना

**यह है हाल**

**रेलवे आरक्षण टिकट काउंटर पर हो रहा आए दिन विवाद**

**रेलवे अधिकारियों की लापरवाही कही जाए या गैर जिम्मेदाराना रवैया**

**तत्काल टिकट निकालने को लेकर कभी विवाद तो कभी हो रही मारपीट**

जनसंदेश न्यूज


महिला को समझाता जवान

**मीरजापुर।** जी हां यह हाल है मीरजापुर रेलवे स्टेशन के आरक्षण टिकट काउंटर का जहां आए दिन तत्काल टिकट निकालने को लेकर यात्रियों में कभी विवाद तो कभी मारपीट हो रही है। और जिम्मेदार बोलने के तैयार नहीं है। रविवार की सुबह आरक्षण टिकट काउंटर पर लाइन में खड़े होने को लेकर महिला ने जमकर बवाल काटा। नेवरिया घाट से आई महिला ने मुंबई जाने के लिए टिकट निकालने को लाइन में खड़ी हुई थी। जहां सुबह 8:00 बजे आरक्षण टिकट काउंटर का गेट खुलने के बाद यात्रियों द्वारा लगाई गई लाइन में जब महिला से वार्ता की गई तो महिला ने बताया कि कुछ यात्रियों द्वारा पहले नंबर पर लगने के बाद भी उसका नंबर कट गया। जिसको लेकर महिला ने जमकर आरक्षण टिकट काउंटर पर उत्पात मचाया। वही इसकी सूचना जब आरपीएफ और जीआरपी पुलिस को दी गई तो मौके पहुंचे आरपीएफ और जीआरपी पुलिस ने महिला को काफी समझाया बुझाया लेकिन महिला ने घंटे भर जमकर बवाल मचाया। आए दिन आरक्षण टिकट काउंटर पर टिकट निकालने को लेकर विवाद तो कभी मारपीट का नजारा देखते ही बनता है। अभी 1 हफ्ते पहले टिकट निकालने को लेकर एक वृद्ध को कुछ लोगों ने पीट दिया था जिसकी तहरीर वृद्ध ने कटरा थाने में दी थी। आखिर आरक्षण टिकट काउंटर पर आए दिन टिकट निकालने को लेकर मारपीट और विवाद हो रहा है इसका जिम्मेदार कौन है। इसे रेलवे अधिकारियों की लापरवाही कहीं जाए या गैर जिम्मेदाराना रवैया लगभग हर रेलवे स्टेशन पर आरक्षण टिकट काउंटर पर टिकट निकालने वालों के लिए व्यवस्था की गई है लेकिन मीरजापुर रेलवे स्टेशन पर आखिर रेलवे अधिकारियों द्वारा क्यों ऐसी लापरवाही की जा रही है ऐसे में कभी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है तो इसका जिम्मेदार आखिर कौन होगा?

## आशीष कुमार मिश्रा तीन साल के लिए बने अध्यक्ष

**मीरजापुर।** इलाहाबाद बैंक स्टाफ एसोसिएशन इकाई की आम सभा के तहत इंडियन बैंक की डंकीनगंज शाखा में रविवार को जिले की 37 शाखाओं के कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें आगामी सत्र वर्ष 2023 से 2026 तक के लिए पदाधिकारियों एवं प्रांतीय परिषद के सदस्यों का सर्वसम्मति से निर्वाचन किया गया। यह जानकारी देते हुए जिला मंत्री सुरेश पांडेय ने बताया कि जगदीश प्रसाद उपाध्याय को संरक्षक, आशीष कुमार मिश्रा को अध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह व राजेंद्र को उपाध्यक्ष, दीपक कुमार को संयुक्त मंत्री, दीपक कुमार शुक्ला व संदीप कुमार जायसवाल को कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार, रितेश कुमार, देव कुमार, नीरज पांडेय, अश्वनी सिंह, सुरेंद्र, राजेश्वर सोनकर, विकास कुमार, मोनिका कक्कड़ ,राम बहादुर, विष्णु शर्मा, संदीप कुमार, राजेश यादव, सत्यम सिंघल को संगठन मंत्री एवं छाया देवी, देवेंद्र चौरसिया, सुधीर गुप्ता, सुधीर मिश्रा, अंजनी चौहान, रोशन कुमार, नीरज पांडे, कौशल कुमार गौड़, प्रमोद यादव, महेंद्र प्रसाद, कमलेश कुमार को सहायक मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया। साथ ही इसी कड़ी में 25 कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन हुआ।

# बरैनी निषाद बस्ती में नालियों की समस्या

**परेशानी**

**वादा कर भूल गए विधायक जी**

**नाली बनवाने की बात तो रही दिगर दुर्लभ हो गया नेता जी का दर्शन**

**मीरजापुर।** मझवां विधानसभा में निषाद पार्टी के विधायक विनोद बिंद चुने गए हैं। पर एक साल बीतने के बाद भी मझवां विधायक विनोद कुमार बिंद बरैनी गांव के निषादों से वादा किया था कि अगर हम चुनाव जीतते हैं तो पहला कार्य बरैनी में होंगा पर विधायक निधि का एक भी काम मझवां ब्लॉक में नहीं दिख रहा है। यह कहना है बरैनी गांव के निषाद बस्ती के लोगों का। बरैनी गांव के निषाद समाज के नई बस्ती में घर का पानी बहाने और बरसात का पानी निकालने के लिए नाली नहीं है। बस्ती के लोगों ने बताया कि बरसात आने वाला है हम लोगों को भीर एक बार बरसात में घरों से निकलने और घर का गंदा पानी निकालने की समस्या से जुझना पड़ेगा। कई बार प्रधान, ब्लाक प्रमुख और विधायक को लिखित रूप से प्रार्थना पत्र दिया गया पर हम बस्ती के लोगों के उपर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। केवल वोट के समय ही बड़े बड़े वादे विधायक विनोद कुमार बिंद ने किया था। प्रधान और प्रमुख ने कहा कि इसमें नाला बनाने में कम से कम अस्सी से नब्बे लाख रूपया खर्च आएगा। यह बजट केवल विधायक निधि से ही हो सकता है। प्रधान अशोक सिंह का कहना है कि हमने बस्ती में इंटर लिकिंग के लिए प्रस्ताव बनाया है नाली पर एक करोड़ के लगभग खर्च आएगा। हम थोड़ा थोड़ा तो बना सकतें हैं पर इससे पानी निकालने में समस्या होगी। प्रमुख दिलीप सिंह ने बताया कि उस क्षेत्र के क्षेत्र पंचायत सदस्य महात्मा निषाद द्वारा प्रस्ताव दिया गया है। निषाद बस्ती के लोगों की बड़ी समस्या है उसे बनाने के लिए अलग से बजट के लिए शासन को प्रस्ताव बना कर भेजा गया है। विधायक विनोद कुमार बिंद में कहा कि बरैनी के निषाद बस्ती में नाली निर्माण कराने का मामला हमारे संज्ञान में है। इधर काम से व्यस्तता और चुनाव की वजह से कार्य नहीं हो सका था परंतु मैं अपने प्रतिनिधि को भेज कर प्रस्ताव बनवा रहा हूं जल्द ही निषाद बस्ती का नाला बन कर तैयार हो जाएगा।

## संक्षेप

### टीम ने किया चकरोड का सीमांकन



**लालगंज।** जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व कर्मियों द्वारा बरौंधा पुलिस की मौजूदगी में चकरोड का सीमांकन किया गया। जानकारी के अनुसार राजकीय बालिका इंटर कालेज बरौंधा के बगल से गुजरने वाली चकरोड पर अतिक्रमण के चलते आवागमन अवरूद्ध हो गया था। स्थानीय कठार निवासी सुरेश कुमार मिश्र के प्रार्थना पत्र पर शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी द्वारा टीम गठित कर पैमाइश करने का निर्देश दिया गया था। जिसके क्रम में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा स्थानीय ग्रामीणों और ग्राम प्रधान की मौजूदगी में चकरोड का सीमांकन किया गया। इस दौरान बरौंधा चौकी इंचार्ज धर्म नारायण भार्गव, प्रधान प्रतिनिधि गोपाल कोल, क्षेत्र पंचायत सदस्य शांतनू मिश्र, इंद्र देव मिश्र, देवेन्द्र कुमार मिश्र, ग्राम विकास अधिकारी गौरव राणा, लेखपाल श्याम धर पाण्डेय, मनोज कुमार मिश्र मौजूद रहे। चकरोड सीमांकन के पश्चात अगल बगल के काश्तकारों को चेतावनी दी गई कि अगर चकरोड पर दुबारा अतिक्रमण किया गया तो संबंधित के साथ विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### थानाध्यक्ष व उपनिरीक्षकों के साथ एसपी नक्सल ने किया बैठक



**हलिया।** स्थानीय थाना परिसर में रविवार को एडीशनल एसपी आपरेशन ओपी सिंह ने विवेचना निस्तारण के संबंध में थानाध्यक्ष विष्णुप्रभा सिंह व उपनिरीक्षकों के साथ बैठक किया। एडीशनल एसपी ने लंबित विवेचनाओं का जल्द से जल्द निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। कहा कि विवेचना के निस्तारण में लापरवाही नही बरते और समय से निस्तारण करें। महिला अपराध से संबंधित विवेचनाओं के निस्तारण में कोताही नही बरतने का निर्देश उपस्थित उपनिरीक्षकों को दिया। एडीशनल एसपी ने आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु वाहन चेकिंग तथा रात्रि गश्त में तेजी लाने का निर्देश थानाध्यक्ष विष्णुप्रभा सिंह को दिया। इस दौरान उपनिरीक्षक बाली मौर्य, श्याम लाल, संजय कुमार, हरिकेश आजाद इत्यादि उपस्थित रहे।

### वेंकटेश तिवारी को मिली कटरा की कमान



**मीरजापुर।** रविवार को पुलिस अधीक्षक ने कटरा कोतवाली की जिम्मेदारी वेंकटेश तिवारी को सौंपा। तैनाती के बाद नये कटरा कोतवाल ने थाने में जाकर चार्ज ग्रहण किया। और कहा कि कप्तान और शासन के मंशानुरूप जनता की सेवा में कोई कोताही नहीं करूंगा। लोगों पर पुलिस का भरोसा कायम रखने का भी आश्वासन दिया। बताते चलें कि वेंकटेश तिवारी पुलिस अधीक्षक के पीआरओ सेल व मीडिया प्रभारी रह चुके हैं। इसके पूर्व भी वे जनपद में कार्यरत रहे, जब उनके ऊपर पड़री थाने की जिम्मेदारी रही। रविवार को एक बार फिर से उनको कटरा कोतवाली की जिम्मेदारी मिली है।

### उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी निजी भवन में संचालित हो रहा न्यायालय

**लालगंज।** उपरौध अधिवक्ता समिति लालगंज के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने शनिवार को जिलाधिकारी को पत्रक देते हुए कहा कि हलिया एवं मवई कलां में चल रहे चकबंदी न्यायालय को लालगंज तहसील के सरकारी बिल्डिंग में स्थानांतरित किया जाए। जिससे वादकारियों को सही न्याय मिल सके। तहसील लालगंज के दूरस्थ हलिया, एवं मवई कला, रतेह में चकबंदी न्यायालय प्राइवेट भवन में चलाया जा रहा था। जिसके विरोध में रिट याचिका पर हाईकोर्ट ने चकबंदी न्यायालय प्राइवेट निजी भवन में न चलाने का निर्देश देते हुए सरकारी बिल्डिंग में चलाने का निर्देश दिए जाने के क्रम में रतेह में संचालित हो रहे चकबंदी न्यायालय को लालगंज सरकारी बिल्डिंग में स्थानांतरित किया गया किंतु अभी हलिया व मवई कला के चकबंदी न्यायालय को लालगंज में संचालित नहीं कराया जा रहा है। जिसे जनहित एवं न्याय हित में प्राइवेट भवन में चलाए जा रहे चकबंदी न्यायालय को लालगंज सरकारी बिल्डिंग में संचालित कराया जाए जिससे वादकारियों को सही न्याय मिल सके निजी भवन में चकबंदी न्यायालय का सही न्याय नहीं मिल पा रहा है। इस अवसर पर समिति के दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

### प्रोजेक्ट मिलन के तहत से 5 बिछड़े दम्पतियों को मिलाया गया

**मीरजापुर।** प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र को बड़ी सफलता मिली। काउंसिलिंग के माध्यम से 5 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 5 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी, थाना महिला उपनिरीक्षक शशि तिवारी, महिला आरक्षी सपना तथा सदस्यगण निर्मला राय आदि उपस्थित रहे।

### नाबालिग को भगाने के आरोपी को भेजा जेल

**मीरजापुर।** बीते दो जून को थाना लालगंज क्षेत्रा निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा नाबालिग के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी व अपहृता की बरामदगी करने हेतु क्षेत्राधिकारी लालगंज व प्रभारी निरीक्षक लालगंज को निर्देश के क्रम में रविवार को प्र0नि0 लालगंज ज्ञानू प्रिया मय पुलिस बल द्वारा थाना लालगंज पर एक्ट से सम्बन्धित अपहृता की बरामदगी करते हुए आरोपर अनिल कुमार मौर्या पुत्र अशोक कुमार मौर्या निवासी कठवार थाना लालगंज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### शपथ ग्रहण समारोह आज

**अहरौरा।** अहरौरा क्रय विक्रय समिति का शपथ ग्रहण 5 जून को सायं काल 4 बजे होगा। उक्त जानकारी देते हुए क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष रामधनी सिंह ने बताया कि शपथ ग्रहण से पूर्व साफ सफाई इत्यादि का कार्य सहकारी समिति कराकर तैयारी पूरी कर ली गई है। रविवार को सहकारी समिति पर रामधनी सिंह अध्यक्ष, उपेन्द्र प्रकाश सिंह, अरविंद कुमार सिंह, मनीष सिंह, दीपक सोनकर, अश्वनी पटेल, राजेश पटेल सचिव, शिवश्याम सचिव के साथ बैठक कर तैयारी की रुप रेखा तय की गई और साफ सफाई कराया गया।

### साइकिल रेस का आयोजन

**मीरजापुर।** पाल्क संस्था द्वारा लालडिग्गी स्तिथ शाखा पर चलाये जा रहे निःशुल्क समर कैम्प में विश्व साईकिल दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच साईकिल रेस का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने फास्ट रेस के साथ स्लो रेस में भाग लिया। रेस में भाग लेकर प्रथम स्थान पर नमन, द्वितीय स्थान पर विद्या प्रजापति, तृतीय स्थान पर श्रद्धा व चतुर्थ स्थान पर कृष्णा रहे। सभी विजेताओं को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेविका जसबीर कौर ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। संस्था द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तुषार विश्वकर्मा, हर्षदीप कौर, मंशा कुमारी, आरती यादव, पूर्णिमा गुप्ता, शिवानी यादव, सोनम गुप्ता आदि शामिल रही।

### शतचंडी महायज्ञ व श्रीराम कथा का शुभारंभ आज से

**हलिया।** विश्व के कल्याण एवं शांति के लिए गड़बड़ा धाम स्थित मां शीतला के प्रांगण में बीएसएनल टावर के पास सोमवार से शतचंडी महायज्ञ व श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा। जिसमें प्रयागराज के प्रकांड विद्वानों द्वारा शतचंडी महायज्ञ को विधि-विधान पूर्वक क्षेत्रीय ग्रामीणों के सहयोग से किया जाएगा। शतचंडी महायज्ञ व श्रीराम कथा के आयोजक भगवान परशुराम अखाड़ा प्रयागराज के परशुरामाचार्य सुदर्शन शरण जी महाराज ने बताया कि विश्व कल्याण के लिए गड़बड़ा धाम में सप्तदिवसीय शतचंडी महायज्ञ व श्रीराम कथा आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य पंडित रवि शंकर तिवारी ने शतचंडी महायज्ञ व श्रीराम कथा में क्षेत्रीय लोगों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

### सर्पदंश से अधेड़ की मौत

**मीरजापुर।** मड़िहान थाना क्षेत्र के परसोना गांव में सर्प के काटने से अधेड़ की मौत हो गई। रविवार की सुबह मड़िहान थाना क्षेत्र के परसोना गांव निवासी शिव कुमार पटेल उम्र लगभग 55 वर्ष अपने भुसावल से भूसा निकल रहा था तभी सांप ने काट लिया। आनन-फानन में परिजनों ने अधेड़ को झड़वाने फुकवाने ले गए, जिसके बाद हालत न सुधरने पर मड़िहान स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया।

# भाजपा पर जमकर बरसे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव

**साधा निशाना**

### जनपद भ्रमण के दौरान की प्रेसवार्ता

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने आजमगढ़ भ्रमण के दौरान भाजपा पर जमकर निशाना साधा। वे आजमगढ़ में शादी समारोह में शामिल होने के बाद रविवार को सठियांव जाते समय मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र के जमुड़ी गांव निवासी पूर्व विधायक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष हाजी मोबीन अहमद के आवास पर पहुंचे। पूर्व विधायक हाजी मोबीन अहमद सहित उनके परिवार का हाल जाना। विधायक के आवास पर पत्रकार वार्ता में बोलते हुए सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जिन लोगों ने बेटी बचाओं का नारा दिया आज उनकी सरकार में पहलवान बेटियां न्याय की मांग को लेकर सड़क पर धरना दे रही हैं। सरकार से न्याय के बदले उन पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। इस सरकार में सबसे ज्यादा बेटियों को अपमानित किया जा रहा है। बेटी बचाओ की जमीनी हकीकत अब



प्रेसवार्ता को संबोधित करते पूर्व सीएम अखिलेश यादव।

सबके सामने है। आजमगढ़ में हवाईपट्टी के विस्तारी करण पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा वाले बताये कौन सी जहाज यहां नहीं उतर पा रही है। यह आजमगढ़ की जनता के साथ छलावा मात्र है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि जयन्त के साथ गठबन्धन बरकरार है। पत्रकार वार्ता में मीडिया बन्धुओं पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जिन मुद्दों को लेकर मीडिया पूर्व में हंगामा खड़ा करती थी आज वह चुप है। अगर वह फिर हंगामा शुरू कर दे तो सड़कों पर न्याय के लिए भटक रही बेटियां को न्याय मिल जायेगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी हो जायेगी।

## सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जौनपुर ने निजी बस चालक पर दर्ज कराया मुकदमा

**अंजानशहीद आजमगढ़।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के आजमगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर बगहीडांड पुल पर प्राइवेट बस व सरकारी बस में आमने सामने भीषण भिड़ंत में 41 लोग घायल हो गये जिसमें सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जौनपुर की तहरीर पर जीयनपुर पुलिस ने निजी बस चालक पर मुकदमा दर्ज किया। शनिवार की सुबह 10 बजे आजमगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर बगहीडांड पुल पार करते समय लोहिया ग्रामीण सेवा जौनपुर जो गोरखपुर जा रही थी के चालक विनोद कुमार यादव व परिचालक संजय सामने से आ रही प्राइवेट बस एसबीएस की जोरदार टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें सरकारी बस गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई वही दर्जनों लोग घायल हो गए जिसके बाद अशोक यादव सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जौनपुर ने जीयनपुर थाने पर तहरीर देकर लापरवाही पूर्वक बस चलाने व सरकारी बस की क्षतिपूर्ति के साथ चालक व परिचालक के गंभीर रूप से घायल होने पर निजी बस चालक अज्ञात पर मुकदमा पंजीकृत कराया।

# टिफिन बैठक कर महा जनसंपर्क अभियान का किया शुभारंभ

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी विधानसभा के जीयनपुर कस्बा में स्थित केएन सिंह महाविद्यालय पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल 9 वर्ष पूरा होने पर सांसद ने पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ भोजन कर महा जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया और रणनीति बनायी।



सांसद संग टिफिन बैठक करते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

रविवार को केएन सिंह महिला महाविद्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 9 वर्ष पूरा होने पर जनसंपर्क महाअभियान के तहत सगड़ी विधानसभा के पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह, पूर्व विधायक बंदना सिंह, अरविंद जायसवाल, जिला संयोजक नागेंद्र पटेल ने पंडित दीनदयाल के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर टिफिन बैठक का शुभारंभ किया। इस दौरान क्षेत्र के पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारी सोनू सिंह, संतोष जायसवाल, रामजन्म सिंह, जयप्रकाश सिंह सहित दर्जनों की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ व जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने महा जनसंपर्क अभियान की रणनीति बनाई। भाजपा की संयुक्त मोर्चा संगठनों की 6 जून मंगलवार की सुबह पंडित नगीना स्मारक महाविद्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी।

इस अवसर पर चंद्रशेखर सिंह, डॉ.गोविंद तिवारी, डॉ.राघवेंद्र सिंह, संजय राम आदि मौजूद रहे।

# अवैध अतिक्रमण पर नरहन में चला प्रशासन का बुलडोजर

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के नरहन गांव में प्रशासन का बुलडोजर चला। सगड़ी तहसीलदार ने ग्राम समाज की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाया।

रविवार को सगड़ी तहसीलदार शक्ति प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल व राजस्व टीम के साथ नरहन गांव में ग्राम समाज की भूमि से अवैध अतिक्रमण सगड़ी तहसीलदार न्यायालय के आदेश के बाद खाली कराया गया। विदित हो गाटा संख्या 165 पर .075 हेक्टेयर ग्राम समाज की भूमि है जिस पर चहार दीवारी व दो कमरा पक्का निर्माण कर नाद, कटरैन आदि रखकर लालमन व महेंद्र पुत्रगण रामजीत निवासी नरहन खास गांव में अवैध रूप से कब्जा कर रखा था जिसको राजस्व निरीक्षक राकेश पांडेय व लेखपाल प्रदीप श्रीवास्तव के साथ राजस्व टीम व अजमतगढ़ चौकी इंचार्ज राजेंद्र सिंह पटेल जीयनपुर एसआई उमाशंकर यादव ने पहुंचकर जेसीबी से अवैध रूप से निर्मित चाहरदीवारी नाद कटरैन को हटवा दिया। वहीं दो पक्के कमरों को हटाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया। विदित हो मौर्य बस्ती में दर्जनों परिवार की नाली व चक मार्ग बाधित होने पर सगड़ी तहसीलदार शक्ति प्रताप सिंह ने पहुंचकर अवैध अतिक्रमण को हटवाया।



नरहन में अतिक्रमण हटवाता प्रशासन।

## मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवकों की मौत

**आजमगढ़।** मंदुरी एयरपोर्ट के पास शनिवार की शाम अज्ञात वाहन और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के समय दोनों अपने परिवार की बिटिया की विदाई करा कर वापस लौट रहे थे। लड़की व अन्य लोग चार पहिया वाहन में सवार थे।

अंबेडकरनगर जिले की रहने वाली एक लड़की की शादी कंधरापुर थाना क्षेत्र के दूधनारा गांव में हुई थी। लड़की के मायके से शनिवार को परिजन व रिश्तेदार विदाई कराने के लिए आए थे। इसमें अंबेडकर नगर जिले के इमादपुर निवासी चंद्र विजय 40 वर्ष व सुनील 36 वर्ष निवासी समडीह भी शामिल थे। लड़की की विदाई होने पर लड़की और परिवार के अन्य लोग कार में सवार हो गए। चंद्र विजय व सुनील बाइक से आ रहे थे। अभी दोनों मंदुरी एयरपोर्ट के पास ही पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# युवाओं की 2024 में भूमिका रहेगी महत्वपूर्ण

### युवा भारत के नाम पर जाना जा रहा है देशः रणजीत राय

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय डाक बंगले में भारतीय जनता युवा मोर्चा की कार्यकताओं की बैठक हुई। मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत राय तथा विशिष्ट अतिथि अतरौलिया मंडल के अध्यक्ष सुनील पांडेय मौजूद थे।

युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष रणजीत राय का आजमगढ़ युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नीरज तिवारी द्वारा स्वागत किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत राय ने कहा कि 2024 में युवाओं की देश की विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। आज युवाओं के बदौलत देश को युवा भारत के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के 9 साल पूरा होने पर महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है जिसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने बताया कि 18 से 25 वर्ष के नए वोटरों के लिए मेरा पहला वोट मोदी सरकार के नाम का विशेष अभियान है।



बैठक को संबोधित करते रणजीत राय।

नीरज तिवारी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में हम युवाओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुरानी कहावत है जिस ओर रवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है। ऐसे में हम युवाओं की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि सरकार की नीतियां उनके विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाएं।

यही युवा साथी भारत के विकास के ऐतिहासिक गवाह बनेंगे। बैठक में आगम सिंह, अंकित गुप्ता, प्रदीप पांडे, सौरभ सिंह, समर सिंह, अंकुर राय सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# सरकार के रवैये से बुनकर हो रहे पीड़ित

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के बुनकरों को लूम चलाने के लिए मार्च 23 तक एक रूम पर एक किलो वाट बिजली के लिए 183 रुपया देना पड़ता था अब यानी एक अप्रैल 2023 से उत्तर प्रदेश सरकार 800 रुपए से ज्यादा वसूल रही है जो सरासर गलत है। धागे पर 12 प्रतिशत तथा तैयार साड़ी कपड़े पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। सरकार के इस अन्याय पूर्ण रवैया से बुनकारी का धंधा 50 प्रतिशत पूरी तरह से बंद हो गया है। उक्त बातें ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद अली अनवर अंसारी, उपाध्यक्ष हाजी निसार अहमद तथा प्रदेश अध्यक्ष रफीक अंसारी ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते अली अनवर अंसारी व अन्य।

उन्होंने कहा कि खेतों के बाद सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार देने वाले इस धंधे के साथ सरकार ऐसा रवैया कर रही है। यहां के बुनकरों का तैयार माल महंगा होने के कारण नहीं बिक रहा है। श्री अनवर ने पत्रकारों से एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा सरकार एक तरफ तो पसमांदा मुसलमानों से इतने की बात करती है लेकिन अमल में उनके धंधे को तबाह करने पर तुली हुई है।

मॉबलिंचिंग तथा सरकारी बुलडोजर से भी ज्यादा शिकार पसमांदा मुसलमान ही होता है। श्री अनवर ने भाजपा की केंद्र सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि दलित मुसलमान और दलित ईसाइयों को आरक्षण के सवाल पर सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मुकदमों में लिखकर दे दिया है कि वह इस तरह के आरक्षण हरगिज नहीं देगी। इस अवसर पर नसीमुद्दीन अंसारी, इंतखाब आलम, अंसार अहमद तथा सिराज अहमद कुरेशी, वसीम अहमद, मोहम्मद राशिद आदि मौजूद रहे।

## जय गुरुदेव सत्संग में उमड़ा जनसैलाब

**संजरपुर (आजमगढ़)।** क्षेत्र के जय गुरुदेव आश्रम खानपुर सरायमीर में दूसरे दिन सत्संग सुनने के लिए जय गुरुदेव भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बहराइच से पधारे बराती लाल मौर्य ने कहा कि मानव शरीर अनमोल है। मालिक की जब कृपा होती है तब जाकर मानव जीवन मिलता है। जब मनुष्य मां के गर्भ में रहता है तो उसे बड़ी पीड़ा होती है। वह मालिक से प्रार्थना करता है कि मालिक पीडा से बाहर कर दो, मैं रात दिन आपकी इबादत पूजा करूंगा। लेकिन इंसान जब दुनिया में आ जाता है तो सब कुछ भूल जाता है। एक दूसरे को पीड़ा देने में ही अपना महत्व समझता है। लेकिन ऐसा करने वाले कभी सुख शांति से नहीं रह सकते। सुख शांति से रहना है तो दूसरों को खुश रखना होगा। मथुरा के राष्ट्रीय उपदेशक सतीश चंद्र महाराज ने कहा कि बाबाजी का एक ही सपना था कि सभी को शाकाहार बनाकर सबको रोग मुक्त कर दिया जाय। सत्संग में भारी संख्या में सतीश चंद्र महाराज का प्रवचन सुनने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा था। भीड़ काबू रखने के लिए पुलिस के साथ-साथ कार्यकर्ता भी लगे हुए थे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामचरण यादव, डॉ.जेपी यादव, राम भुवन मौर्या, गिरीश चंद्र, दिनेश यादव, सुखी यादव, राम मिलन यादव, गोरे सिंह, संतोष सोनी, राजाराम यादव आदि उपस्थित रहे।

# स्मार्ट फोन पाकर खिले युवाओं के चेहरे



स्मार्ट फोन के साथ छात्र छात्राएं।

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र स्थित सुशीला ग्रामीण पीजी कॉलेज रतुआपार द्वारा उत्तर प्रदेश में अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्मार्टफोन व टेबलेट का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि शंभूनाथ सिंह (पूर्व मंत्री) रहे।

स्मार्टफोन टेबलेट वितरण सत्र 2021-22 में बीए तृतीय वर्ष एवं एमए द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को जिनका नाम सूची में संस्तुत किया गया था उन सभी को 21 स्मार्टफोन 13 टेबलेट वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं में खुशी देखने को मिली। मुख्य अतिथि शंभूनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अध्ययनरत छात्र छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु लाभ प्रदान करने के लिए दिया जा रहा है। इससे युवाओं को तकनीकी ज्ञान की प्राप्ति होगी और शिक्षा में काफी फायदा होगा। इस मौके पर व्यवस्थापक चंद्रशेखर सिंह एडवोकेट, नोडल अधिकारी मनोज कुमार, मनोज कुमार यादव, रामाज्ञा मौर्य आदि मौजूद रहे।

# कुडो कैम्प का किया समापन



प्रमाण पत्र के साथ कुडो खिलाड़ी।

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** कुडो स्पोर्ट एसोसिएशन द्वारा 8वाँ जिला कुडो ट्रेनिंग कैम्प का समापन समारोह रविवार को सर्वोदय पब्लिक स्कूल में किया गया।

मुख्य अतिथि प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव एवं विसुंदेव यादव द्वारा कुडो खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कुडो आजमगढ़ के अध्यक्ष संजय यादव, सचिव देवेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष हिमांशु यादव के नेतृत्व में यह 10 दिनों का ट्रेनिंग कैंप संपन्न हुआ। इस कुडो ट्रेनिंग कैम्प में प्रशिक्षक सेम्पई नवदीप सिंह, सेम्पई लक्ष्मीकांत मिश्रा, सेम्पई विनोद कनौजिया, सेम्पई संदीप गुप्ता, सेम्पई संघर्ष आजाद द्वारा कुडो की विभिन्न कलाएं सिखाई गई। कुडो आजमगढ़ के अध्यक्ष संजय यादव ने कुडो आजमगढ़ के प्रशिक्षकों को धन्यवाद एवं खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## अतिक्रमण हटाने के लिए करायी गयी मुनादी

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन सख्त हो गया है जिसके क्रम में केसरी चैक से लेकर बब्बर चैक तक सड़क पटरियों पर किए गए अतिक्रमण को खाली कराया गया। उक्त क्रम में रविवार को एसडीएम बूढ़नपुर नवीन प्रसाद के आदेशानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्र से मुनादी कराई गई। मुनादी के दौरान बताया गया कि आजमगढ़ से लखनऊ जाने वाले मुख्य मार्ग तथा नगर पंचायत में सड़क के पटरियों पर अतिक्रमण किया गया हो या नाले के ऊपर अथवा गुमटी ठेला टीन सेड़ या तिरपाल किसी प्रकार का अतिक्रमण किया गया है तो रविवार सायं तक उसे खाली करा दें, अन्यथा इन सभी पर बुलडोजर की प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी जिसके जिम्मेदार अतिक्रमणकर्ता स्वयं होंगे। इसके लिए अतिक्रमणकर्ता से जुमार्ना भी वसूला जाएगा। अतः समय रहते अतिक्रमण की गई भूमि से अपना कब्जा हटा लें अन्यथा बुलडोजर की कार्रवाई में काफी नुकसान होने की संभावना है।

# क्रिकेट व फुटबाल मैच से सांसद खेल महोत्सव का हुआ आगाज

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** सांसद खेल महोत्सव का आयोजन सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सदर सांसद दिनेश लाल यादव व जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने संयुक्त रूप से खेल का उद्घाटन किया।

सांसद खेल महोत्सव में 20 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं जो आजमगढ़ संसदीय क्षेत्र के निवासी हों। इस खेल महोत्सव में फुटबाल, क्रिकेट, वालीबाल, कुश्ती एवं कबड्डी, बैडमिंटन में बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रथम दिन पल्हनी बी बनाम जहानागंज के बीच क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें पल्हनी बी ने जहानागंज को 6 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। दूसरा मैच में सठियांव ने महराजगंज की टीम को 64 रनो से शिकश्त देकर सेमी फाइनल में जगह बनायी। तीसरे मैच में



मशाल जलाकर सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करते सदर सांसद दिनेश लाल यादव व डीएम विशाल भारद्वाज।

पल्हनी ए ने बिलरियागंज को 104 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। अंतिम मैच में तरवां ने रानी की सराय को तीन रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। फुटबाल मैच पल्हनी ए बनाम बिलरियागंज के बीच खेला गया। पल्हनी ए ने बिलरियागंज को 4-2 से पराजित किया। दूसरा मैच मेंहनगर बनाम तरवां के बीच खेला गया जिसमें तरवां को 2-1 से पराजित किया। तीसरा मैच सठियांव ए बनाम महराजगंज के बीच खेला गया जिसमें महराजगंज से सठियांव ए को 4-2 से पराजित किया। वहीं चौथा मैच पल्हनी बी बनाम सठियांव बी के बीच खेला गया जिसमें सठियांव बी ने पल्हनी बी को 1-0 से पराजित किया। इस मौके पर भूपेंद्र वीर सिंह, अभिषेक यादव, निखिल यादव, एके पांडेय, ध्रुव सिंह, अखिलेश मिश्रा, रामदर्शन यादव, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### प्रतिमा राय को दी गयी भावभीनी विदाई



**आजमगढ़।** मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ के कार्यकारिणी की बैठक संघ की जिलाध्यक्ष प्रभा सिंह की अध्यक्षता में रविवार को हुई। संघ की मंत्री प्रतिमा राय 31 मई को सेवानिवृत्त हो गयी हैं। संघ संविधान के अनुसार उनके सेवा निवृत्ति के पश्चात मंत्री के रिक्त पद पर कार्यकारिणी ने सर्व सम्मति से यह निर्णय किया कि वर्तमान उपमंत्री सुशीला भारद्वाज को एवं हो रहे रिक्त उपमंत्री पद पर सावित्री यादव को आगामी अधिवेशन तक मंत्री पद पर सुशीला भारद्वाज व उपमंत्री सावित्री यादव को मनोनीत किया गया। अंत में पूर्व मत्री प्रतिभा राय को समारोह पूर्वक विदाई दी गयी।

### सरकार का गड्ढा मुक्त सड़क का दावा फ्लॉप



**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत से ईदगाह मुड़ियार गांव के पास खादा निजामाबाद को जोड़ने वाली दो किलोमीटर सड़क वर्षों से गढ्ढे में तब्दील हो गयी है। परंतु आज तक न विभागीय अधिकारियों ने सुधि ली न ही सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने। जबकि प्रतिदिन हजारों दो पहिया चार पहिया वाहन का आवागमन इस मार्ग पर होता है। कई बिद्यालय भी इस मार्गपर है। निजामाबाद तहसील क्षेत्र के दर्जनों गावों के लोगों का मुख्य रास्ता है। फूलपुर आगमन के लिए प्रायः इस मार्ग पर यात्रा करने वाले क्षेत्रीय जन गिरकर घायल भी होते हैं। वाहनों के आवागमन के दौरान सड़क से उठने वाली गिट्टी से पैदल या साइकिल सवार व दुकानदार घायल भी हो जाते हैं। फूलपुर तहसील व निजामाबाद की सीमा को जोड़ने वाली सड़क बॉर्डर का होने के कारण निजामाबाद बिधान सभा के विधायक व फूलपुर पवई के विधायक इस मार्ग के बारे में सोचते ही नहीं जब कि दोनों बिधानसभा के लोग पीड़ित हैं। क्षेत्रवासी चन्द्रमौलि पांडे, अशोक सिंह, मो.आलम, अरसद, रामकवल तिवारी, नीरज सिंह, आदि ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गड्ढा मुक्त कराने की मांग की है।

### गैंगस्टर में वांछित गैंग लीडर गिरफ्तार



**संजरपुर (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सरायमीर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैंगेस्टर एक्ट में वांछित गैंग लीडर लौटू को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। सरायमीर पुलिस ने उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द एवं समाज बिरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 बनाम गैंग लीडर लौटू मौर्या पुत्र स्व.रामाश्रय मौर्या निवासी नई बाजार थाना सरायमीर के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसकी तलाश में थी। रविवार को घटना स्थल पेड़रा पुलिया थाना सरायमीर से वांछित घोषित अभियुक्त गैंग लीडर लौटू मौर्या पुत्र स्व.रामाश्रय मौर्या निवासी नई बाजार थाना सरायमीर, कहीं भागने की फिराक में था। मुखबीर खास सूचना की सूचना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास एक एक तमंचमा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

### जिलाध्यक्ष प्रत्याशी ने की लेखपालों संग बैठक



**लालगंज (आजमगढ़)।** लेखपाल संघ आजमगढ़ जिलाध्यक्ष पद प्रत्याशी अजय सिंह ने शनिवार को तहसील लालगंज में लेखपालों के साथ एक बैठक की। उनके सामने संवर्ग समस्या तथा उनमें सुधार किस प्रकार किया जा सकता है इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। आगामी 14 जून को लेखपाल संघ जिला कार्यकारिणी का चुनाव है। लेखपाल अजय सिंह वर्तमान में तहसील मेंहनगर के तहसील अध्यक्ष हैं। इस बार वह जिलाध्यक्ष पद के प्रत्याशी होंगे। लेखपालों को संबोधित करते हुए अजय सिंह ने कहा कि वह लेखपालों के मान सम्मान गौरव व अस्मिता की रक्षा के लिए हमेशा खड़े थे और भविष्य में भी खड़े रहेंगे। इस दौरान अरविंद यादव, अशोक यादव, सौरभ उपाध्याय, निधि, अभिषेक सिंह, जागृति, आना खरे आदि लेखपाल उपस्थित रहे।

### ग्राम प्रधान ने कब्रिस्तान पर लगवाया इंडिया मार्का हैंडपम्प



**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील के देवगांव के नंदापुर ग्रामसभा के कटघर नसरूल्लाह में स्थित कब्रिस्तान पर नंदापुर के ग्राम प्रधान आनंद यादव उर्फ काजू द्वारा इंडिया मार्का हैंडपंप लगवा देने पर कमेटी के लोगों ने उनका आभार प्रकट किया। कमेटी के मुनव्वर अली और नसीम अहमद आदि ने बताया कि विगत दिनों एक बार कहने पर उन्होंने उपरोक्त हैंडपंप लगवा दिया जिससे अब कब्रिस्तान पर आने जाने वाले लोगों को काफी आसानी और हाथ मुंह धोने के साथ लोगों को पीने के पानी के लिए काफी सहूलियत उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने बताया कि उनके कहने के बाद अविलंब आनंद यादव उर्फ काजू प्रधान ने उपरोक्त हैंडपंप खुद पैसा देकर लगवाया है जिसके लिए वह लोग उनका आभार प्रकट करते हैं। प्रधान आनंद यादव उर्फ काजू ने बताया कि वह क्षेत्र के विकास के लिए कोई भी कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। जितना भी संभव हो सकेगा उतना विकास का काम करते रहेंगे। इस मौके पर जलालुद्दीन, डॉ.मोहम्मद आजमी, शमीम अहमद, अकील अहमद, मौलाना वसीउल्लाह आदि मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार वाहन ने ली महिला की जान

**आजमगढ़।** रानी की सराय थाना क्षेत्र के ईश्वरपुर गांव निवासी दुईजी देवी 50 वर्ष पत्नी स्व. बलराम शनिवार को घर के सामने ही किसी काम के लिए सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान चेकपोस्ट की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दुईजी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानी की सराय ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजवा दिया।
कल्याणकारी है श्री मारुति महायज्ञः रामकृष्ण

### हनुमान जी की प्रतिमा का हुआ अनावरण



**आजमगढ़।** जिगरसण्डी में चल रहे नौ दिवसीय श्री मारूति महायज्ञ का रविवार को ब्राह्मणों द्वारा वैदिक रीति से हवन के साथ पूणाहुति की गई। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण एवं देवी-देवताओं के जयकारों से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। भारी संख्या में भक्तजनों ने यज्ञ मण्डप की परिक्रमा कर पुण्य अर्जित किया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष श्री श्री 1008 स्वामी रामकृष्ण महाराज ने कहा कि यज्ञ से वायुमण्डल शुद्ध और पवित्र होता है। जिससे आम लोगों के तन-मन के विभिन्न विकार दूर होते हैं। साथ ही मानव कल्याण का भागी बनता है। प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो इसी उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए यह नौ दिवसीय मारूति महायज्ञ का आयोजन किया गया है, जो नौवें दिन पवन पुत्र हनुमान जी के प्रतिमा अनावरण के साथ सम्पन्न हुआ। आगंतुकों के प्रति महाराज ने आभार जताया। महायज्ञ में मथुरा-वृन्दावन की रासलीला श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। अंत में श्रद्धालुओं ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन अनिल मिश्र, पं.सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन, ओंकार शर्मा, महंत अंगद दास जी महाराज, ओमप्रकाश दुबे, रणधीर सिंह, मंहत संजय पांडेय, मंगल दास जी महाराज, शम्भु दास, आरके त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# एक साथ लड़ने से मिलेगी जीत, अब पहलवानों की पंचायत में होगा फैसला

## पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी को लेकर संघर्षरत पहलवान, सोनीपत महापंचायत में बोले बजरंग पूनिया: जनता का सहयोग ही हमारी ताकत है, आज हमारी बेटियां टूटी हुई हैं



**नई दिल्ली।** पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी को लेकर संघर्षरत महिला पहलवानों के समर्थन में रविवार को सोनीपत के मुंडलाना गांव के स्टेडियम में महापंचायत हुई। इस दौरान मंच से पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा कि जब हम जनता के बीच में आते हैं, नई ऊर्जा मिलती है। जनता का सहयोग ही हमारी ताकत है। आज हमारी बेटियां टूटी हुई हैं। 28 मई की घटना पर पुनिया ने कहा कि आप लोगों ने आने की कोशिश की लेकिन आप नहीं आ पाए पुलिस ने आपको रोका। अलग-अलग होकर जीत नहीं पाएंगे। सभी संगठनों से अपील है कि एक हो जाएं। हम एक महापंचायत रखेंगे, उसमे बड़ा फैसला करेंगे। तीन-चार दिन में पहलवानों की पंचायत का स्थान व समय आपको बता दिया जाएगा।

वहीं किसान नेता गुरनाम चढ़ूनी और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यव्रत मलिक भी मंच पर मौजूद रहे। महापंचायत भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की तरफ से आयोजित की गई थी। गांव मुंडलाना में पहलवानों के समर्थन में हुई महापंचायत में प्रदेश के साथ ही पंजाब व उत्तर प्रदेश के किसान संगठन व उनके पदाधिकारी व सदस्य पहुंचे। इसके लिए चार एकड़ में पंडाल लगाया गया। पंचायत में पहलवानों के साथ ही अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई।

पंडाल में मंच पर पहलवान साक्षी मलिक, विनेश व बजरंग पूनिया के साथ ही पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, किसान गुराम चढ़ूनी, जयंत चौधरी, चंद्रशेखर के बैठने की व्यवस्था की गई थी। दूर दराज से आए किसानों व किसान नेताओं के लिए सुबह से ही भंडारा भी लगाया।

***बेटियों के हक में लेंगे बड़ा फैसला: गुलाम मोहम्मद***

राष्ट्रीय नेशनल लोकदल के सिवालखास से विधायक गुलाम मोहम्मद में मुंडलाना में पंचायत से पहले कहा कि बेटियों की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। आज पंचायत में बेटियों के हक में बड़ा फैसला लेंगे। सरकार को चाहिए था कि बेटियों के आवाज उठाते ही उन्हें न्याय दिया जाता, लेकिन केंद्र सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। अब बृजभूषण के खिलाफ ठोस निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बृजभूषण के बयान बेशर्मी भरे हैं। आम आदमी पर अगर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज होता है तो उसे तुरंत जेल में डाल दिया जाता है। उसके उलट बृजभूषण पर कार्रवाई नहीं कर कानून का गला घोंटा जा रहा है। इस तरह का मौका नहीं मिलना चाहिए। बेटियों के शिकायत करते ही उसे पद से हटाकर उसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए थे। उसे जेल में डालना चाहिए। जितनी देर हुई इसका खामियाजा सरकार को भुगतना होगा।

***पहलवानों की मांगों की अनदेखी अन्याय: विधायक प्रदीप चौधरी***

राष्ट्रीय लोकदल के हाथरस के सादाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रदीप चौधरी उर्फ गुड्डू ने कहा कि वह पहलवानों के समर्थन में मुंडलाना में हो रही महापंचायत में शामिल होने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे हैं।

### रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**वाराणसी।** कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ वाराणसी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। साथ ही 9 जून को कोर्ट में पेश होने का आदेश भी दिया है। 23 साल पुराने मामले में हाजिर नहीं होने पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया। बता दें कि 23 साल पहले जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के आरोप में वाराणसी कोर्ट में सुनवाई चल रही है। साल 2000 में संवासिनी कांड में विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन, चक्काजाम और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया था।

इस मामले में कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला भी आरोपी हैं। कोर्ट ने इसी मामले में उन्हें हाजिर होने का आदेश दिया है। सुरजेवाला के वकील ने बताया कि इसी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में आरोप पत्र से मुक्त करने की याचिका डाली गई है। वहीं, वाराणी एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा पहले से एनबीडब्ल्यू जारी है। इसका मतलब है कि हाईकोर्ट से फैसला आने तक उन्हें अवसर दिया जाए।

## रकुल प्रीत सिंह की बिकिनी फोटोज ने हिलाया इंटरनेट



**नई दिल्ली।** देशभर में इन दिनों मौसम के बदले मिजाज देखने को मिल रहे हैं। कुछ दिनों पहले जहां तेज गर्मी में लोगों का जीना मुहाल कर दिया था, तो वहीं अब सुहाने मौसम में लोगों का दिल जीत लिया है। ऐसे में कई लोग वेकेशन पर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं। अगर आप भी जल्दी ही वेकेशन पर किसी भी बीच पर जाने वाले हैं, तो बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत से इंस्पिरेशन ले सकते हैं। दरअसल, एक्ट्रेस इन दिनों मालदीव्स में छुट्टियां मना रही हैं। इस दौरान वह अपने वेकेशन-रेडी आउटफिट्स से लगातार फैंस का दिल जीत रही हैं। हाल ही में शेयर की गईं तस्वीरों में एक्ट्रेस ऑरेंज रंग की कटआउट ड्रेस में एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। अपने इस बेहद स्टाइलिश लुक से साथ उन्होंने हाथों में घड़ी, कानों में इयरिंग्स और बालों को पूरी तरह से ओपन रखा है। साइड स्लिट वाली इस ड्रेस में एक्ट्रेस पूरे वेकेशन मूड में नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए अपने इस लुक में एक्ट्रेस ब्राइट येलो रंग की बिकिनी में नजर आ रही हैं। साथ ही अपने इस बीच लुक को कंप्लीट करते हुए रकुल प्रीत में ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंटेड हैट, ब्लैक शेड्स और बालों का बन बनाया हुआ है।

### खास खबर

#### राजधानी दिल्ली में 100 से अधिक झुग्गियां खाक

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के जहांगीरपुरी क्षेत्र में के-ब्लॉक स्थित झुग्गियों में रविवार सुबह करीब 10 बजे अचानक आग लग गई। आग में 100 से ज्यादा झुग्गियां खाक हो गईं। सूचना पर आग पर काबू पाने के लिए मौके पर दो दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियां पहुंची हैं। आग के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग आनन-फानन में झुग्गियों से अपना सामान निकालने में लगे रहे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अभी किसी के जख्मी होने की सूचना नहीं है। लोगों का कहना है कि अभी कुछ बच्चे नहीं मिल पा रहे हैं। वहीं रविवार तड़के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के एक छात्रावास के कमरे में आग लग गई। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के निदेशक अतुल गर्ग के अनुसार आग लगने की सूचना सुबह करीब 6.09 बजे मिली, जिसके बाद दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग एसी, फर्नीचर और कपड़ों में लगी थी। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

#### पुलिस से मारपीट के आरोप में भाजपा सांसद सुब्रत पाठक पर एफआईआर

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले से भाजपा के सांसद सुब्रत पाठक पर पुलिस के साथ मारपीट के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में कन्नौज से बीजेपी सांसद सुब्रत पाठक समेत 10 लोगों को नामजद करते हुए 42 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा मंडी चौकी प्रभारी हाकिम सिंह की तहरीर पर लिखा गया है। दरअसल, कन्नौज से उन्नाव पुलिस ने अपहृत युवक को बरामद कर चार आरोपियों को दबोचा, जिसके बाद आरोपियों को उन्नाव ले गई, इसकी सूचना आरोपियों के साथियों को मिली तो वह कन्नौज की मंडी चौकी पहुंच गए, जहां उन्होंने जमकर हंगामा किया। चौकी प्रभारी के साथ अभद्रता की। पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया।

## ऐसी क्या रही मजबूरी

### मां ने 4 बच्चों को लोहे के ड्रम में बंद कर मार डाला, फिर खुद ने लगा लिया फंदा



**बाड़मेर।** भारत-पाकिस्तान की सीमा पर बसे बाड़मेर जिले में एक बार फिर से सामूहिक हत्याकांड और आत्महत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने पहले अपने चार बच्चों को लोहे के ड्रम में बंद कर मार डाला और बाद में खुद ने भी फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। वह पूरे मामले की जांच में जुटी है। वारदात का कारण पारिवारिक विवाद माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार वारदात बाड़मेर जिले के मंडली थाना इलाके के बानियावास गांव की ढाणी में हुई। जेठाराम की पत्नी उर्मिला ने पहले अपने चार बच्चों भावना (8), विक्रम (6), विमला (3) और मनीषा (2) को लोहे के ड्रम में बंद कर मौत के घाट उतार दिया। बाद में खुद ने भी कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर मंडली थानाधिकारी कमलेश गहलोत पुलिस जाब्ते के साथ वहां पहुंचे। वहां उन्होंने पांचों शवों को कब्जे में लेकर उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी। उसके बाद बालोतरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष खोजा मौके पर पहुंचे। मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने वहां से साक्ष्य जुटाए। बाद में शवों को कल्याणपुर हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने वारदात के बाद मृतका उर्मिला के पीहर पक्ष को सूचना दी है। उनके आने के बाद सभी शवों का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस मामले की जांच करेगी। प्रारंभिक जांच में वारदात के पीछे कारण परिवारिक विवाद बताया जा रहा है। उर्मिला का पति बाहर खान में मजदूरी करता है।

### अतीक के करीबी बिल्डर मोहम्मद मुस्लिम की संपत्ति पर चलेगा बुलडोजर

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने माफिया अतीक अहमद के करीबी बिल्डर मोहम्मद मुस्लिम के कई अवैध निमार्णों को सील करने की तैयारी शुरू कर दी है। दो पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी होने की संभावना है। एक सप्ताह के भीतर अवैध निर्माण को सील करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। सूत्रों के अनुसार 6 स्थानों पर इस बिल्डर ने मानचित्र के विपरीत निर्माण कराया है। पीडीए की ओर से इसको कंपलीशन कराने के लिए नोटिस भी भेजा जा चुका है। मो. मुस्लिम माफिया अतीक अहमद गिरोह के सक्रिय सदस्यों में से एक है। इसके खिलाफ शहर के कई थानों में एफआईआर भी दर्ज है।

बिल्डर मो. मुस्लिम ने माफिया की दबंगई के बल पर शहर के अलग-अलग स्थानों पर विवादित जमीनों पर अपार्टमेंट तैयार कर उसे मनमाने तरीके से बेच दिया है। सिविल लाइंस, खुल्दाबाद, अटाला, करेली, मानसरोवर, जीरो रोड, धूमनगंज, सुलेमसराय सहित कई स्थानों पर अवैध निर्माण कराए हैं। पीडीए सचिव अजीत सिंह का कहना है कि नियम के विपरीत अगर निर्माण किया गया है तो कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली-एनसीआर में आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश

### हालांकि यहां के लिए मौसम विभाग ने तापमान बढ़ने का पूर्वानुमान किया था



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के अनेक इलाकों में आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई है। हालांकि यहां के लिए मौसम विभाग (आईएमडी) ने तापमान बढ़ने का पूवार्नुमान किया था। लेकिन दिल्ली-एनसीआर के लोगों को सुबह-सुकह बारिश देखने को मिली है। दरअसल देश की राजधानी दिल्ली और इसके आसपास के इलाके में सुबह-सुबह झमाझम बारिश शुरू हो गई है। दिल्ली के कई इलाकों में गर्जन के साथ हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश और 30-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली हैं। इससे पहले मई के आखिरी हफ्ते में कुछ दिनों तक लगातार बारिश और बूंदाबांदी ने दिल्ली का मौसम खुशनुमा बना रखा था। हालांकि आईएमडी ने इस सप्ताह तापमान बढ़ने की उम्मीद जताई है। रविवार सुबह मौसम विभाग जानकारी दी कि दिल्ली के अधिकांश स्थानों (सफदरजंग, लोदी रोड, आईजीआई हवाई अड्डा, आयानगर), एनसीआर (लोनी देहात, बहादुरगढ़, गाजियाबाद) के आस-पास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश और 30-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी।

मौसम विभाग ने कल बताया था कि राजधानी में बीते दिन आसमान साफ रहा। तेज धूप निकलने से पिछले दिन के मुकाबले अधिकतम तापमान में डेढ़ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखी गई। आईएमडी ने शनिवार देर रात आंशिक बादल छाने का अनुमान लगाया था। आईएमडी ने कहा था कि रविवार को आकाश में आंशिक बादल छाए रहेंगे। इस दौरान तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। अगले सप्ताह तापमान में बढ़ोतरी देखी जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिल्ली में कई दिन लगातार तेज हवाएं और बारिश के चलते मौसम सुहाना बना हुआ था। लेकिन अब तापमान धीरे-धीरे बढ़ेगा। हालांकि आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि अगले सप्ताह बुधवार को साममान 40 डिग्री सेल्सियस और शुक्रवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालांकि एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के चलते दिल्ली में अभी भी मौसम में नरमी बरकरार है और हल्की बूंदाबांदी के भी आसार बन रहे हैं।

## डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने खोला राज

### आलाकमान के आगे झुकना पड़ा



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने चुप्पी तोड़ते हुए वह राज खोल दिया है, जिसके कारण उन्होंने सीएम की जगह डिप्टी सीएम बनना स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि आलाकमान के कहने पर उन्हें झुकना पड़ा। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी को कर्नाटक में मिली शानदार जीत के बाद भी अपना मुख्यमंत्री चुनने में कई दिन लग गए। सीएम पद से चूकने वाले नए नवेले उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने रामनगर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने उन्हें कुछ सलाह दी है। इसके बाद उन्होंने सीएम बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को छोड़ दिया। शिवकुमार ने जनता से कहा कि आपने मुझे मुख्यमंत्री बनाने के लिए बड़ी संख्या में वोट दिया, लेकिन आलाकमान ने एक निर्णय लिया। वरिष्ठ नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने मुझे कुछ सलाह दी। मुझे उनकी सलाह के आगे झुकना पड़ा।

आप धैर्य रखें और प्रतीक्षा करें। आप जो चाहते हैं उसे व्यर्थ नहीं जाने देंगे। गौरतलब है कि कर्नाटक में शानदार जीत के बाद भी दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान को गतिरोध तोड़ने और सिद्धारमैया और शिवकुमार में से सीएम पद के लिए किसी एक नेता को चुनने में चार दिन लग गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दोनों नेताओं के साथ कई दौर की चर्चा की गई। सत्ता के बंटवारे को लेकर गतिरोध जारी रहा। दोनों नेताओं ने दावेदारी ठोकी थी। इस लड़ाई में सिद्धारमैया की जीत हुई। डीके शिवकुमार को डिप्टी सीएम के पद से संतोष करने पड़ा।

## 'भारत के लोग भाजपा को हराएंगे'

### अमेरिका में बीजेपी को लगातार निशाने पर ले रहे राहुल गांधी



**न्यूयार्क।** राहुल गांधी अपने अमेरिका दौरे पर लगातार केंद्र की भाजपा सरकार को निशाने पर ले रहे हैं। अब अपने ताजा बयान में राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में जिस तरह से कांग्रेस पार्टी ने भाजपा को धूल चटाई है, उसी तरह से तेलंगाना और अन्य राज्यों में भी कांग्रेस, भाजपा को हराएगी। राहुल गांधी ने कहा कि ना सिर्फ कांग्रेस पार्टी बल्कि देश के लोग भाजपा की नफरत भरी विचारधारा को हराएंगे।

राहुल गांधी अपने अमेरिका दौरे पर लगातार केंद्र की भाजपा सरकार को निशाने पर ले रहे हैं। अब अपने ताजा बयान में राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में जिस तरह से कांग्रेस पार्टी ने भाजपा को धूल चटाई है, उसी तरह से तेलंगाना और अन्य राज्यों में भी कांग्रेस, भाजपा को हराएगी। राहुल गांधी ने कहा कि ना सिर्फ कांग्रेस पार्टी बल्कि देश के लोग भाजपा की नफरत भरी विचारधारा को हराएंगे।

***'तेलंगाना में भाजपा को धूल चटा देंगे'***

वॉशिंगटन और सैन फ्रांसिस्को के बाद राहुल गांधी न्यूयॉर्क पहुंचे। जहां शनिवार को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस-यूएसए द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि 'हमने कर्नाटक में यह करके दिखाया है कि हम भाजपा को हरा सकते हैं। हमने ना सिर्फ भाजपा को हराया बल्कि उसे धूल में मिला दिया।' राहुल गांधी ने कहा कि 'कर्नाटक चुनाव में भाजपा ने सारे उपाय किए। उनके पास मीडिया था, हमारे मुकाबले 10 गुना ज्यादा पैसे थे, एजेंसियां थी लेकिन उसके बावजूद हमने उन्हें हरा दिया। मैं बताना चाहता हूं कि अब तेलंगाना के चुनाव में भी हम उन्हें हराएंगे।'

राहुल गांधी रविवार को ही मैनहेट्टन में एक रैली भी करेंगे। न्यूयॉर्क के कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव के बाद तेलंगाना में भाजपा को ढूंढना मुश्किल हो जाएगा। इस कार्यक्रम में भारतीय मूल के समुदाय के अलावा न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स भी मौजूद थे। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि ना सिर्फ तेलंगाना में बल्कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भी हम कर्नाटक जैसा प्रदर्शन करेंगे। बता दें कि इस साल के अंत में भारत में कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले होने वाले ये विधानसभा चुनाव काफी अहम माने जा रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि यह सिर्फ कांग्रेस पार्टी नहीं है जो भाजपा को हराएगी बल्कि ये भारत के लोग हैं, मध्य प्रदेश के लोग हैं, तेलंगाना, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के लोग हैं, जो भाजपा को हराएंगे। भारत समझ चुका है कि जिस तरह से भाजपा समाज में नफरत बढ़ा रही है, उससे देश आगे नहीं बढ़ सकता। राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भी जीत दर्ज करने का दावा किया।

## मरने वालों की पहचान बनी चुनौती

### रेल हादसे में क्षत-विक्षत शवों की पहचान बनी चुनौती, डीएनए टेस्ट कराएगी सरकार



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बारासोल इलाके में हुए ट्रेन हादसे में मरने वालों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए हैं। ऐसे में उनकी पहचान बड़ी चुनौती बन गई है। सरकार ने अब डीएनए टेस्ट कराने के बाद परिजनों को शव सौंपने का निर्णय लिया है। अब तक हादसे में मरने वालों की संख्या 294 हो चुकी है। डिब्बों से निकालकर शवों को पास के एक स्कूल में रखा गया है, जहां परिजनों का तांता लगा हुआ है। यहां पर क्लासरूम और स्कूल के हॉल में शवों का ढेर है। उनकी शिनाख्त के लिए लोगों की लंबी कतार है। कई शव टुकड़ों में हैं। तो कुछ बिजली के झटकों के कारण बुरी तरह जले हुए हैं। ऐसे में इनकी पहचान कर पाना बड़ी चुनौती है। शवों की पहचान के लिए जमा हुए रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल है। मुर्दाघर बन चुके स्कूल में जमा हुए लोगों में कई पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल से भी हैं। बताया जा रहा है कि शवों की शिनाख्त में लंबा वक्त लग सकता है क्योंकि ओडिशा सरकार ने शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट का भी निर्णय लिया है। मीडिया में आई रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार रात से चले रेस्क्यू ऑपरेशन में शवों को घटनास्थल के पास एक स्कूल में रखा गया है। बचाव अभियान समाप्त होने के साथ अब ध्यान मृतकों की शिनाख्त पर है। स्कूल को टेंपरेरी मुर्दाघर बनाने के पीछे की वजह बताते हुए अधिकारियों ने कहा कि यह दुर्घटनास्थल से काफी करीब और इसके क्लासरूम और हॉल काफी खुले और विशाल हैं, इसलिए इनका चयन किया गया।

## मंदिरों में दर्शन के समय मर्यादित कपड़े पहने

### अध्यक्ष बोले-पर्यटन व धार्मिक यात्रा का फर्क समझें



**देहरादून।** श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि प्रत्येक धार्मिक स्थल की अपनी परंपरा और मयार्दा होती है। उसी के अनुरूप वहां मर्यादित आचरण करना चाहिए और मर्यादित वस्त्र पहनकर आना चाहिए।अजेंद्र अजय ने यह बात महानिवार्णी अखाड़े के एक बयान से जुड़े प्रश्न पर कही।

मीडियाकर्मियों ने उनसे पूछा था कि महानिवार्णी अखाड़े ने यह कहा है कि यदि स्त्री-पुरुष मंदिरों में आ रहे हैं तो उनका 80 प्रतिशत शरीर ढका होना चाहिए। सभी को मयार्दा का ख्याल रखना चाहिए। अजेंद्र ने इस प्रश्न के उत्तर में कहा कि प्रत्येक धार्मिक स्थल की अपनी मान्यताएं और मयार्दाएं होती हैं।

उसी माहौल के अनुरूप आचरण और वेशभूषा होनी चाहिए। पर्यटन और धार्मिक यात्रा के फर्क को समझना होगा। स्वाभाविक रूप से यदि आप धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा रहे हैं तो आपकी वेशभूषा मर्यादित होनी चाहिए। यह उन धार्मिक स्थलों के लाखों-करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ा विषय है, जहां आप यात्रा पर जा रहे हैं। धार्मिक स्थलों की मान्यता से छेड़छाड़ करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। मर्यादित आचरण, व्यवहार और वस्त्र पहनकर ही वहां जाना चाहिए।

***मंदिर समिति की संपत्ति पर अवैध कब्जे छुड़ाएंगे***

उन्होंने कहा कि बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की संपत्ति पर राज्य में और राज्य से बाहर अतिक्रमण और अवैध कब्जे हैं। इन्हें हटाने के लिए 188 लोगों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। उन्हें परिसंपत्तियों को शीघ्र खाली करने की चेतावनी जारी कर दी गई है। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई होगी। जिन लोगों में मंदिर संपत्तियों के किराये का लंबे समय से भुगतान नहीं किया, उन्हें भी नोटिस जारी किए गए। ऐसे किरायेदारों से 22 लाख रुपये की वसूली हो चुकी है। राज्य से बाहर की परिसंपत्तियों की भी रिपोर्ट मांगी गई है। इसका विधिक परीक्षण कराने के बाद समिति कार्रवाई करेगी।

### धन्नीपुर मस्जिद का नक्शा पास कराने ट्रस्ट के पास नहीं हैं पैसे

**अयोध्या।** एडीए से धन्नीपुर मस्जिद का नक्शा पास कराने ट्रस्ट के पास 12 करोड़ रुपए नहीं हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रामनगरी में बनने वाले धन्नीपुर मस्जिद को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। दरअसल, मस्जिद का नक्शा नए सिरे से अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी में अप्रूव करने के लिए जल्द जमा किया जाएगा। अभी तक पूरे मस्जिद प्राजेक्ट का नक्शा, जिसमें सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कम्युनिटी किचन, लाइब्रेरी आदि हैं, एडीए में अप्रूवल के लिए जमा हैं। वहीं, एडीए पूरा टैक्स जमा करने के बाद ही स्वीकृत नक्शा जारी करेगा। उधर अब मस्जिद निर्माण समिति की ओर से संशोधित प्रस्ताव को भेजने की तैयारी हो रही है। मतलब, तत्काल ट्रस्ट हॉस्पिटल, लाइब्रेरी के निर्माण की योजना को स्थगित कर रहा है। मस्जिद ट्रस्ट के सूत्रों के मुताबिक, धन्नीपुर मस्जिद का पूरा प्राजेक्ट करीब 300 करोड़ रुपए का है।



**हेमकुंड साहिब में रविवार को ग्लेशियर टूट गया। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पहुंची। इस दौरान बर्फ में फंसे चार यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया। जबकि एक यात्री अभी भी लापता है।**

# पुलिस ने प्रबंधक के तीन हमलावरों को किया गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

कार्रवाई

### प्रबंधक, अध्यापक व नौकर को चाकू मारकर किया था लहूलुहान

**शाहगंज।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार की रात हुये स्कूल प्रबंधक एवं पत्रकार तथा अध्यापक समेत कर्मचारी पर हुये जानलेवा हमले के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो वाहन, सर्जिकल ब्लेड एवं मोबाइल बरामद किया गया।

मालूम हो कि बुधवार देर शाम साढ़े सात बजे अयोध्या मार्ग स्थित सेंट जार्ज पब्लिक स्कूल में प्रबंधक एवं पत्रकार चंचल जायसवाल, अध्यापक संतोष कुमार, कर्मचारी अंशदीप को आधा दर्जन बदमाश चाकू मारकर मरणासन्न कर भाग निकले थे। सरे बाजार हुई इस घटना से नागरिकों में बेहद आक्रोश था। हालांकि ट्रेनी पुलिस उपाधीक्षक देवेश सिंह ने इसे चुनौती मानते हुए सप्ताह के अंदर खुलासे का आश्वासन दिया था। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए चार दिन में ही खुलासा कर दिया। वाराणसी से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें रवि प्रकाश गुप्ता निवासी प्रयागराज, दिव्यांशु सिंह एवं आशीष मोदनवाल वाराणसी को गिरफ्तार किया गया।

घटना में प्रयुक्त काले रंग की स्कार्पियो, सर्जिकल ब्लेड एवं मोबाइल बरामद किया गया है। बताया जाता है कि चंचल जायसवाल कई विश्वविद्यालयों से परीक्षा दिलाने का कार्य भी करते हैं। रवि प्रकाश की पत्नी अंशु गुप्ता एलएलएम में प्रवेश लिया था। जिस हेतु 92000/ हजार रुपए की फीस तय हुई जिसमें से रवि प्रकाश द्वारा पच्चीस हजार रुपए फोन पे से भेजा गया। बाकी 67 हजार रुपये देने में रवि प्रकाश आना कानी करने लगे। वहीं डिग्री देने का दबाव चंचल पर बनाया जा रहा था। लेकिन बगैर पैसा लिए वे मार्कशीट देने को तैयार नहीं हुए। बताया जाता है कि छह माह पूर्व इस बावत चंचल को धमकी भी मिल चुकी थी। अंततः घटना को निर्मम ढंग से अंजाम दे दिया गया। वहीं पुलिस का मानना है कि तफ्तीश में अन्य लोगों का नाम भी प्रकाश में आया है। उन्हे भी जल्द कब्जे में लिया जायेगा। वहीं घटना के वक्त सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर अपराधी उठा ले गये थे। उसे पुलिस बरामद नहीं कर पायी है। महज पैसे को लेकर इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया लोगों के गले नहीं उतर रहा है।



प्रबंधक के गिरफ्तार हत्यारोपी व पुलिस टीम

# डोभी रेलवे स्टेशन से मिलने लगा सुहेलदेव एक्सप्रेस का टिकट, सुनिश्चित हुआ स्टापेज

जनसंदेश न्यूज

**चंदवक।** गाजीपुर से आनंद बिहार दिल्ली जाने वाली सुहेलदेव एक्सप्रेस का औड़िहार जौनपुर रेल प्रखंड पर स्थित डोभी स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित हो गया है। नियमित रूप से ट्रेन रुकने के अलावा यहां से टिकट भी बनने लगा है। ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित हो जाने से क्षेत्र व आसपास जिले के यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। ट्रेन के ठहराव व टिकट मिलने की मांग को लेकर काफी संघर्ष चला जिसके परिणाम स्वरूप ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित हो सका।

इस संबंध में वाराणसी रेलवे मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 31 मई से डोभी स्टेशन से नियमित रुप से टिकट सुहेलदेव एक्सप्रेस का मिलना शुरू हो गया है। साथ ही ट्रेन का ठहराव भी सुनिश्चित हो गया है। अप और डाउन ट्रेनें रूकेंगी जो अगले आदेश तक अनवरत जारी रहेगा। सुहेलदेव एक्सप्रेस का ठहराव व टिकट मिलना ट्रायल के तौर पर चार महीने चला था।

सांसद वीपी सरोज ने स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई थी लेकिन इसके बाद बंद कर दिया गया। सुहेलदेव एक्सप्रेस के ठहराव व टिकट मिलने की मांग काफी दिनों से हो रही थी। इसके लिए सांसद सरोज ने जहां अपने स्तर से प्रयास किया वहीं समाजसेवी अजीत सिंह ने क्षेत्रवासियों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व रेलमंत्री को दिल्ली जाकर ज्ञापन भी दिया साथ ही सोशल मीडिया पर अभियान भी चलाया जिसका काफी असर हुआ। रेल विभाग ने प्रभावी आकलन के बाद डोभी स्टेशन पर सुहेलदेव एक्सप्रेस का ठहराव व टिकट मिलना सुनिश्चित किया। सूत्र बताते हैं कि डोभी स्टेशन से और स्टेशनों की अपेक्षा टिकट की बिक्री ज्यादा होती है। ट्रेन के ठहराव सुनिश्चित होने से डोभी क्षेत्र के अलावा इसके आसपास के जिले आजमगढ़, गाजीपुर व वाराणसी यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित होने से क्षेत्र में काफी खुशी है। इसके लिए रेलवे विभाग, सांसद श्री सरोज व समाजसेवी अजीत को डॉ. राम बटुक सिंह, पूर्व प्रमुख शिवशंकर यादव, जय प्रकाश राम, प्रधान अमरजीत यादव बाले, पूर्व प्रधान छोटेलाल चौबे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र प्रजापति, अरविंद पांडेय, राजेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# अतिक्रमण हटवाने के दौरान पुलिस और व्यापारियों में नोकझोंक

जनसंदेश न्यूज

विरोध

### थानाध्यक्ष पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

**गौराबादशाहपुर।** नगर पंचायत में शनिवार की शाम सात बजे दुकान के सामने अतिक्रमण हटाने पहुंचे थानाध्यक्ष पर व्यापारियों ने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है तथा पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मामले में कार्यवाही की मांग की है।

कस्बे के किराना व्यवसाई श्याम कन्हैया साहू ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि शनिवार की शाम लगभग सात बजे थानाध्यक्ष रमेश कुमार बाजार में पेट्रोलिंग करते हुए मेरी दुकान पर आए तथा इंटरलॉकिंग पर मोटरसाइकिल खड़ी करवा कर और समान रखकर जाम लगवाने का आरोप लगाकर दुर्व्यवहार करने लगे। जब बताया गया कि मेरे ग्राहकों की बाइक कुछ ही है बाकी किसी और की है तो भी थानाध्यक्ष संतुष्ट नहीं हुए तथा उनको दुकान से बाहर बुलाकर पुनः दुर्व्यवहार किया जिसके सबूत के तौर पर उनकी दुकान का सीसीटीवी फुटेज का रिकॉर्डिंग भी साथ में संलग्न है।

थानाध्यक्ष द्वारा किए गए दुर्व्यवहार से व्यापारियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि किसी व्यापारी के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं किया गया है।

इंटरलॉकिंग पर लोग अक्सर गाड़ियां खड़ी कर देते हैं तथा ठेले वाले भी कब्जा कर लेते हैं जिसकी वजह से बाजार में जाम की स्थिति बन जाती है। दुकान के सामने सामान रखने तथा गाड़ियां खड़ी न करवाने की हिदायत ही दी गई है। किसी भी व्यापारी के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं किया गया है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सिंगरामऊ।** क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव निवासी एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। स्वजनों के मुताबिक वह मंदबुद्धि का था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया।

उक्त गांव निवासी भारत यादव का 19 वर्षीय पुत्र सौरभ यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार को उस समय की है, जब वह अपने कमरे में सोने के लिए गया था। काफी देर हो जाने पर जब स्वजन उसे जगाने के लिए गए तो उसका शरीर कमरे में पंखे से लटका हुआ पाया गया। जब घर वालों ने देखा तो सबको बुला कर फंदे से नीचे उतारा। स्वाजन उसे एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए, जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। स्वजनों की माने तो कई साल से उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी, जिसका वाराणसी स्थित एक निजी चिकित्सालय में इलाज भी चल रहा था। स्वजनों ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी।

पुलिस शव को थाने लाकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पीएम के लिए भेज दिया।

# सड़क हादसे ने छीना पत्नी का सुहाग बेटी के सिर से उठा पिता का साया

जनसंदेश न्यूज

दुखद

### ससुराल गए युवक की सड़क हादसे में मौत, शव घर आते ही मचा कोहराम

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के कदिरापुर से ससुराल गए युवक की शनिवार को घर आयी लाश को देखते ही समूचा क्षेत्र शोकाकुल हो उठा। सड़क हादसे ने जहां पत्नी के सुहाग को छीन लिया वहीं डेढ़ वर्षीय बच्ची के सिर से पिता का साया उठाते हुए मां की गोद को सूना कर दिया। इस दुखपूर्ण नजारे से लोगों में कोहराम मच गया सभी निःशब्द हो उठे।

गौरतलब हो कि क्षेत्र के कदिरापुर निवासी महेन्द्र प्रजापति 30 पुत्र स्व0 बबलू प्रजापति शुक्रवार को बोलेरो से अपनी पत्नी की विदाई कराने जनौली चन्दौली जा रहा था। रास्ते में ही धरहरा चौबेपुर के पास बाईक की चपेट में आ जाने से गम्भीर रूप से घायल हो उठा। जहां से उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद दूसरे दिन शनिवार को उसकी लाश गांव लायी गयी। लाश देखते ही परिजनों में कोहराम सा मच गया। सड़क हादसे ने जहां पत्नी प्रेमलता के सुहाग को छीन लिया वहीं डेढ़ वर्षीय बेटी प्रिंसी के सिर से पिता का साया उठाते हुए मां मनभावती की गोद को सूनी कर दिया। समूचा क्षेत्र शोक में निःशब्द सा हो गया। गौरतलब हो कि मृतक महेन्द्र अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। जब आठ वर्ष का था तभी उसके सिर से पिता का साया उठ गया था। किसी तरह से मां और चाचा के परिवार ने उसकी परवरिश कर पढ़ाया लिखाया। वर्तमान में वह गुजरात में किसी कम्पनी में बतौर इंजीनियर रहकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। फिलहाल होनी प्रबल होती है लेकिन इस हादसे ने एक परिवार के जीने के सारे रास्ते बंद कर दिया।



मृतक महेंद्र की फाइल फोटो

## प्रधानमंत्री मोदी ने देश को शीर्ष पायदान पर लाकर खड़ा किया : मोती सिंह

**बदलापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को शीर्ष पायदान पर लाकर खड़ा किया है। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों के साथ संवाद स्थापित किया जो आजादी के बाद से अधूरा था। यह बातें प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री मोती सिंह ने कही। वह रविवार को सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए व्यक्ति से बड़ा दल है और दल से बड़ा देश है। भाजपा कार्यकर्ता के लिए सत्ता प्राप्त करना और शासन करना मात्र लक्ष्य नहीं है बल्कि भाजपा मूल्यों और आदर्शों को लेकर राजनीति में आई है जिससे देश की आस्था जुड़ी हुई है। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहाकि नेतृत्व जब समर्थ होता है तो पूरा देश साथ चलता है। 135 करोड़ की ताकत का भारत जब बोलेगा तब सब मजबूर होंगे। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के हित में रही। हम लोग कितने सौभाग्यशाली हैं कि आज प्रधानमंत्री मोदी के कारण विदेशों में भी भारत का डंका बज रहा है। विधायक ने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश की सरकार गरीबों की सरकार कही जाने वाली सरकार है। सम्मेलन को जिले के लोकसभा प्रभारी विजेंद्र राय ने भी संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में मन से लग जाने के लिए उत्साहित किया। विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह तथा संचालन सुनील तिवारी ने किया। इस मौके पर सल्तनत बहादुर पीजी कालेज के प्रबन्धक श्याम सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह, बदलापुर के मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, गंगा प्रसाद सिंह, विवेक सिंह राजा, जय कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह शक्ति, युवा नेता वैभव सिंह, बलवीर गौड़, लवकुश सिंह, साहब लाल कनौजिया आदि लोग मौजूद थे।



पूर्व मंत्री को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते विधायक रमेश मिश्र

# विश्व पर्यावरण दिवस पर मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन आज

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन आशीर्वाद से विश्व को वैश्विक प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग के संकट से बचाने हेतु संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संयुक्त राष्ट्र की थीम बीट प्लास्टिक पोल्युशन के विषय अनुरूप 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन कर रहा है।

यह जानकारी महात्मा मानिकचंद तिवारी (जोनल इंचार्ज) ने देते हुए आगे बताया कि पर्यावरण संकट के मध्य जहां प्रदूषण से निपटने हेतु समूची दुनिया एक साथ, एक मंच पर आकर खड़ी हो गयी है, ऐसे समय में संत निरंकारी मिशन के हजारों स्वयंसेवक अपनी खाकी वर्दी और संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की नीली टी-शर्ट एवं टोपी में सेवारत रहेंगे। साथ ही भक्तों और संबंधित शहरों के निवासियों के संग मिलकर वृक्षारोपण और स्वच्छता का मेगा अभियान चलाएंगे जिससे प्रकृति को स्वच्छ, निर्मल और सुंदर बनाया जा सके। निरंकारी मिशन द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष के 15 पर्वतीय एवं पर्यटक स्थलों, जिनमें मुख्यतः उत्तराखंड से मसूरी, ऋषिकेश, लैंसडाउन, नैनीताल, हिमाचल प्रदेश का शिमला शहर, मनाली, धर्मशाला, गुजरात के सपुतारा, महाराष्ट्र के महाबलेश्वर, पंचगनी, खंडाला, लोनावाला, पन्हाला, सिक्किम के जोरेथांग शहर और कर्नाटक की नंदी हिल्स जैसे पर्वतीय स्थलों पर प्रातः 8.30 बजे से इस अभियान का आरम्भ हो जायेगा। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से होगी जिसमें सभी स्वयंसेवक सम्मिलित होंगे और इसका समापन लगभग दोपहर 1 बजे तक हो जायेगा। निश्चित रूप में समय-समय पर आयोजित किये गये ऐसे अभियान प्रकृति के संतुलन को बनाये रखने हेतु एक सार्थक कदम है जिसमें संत निरंकारी मिशन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



माता सुदीक्षा महाराज

### शिव मंदिर से घंटा व त्रिशूल चोरी

**चंदवक।** क्षेत्र के थून्ही गांव स्थित शिव मंदिर का ताला तोड़कर चोर शनिवार रात उसमें टांगे घंटे व त्रिशूल चुरा ले गए। पुजारी की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है। उक्त गांव में शिव मंदिर है श्रद्धालुओं ने पूजा पाठ के निमित्त उसमें पच्चीस किलो, इक्कीस किलो, बीस किलो के पीतल के घंटों के अलावा आधा दर्जन छोटे घंटे टांग रखे थे। रात में चोर मंदिर का ताला तोड़कर सभी घंटे चुरा ले गए। सुबह जानकारी होने पर पुजारी लालचंद ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## छेड़छाड़ के आरोपित दो युवकों का पुलिस ने किया चालान

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव निवासी किशोरी के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ कर रहे दो युवकों को पीड़ित की मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की सुबह रिश्तेदारी से आए दो युवकों ने नाबालिग किशोरी को घर में अकेला देखकर छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे गांव के लोगों ने दोनों युवकों पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने लाइ।

पीड़िता के मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। आरोपित आजमगढ़ जनपद के अहरौला थाना क्षेत्र के पूरारामजी गांव निवासी 23 वर्षीय विपिन कुमार गौतम पुत्र रमेश चंद्र गौतम व उक्त गांव निवासी 28 वर्षीय अनुराग गौतम पुत्र पुत्र राम बचन गौतम को गिरफ्तार कर चालान भेजा गया है।

# समर कैंप में छात्रों ने सीखा शास्त्रीय संगीत



समर कैंप में संगीत की शिक्षा ग्रहण करते बच्चे

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में निःशुल्क समर कैंप में छात्र छात्राओं ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लिया। इस दौरान बच्चों ने शास्त्रीय संगीत की गायकी की भी कई विद्या की शिक्षा ली।

संगीत शिक्षा शिविर में त्रिशू, शगुन, आराध्या, कशिश व ओम समेत कुल 45 बच्चों ने प्रशिक्षण लिया। संगीत शिक्षक रिषभ पांडेय ने बताया कि बच्चों को कलात्मक अभिरुचि हुनर सीखने के लिए शास्त्रीय व सुगम गायन, सिंथेसाइजर हारमोनियम, तबला, ढोलक, गिटार, पियानो (ऑर्गन) व गायन वादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने तबला और हारमोनियम में सरगम अभ्यास के साथ छोटे भजन गीत का अभ्यास बच्चों को कराया है। इसी के साथ ही हारमोनियम के साथ अपनी आवाज से मिलान करने के गुर बताए। इस दौरान प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता ने कहा कि मूल शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संगीत की शिक्षा से बच्चों के जीवन में तनाव को दूर का संचार करता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिव चंद्र तिवारी, संगीत शिक्षक रिषभ पांडेय, रंजीत गुप्ता, सुभाष मिश्रा, पूजा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता व नीरज मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### बाइक की टक्कर में तीन घायल

**जफराबाद।** क्षेत्र के हुंसेपुर बाजार में रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गयी जिसमें तीन लोग घायल हो गए। केराकत के विजईपुर गाँव निवासी सचिन निषाद पुत्र रामसमुझ निषाद अपने घर से जौनपुर शहर की तरफ जा रहे थे। सामने से एक बाइक से नीलेश तिवारी व नफीस उल्ला खान एक बाइक से जा रहे थे। असन्तुलित होकर दोनों बाइक टकरा गयी। घटना में दोनों बाइक गिर गयी। दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजवाया गया।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**सुजानगंज।** क्षेत्र के बरईपार मोड़ पर कार और बाइक के टक्कर से दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार इटहा निवासी शैलेश पाठक पुत्र मुकेश पाठक तथा देवेंद्र पाठक स्कूटी से सुजानगंज की तरफ आ रहे थे तभी सुजानगंज से मछलीशहर जा रहे एक चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनो बुरी तरह घायल हो गये। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शैलेश पाठक के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि देवेंद्र पाठक के पैर में चोट आई है।

### वारण्टी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सुइथाकला।** रविवार को एक वारण्टी उस समय पुलिस के हत्थे चढ़ गया जब पुलिस क्षेत्र भ्रमण कर रही थी। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय को भेज दिया। बतौर पुलिस थाना क्षेत्र का ईशापुर गांव निवासी सुखराम पुत्र रामदास प्रजापति मुकदमा संख्या 572/22धारा 323, 504 भादवि से सम्बंधित वारण्टी था जो रविवार को उपनिरीक्षक सच्चिदानंद व हमराहियों के क्षेत्र भ्रमण के दौरान हत्थे चढ़ गया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कार्रवाई के साथ ही उसे न्यायालय भेज दिया गया।

# मासिक धर्म से घबराए नहीं, अपनाएं सावधानी

**खुटहन।** ब्लाक सभागार में हिलिंग फील्ड्स फाउंडेशन के सौजन्य से किशोरियों, युवती और महिलाओं को मासिक धर्म को लेकर जागरूक किया गया। बताया गया कि मासिक धर्म से घबराए नहीं वल्कि इस अवधि में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार जायसवाल ने कहा कि पीरियड आने के दौरान कमर व शरीर में दर्द भी होने लगता है। इससे महिलाओं को घबराना नहीं चाहिए। इस दौरान विशेष सावधानियां बरतनी चाहिए। बीसीपीयम राजेश कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को पीरियड समय में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। स्वच्छता को लेकर पैड का प्रयोग करना चाहिए। फाउंडेशन के सीएचई ने नाटक के माध्यम से जागरुक किया। महिलाओं को पैड, पोषण पैकेट, गर्भावस्था किट निःशुल्क दिया गया। इस मौके पर शरद तिवारी, सतीश विश्वकर्मा, अमृता, ज्योति, प्रधान संतलाल सोनी, धर्मेन्द्र मौर्या, बिंदू देवी, चंद्रकला आदि मौजूद रहीं।



मासिक धर्म को लेकर जागरुक करते स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार



**केराकत।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और बाइक को कब्जे में ले लिया है। विवरण देते हुए प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने बताया कि कोतवाली में बाइक चोरी का एक मुकदमा संख्या 190/2023 दर्ज किया गया था। इसी क्रम में उप निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने रविवार को चोरी की बाइक बरामद करते हुए अभियुक्त सर्वेश कहार पुत्र छेदी लाल कहार निवासी ग्राम लहंगपुर थाना जलालपुर और फेंकू वर्मा पुत्र विशुनी वर्मा थाना चन्दवक को गिरफ्तार कर लिया जिन्हें यथोचित धाराओं में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक हरिश्चंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल अभय कुमार सिंह, जयचंद्र यादव, प्रभाकर यादव, देवेन्द्र पाल आदि शामिल रहे।

# आन्या व साक्षी के परिवार को मिले न्याय, हत्यारों को फांसी

मांग

### कायस्थ एकता मंच के बैनर तले सर्व समाज ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

**जौनपुर।** स्थानीय टाउन हॉल के मैदान में शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच के जिलाध्यक्ष दया शंकर निगम के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के अयोध्या के सनबीम स्कूल की छात्रा आन्या श्रीवास्तव की निर्मम हत्या व दिल्ली में साक्षी की सरेआम नृशंसा हत्या से मर्माहत सर्व समाज द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों समाजसेवी व जिले के सभी कायस्थ संगठनों ने अधिवक्ता समाज के लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव/जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने कहाकि जिस तरह से इन बच्चियों की हत्या हुई, मन मस्तिष्क को झकझोर देने वाला है। यह समाज में मानसिक विकृत का परिचायक है। बच्चियों के परिवार को इंसाफ व हत्यारों को फांसी की सजा दी जाय। दीवानी बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि यह जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है, सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाई की जाय।

पत्रकार संजय अस्थाना ने कहा कि आन्या व साक्षी की हत्या से मानवता शर्मसार हुई है, ईश्वर परिवार वालों को दुःख सहन करने की शक्ति दे, उनके साथ न्याय हो। नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. रामसूरत मौर्य ने कहा कि आज समाज में बच्चियों के साथ गलत कार्य करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही होनी चाहिए व अपराधियों को सजा मिले। राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने कहा कि हत्यारों को फाँसी होने से ही बच्चियों की आत्मा को शान्ति मिलेगी। श्रंद्धाजलि सभा को कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट व व्यापारी नेता आरिफ हबीब, समाजसेवी सलमान शेख, दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष अनिल अस्थाना, भाजपा नेत्री मिलन श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, बजरंग श्रीवास्तव एडवोकेट, पंकज श्रीवास्तव हैप्पी, पत्रकार विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक आदि लोगों ने सरकार से मांग किया कि इस केस का निपटारा जल्द से जल्द फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराया जाय, ताकि न्याय हो।

कार्यक्रम के अंत में चंद्र शेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर श्याम रतन श्रीवास्तव, संतोष गुप्ता, जय प्रकाश यादव, अमर श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, अनिल अस्थाना मोहम्मद अलमास, फिरोज अहमद, पत्रकार उमेश गुप्ता, संजय चौरसिया, कृष्ण कुमार जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

अंत में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री को हत्यारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने हेतु डाक द्वारा ज्ञापन भेजा गया।





कैण्डल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करता कायस्थ एकता मंच

# महमूदपुर में पर्यावरण पर जागरूकता का दिया संदेश

**आयोजन**

### 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के दृष्टिगत मिशन लाइफ के अन्तर्गत ली जायेगी व्यापक पर्यावरण हरित प्रतिज्ञा

**जनसंदेश न्यूज**


पीएस महमूदपुर में पर्यावरण पर आधारित गतिविधियां करते बच्चे व अध्यापक

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश के क्रम में पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली मिशन लाइफ के अंतर्गत खण्ड शिक्षाधिकारी डीघ फराह रईस की देख रेख में ब्लॉक के स्कूलों में पर्यावरण जन जागरूकता का संदेश दिया गया।

खण्ड शिक्षाधिकारी डीघ फराह रईस ने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के दृष्टिगत मिशन लाइफ के अन्तर्गत पर्यावरण आधारित विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों का आयोजन शिक्षकों व छात्र-छात्राओं के सहयोग व समन्वय से किया जा रहा है। उसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय महमदपुर, यादव बस्ती, डीघ, प्राथमिक विद्यालय छतमी, दुहियां आदि कई स्कूल में चल रहे समर कैंप में सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा लाइफ प्रतिज्ञा की शपथ लेते हुए स्वयं सहित अपने परिवार व समाज को जागरूक करते हुए पर्यावरण को बचाने के लिए दैनिक जीवन में हर सम्भव बदलाव लाने पर बल दिया गया तथा अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों व व्यवहारों के महत्व के विषय में सतत रूप से प्रेरित किये जाने पर जोर दिया गया।

खण्ड शिक्षाधिकारी डीघ फराह रईस ने बताया कि 5 जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्लॉक सहित जनपद के सभी स्कूलों में पर्यावरणीय अनुकूल जीवन शैली को अपनाने हेतु हरित मिशन योजना के अन्तर्गत लाइफ प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई जायेगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर मिशन लाइफ के अंतर्गत जनपदवासी लेंगे लाइफ प्रतिज्ञा

**भदोही।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर वन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के विशेष प्राथमिकता में से एक मिशन लाइफ कैंपेन के अंतर्गत जनपद के समस्त विभागों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु जनजागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किये जा रहे है। प्रभागीय वनाधिकारी नीरज कुमार आर्य ने बताया कि वन विभाग द्वारा विश्व पर्यावण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा साइकिल रैली को हरी झंडी दिखलाई जाएगी। यह साइकिल रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर 4.5 किमी की दूरी तय कर गजधरा अमृतसरोवर तक जाएंगी। जहाँ पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। उसके पश्चात गजधरा अमृतसरोवर की साफ-सफाई कर लोगों को पॉलीथीन से हो रहे पर्यावरण प्रदूषण के बारे में जागरूक किया जाएगा। उक्त के अतिरिक्त जनपद के समस्त एवं उनके नियंत्रणाधीन निगमों, उपक्रमों, बोर्डों इत्यादि के कार्यालयों में आज प्रातः 10 बजे कार्यालयाध्यक्षों द्वारा ₹लाईफ शपथ₹ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित कराया जाएगा। लाईफ शपथ पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा विकसित किये गये पोर्टल पर उपलब्ध है।

**मिशन लाइफ के समस्त विभागों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु जनजागरूकता के लिए आयोजित किए जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम, पर्यावरण संचेतना के लिए डीएम पौधरोपण कर साइकिल रैली को दिखाएंगे हरी झंडी**

## भूमाफिया ने कब्जा ली विभागीय कृपा से सिंचाई विभाग की जमीन

**केराकत।** थानागद्दी में स्थित रजवाहा नहर की पटरी पर हुए कब्जे को लेकर शनिवार की सुबह भाकिसं अध्यक्ष बजरंग बहादुर सिंह उर्फ बजरंगी ने तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पहुंच पत्रक सौंप अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की। मालूम हो कि लगभग दो दशक पूर्व अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड जौनपुर को अतिक्रमण के संबंध में पत्रक सौंप शिकायत की गई थी जिस पर कार्यालय द्वारा अपनी रिपोर्ट में बताया कि नहर की चौड़ाई मध्य से बाई तरफ 18.65 मीटर व दाई तरफ 15.20 मीटर दर्शाते हुए अतिक्रमण न होने की पुष्टि की गई थी। 15 साल बाद दोबारा अतिक्रमण को लेकर बजरंगी सिंह ने पत्रक दिया तो सिंचाई विभाग के कर्मचारी सुशील कुमार रिपोर्ट में लिखा कि विभाग द्वारा विभागीय कार्यवाही किया गया है और अतिक्रमण हटवा दिया जायेगा। विडंबना तो देखिए अतिक्रमण हटवाने के लिए लगभग दो दशक में पत्रक दिया जा रहा है मगर अतिक्रमण हटाने के बजाय नहर पटरी जमीन पर अवैध दुकानों का निर्माण निरंतर होता चला जा रहा है विभागीय अधिकारियों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर भू-माफिया के हौंसले बुलंद है।

## संक्षेप

### लोकतंत्र का मतलब भाजपा को नहीं है पताः तूफानी सरोज



**जफरबाद।** स्थानीय क्षेत्र के कबूलपुर बाजार में एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए पूर्व सांसद व केराकत के विधायक तूफानी सरोज ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को लोकतंत्र का मतलब क्या होता है यही नहीं पता है। इसकी बहुत दूर-दूर तक जानकारी भाजपा को नहीं है। भाजपा में कम पढ़े लिखे लोग हैं। यह लोग लोकतंत्र की परिभाषा नहीं समझते हैं। भाजपा के लोग कहते हैं कि सरकार में लोकतंत्र मजबूत हुआ है क्या यहीं मजबूत हुआ है की स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक अपना वक्तव्य दिया लोकतंत्र में सबको अभिव्यक्ति की आजादी है। अपना अपना विचार व्यक्त कर सकते है। उन्होंने अपना विचार व्यक्त किया। बहुत से लोग गर्दन काटने, जीभ काटने, हाथ काटने की बात कही इसमें भाजपा शासन को चाहिए कि लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करें। लोकतंत्र में सबको अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है। सबका साथ सबका विकास का नारा जो लोगों ने दिया था अब धीरे-धीरे सारे एससी ओबीसी शिक्षित लोग जान चुके हैं। यह लोग जनता से वोट लेकर और जनता को भूल जाते हैं उनके विपरीत काम करते हैं।

### बच्चों को किया गया सम्मानित



**सुजानगंज।** जुडो कराटे प्रशिक्षण केन्द्र पर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्थानीय क्षेत्र के बसरही बाजार में स्थित जुडो कराटे प्रशिक्षण केंद्र बसरही बाजार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि प्रवीण कुमार सिंह उर्फ विकास सिंह ने बच्चों को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था के संचालक रंजीत सरोज को ऐसे युद्ध कला के खेल को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए बधाई दिया। इस मौके पर भाजपा नेता आलोक सिंह ने बताया कि ऐसे खेलों से बच्चों का शारीरिक और मानसिक दोनों का विकास होता है। इस अवसर पर दिलीप शर्मा, बृजेश त्रिपाठी, डॉ. सुरेश प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### हरी झण्डी दिखाकर टीम को किया रवाना



**नेवढ़िया।** नमामि गंगे परियोजना के तहत विकास खंड रामपुर के परिसर में विकास खण्ड के 82 ग्राम पंचायतों में जल की गुणवत्ता के मापन हेतु विभिन्न टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री फेलो उपकारी नाथ, एडीओ पंचायत अवध नारायण, एडीओ एसटी प्रवीण सिंह, शुभम मौर्या, दिल्ली से आई नमामि गंगे की टीम, मोहित कुमार जल निगम, अभय सरोज व अन्य लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्यमंत्री फेलो उपकारीनाथ ने हरी झंडी दिखाकर जल कल विमान को रवाना किया।

# अध्यक्ष व सदस्य के सभी प्रत्याशी 5 जून को व्यय लेखा रजिस्टर की करायें जांच

**नगर निकाय**

### सभी प्रत्याशी चुनाव प्रचार हेतु व्यय की गयी धनराशि का विवरण व बाउचर की जांच कराकर मुख्य कोषाधिकारी के पास करें जमा

**भदोही।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने अपने एक पत्र के माध्यम से जनपद के सातों निकायों के अध्यक्ष व सदस्य के सभी प्रत्याशियों को अवगत कराया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में सभी प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार हेतु व्यय की गयी धनराशि के प्रतिदिन का विवरण, निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर में दर्ज किया जाना है एवं निर्वाचन सामान होने के उपरान्त सभी प्रत्याशियों के द्वारा तीन माह के भीतर निर्वाचन से सम्बन्धित व्यय लेखा रजिस्टर बाउचर सहित जनपद स्तरीय व्यय अनुश्रवण कमेटी को उपलब्ध कराया जाना है। मुख्य कोषाधिकारी सदस्य जिलास्तरीय व्यय अनुश्रवण कमेटी ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि पूर्व में ही निर्धारित व सूचित व्यय लेखा रजिस्टर की प्रथम जॉच 22 मई एवं द्वितीय जॉच 26 मई तक अध्यक्ष एवं सदस्य पदो हेतु निर्वाचन व्यय रजिस्टर प्रस्तुत करने वाले अध्यक्ष व सदस्य प्रत्याशियों की संख्या में नगर पालिका परिषद भदोही में अध्यक्ष पद के 12 प्रत्याशी व सदस्य पद के 172 प्रत्याशियों ने अपने निर्वाचन व्यय रजिस्टर प्रस्तुत नही किये है।

इसी क्रम में नगर पालिका परिषद गोपीगंज में अध्यक्ष 4 सदस्य 62 नगर पंचायत ज्ञानपुर अध्यक्ष 5 सदस्य 29 घोषिया अध्यक्ष 3 सदस्य 36, खमरिया अध्यक्ष 23, सदस्य 44, नई बाजार अध्यक्ष 8, सदस्य 46, सुरियावॉ अध्यक्ष 06, सदस्य 47 प्रत्याशियों ने अभी तक निर्वाचन व्यय रजिस्टर की लेखा जॉच न कराते हुए जमा नही किये है। मुख्य कोषाधिकारी 05 जून को सम्बन्धित तहसील सभागार में प्रातः दस बजे से सायं 05 बजे के बीच उपस्थित होकर अपने व्यय लेखा रजिस्टर की जॉच कराने हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित हो।

### सीओ व चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

**भदोही।** जनहित में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में नियुक्त दो पुलिस उपाधीक्षकगण के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जिसमें पुलिस उपाधीक्षक अजय कुमार चौहान. क्षेत्राधिकारी भदोही से क्षेत्राधिकारी कार्यालय यातायात क्राइम, पुलिस उपाधीक्षक भुवनेश्वर पाण्डेय. क्षेत्राधिकारी कार्यालय से क्षेत्राधिकारी भदोही किया गया। इसी तरह उपनिरीक्षकगण का स्थानांतरण किया गया है। जिसमें उ.नि. प्रदीप कुमार सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल से प्रभारी साइबर सेल। उ.नि. मो. शाबान प्रभारी चौकी जंगीगंज से प्रभारी एसओजी स्वाट उ.नि. अविनाश प्रकाश राय थाना गोपीगंज से प्रभारी चौकी जंगीगंज थाना गोपीगंज बनाया गया।

## थाना व चौकियों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**बलिया।** जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने को लेकर सभी थाना व चौकी पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। सभी कैमरे वाइस रिकार्डिंग व वाइफाई युक्त होंगे। मुख्यालय और लखनऊ में बैठे अधिकारी जिले के सभी थानों से लेकर चौकियों तक की हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। जिले में 24 थाने व 42 पुलिस चौकियां हैं। एसपी कार्यालय द्वारा सभी थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की कवायद की जा रही है। कुछ चौराहों पर आटोमेटिक नंबर प्लेट रिकगनाइजेशन (एएनपीआर) कैमरा लगाने की चर्चा है। इनसे वाहनों की तेज रफ्तार पर नकेल भी कसी जा सकती है। पूर्व में सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे लगे थे, जिसमें अधिकतर खराब हो गए हैं। इन कैमरों में वाइस रिकार्ड की सुविधा नहीं थी। ना ही इनको मुख्यालय से जोड़ा गया था। यूपी-बिहार की सीमा पर तस्करी रोकने व अपराधियों पर नकेल कसने को लेकर पुलिस विभाग यूपी-बिहार सीमा, प्रमुख चौराहों व शहर के भीड़भाड़ वाले चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की तैयारी में लगा है। एसपी के निर्देश पर प्रस्ताव तैयार हो रहा है। बजट स्वीकृत होते ही सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम शुरू हो जाएगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने बताया कि थानों व चौकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रकिया चल रही है।

# गुजरात में हिंदू युवा वाहिनी के भदोही जिलाध्यक्ष सम्मानित


हिन्दू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष को सम्मानित करते विधायक

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** गुजरात के सूरत शहर में विश्वविख्यात कालीन नगरी भदोही के हिन्दू युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष ऋषि शुक्ला और भदोही के गणमान्य राज मिश्रा को स्मृति चिन्ह क्षौर अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया। दरअसल, गुजरात के सूरत शहर में क्रिकेट टुनार्मेंट का आयोजन किया गया था, जिसमें सूरत नगर विधायक कांति पटेल और दीपक पटेल ने उत्तर प्रदेश के भदोही निवासी गणमान्य राज मिश्रा और हिन्दू युवा वाहिनी भदोही जिलाध्यक्ष ऋषि शुक्ला का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। इस क्रिकेट टूनार्मेंट में बड़ी संख्या में राजनीतिक, व्यापारिक और गणमान्य हस्तियों की मौजूदगी रहीं।

## यात्री शेड का विधायक ने किया शिलान्यास

**म्योरपुर।** स्थानीय कस्बे के लिलासी मोड़ पर हनुमान मंदिर के पास दुद्धी विधायक ने रविवार यात्री शेड का शिलान्यास किया।वक्ताओं ने यात्री सेड बन जाने से लोगों को काफी सहूलियत होने की बात कही।कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान म्योरपुर संगीता जायसवाल, गणेश जायसवाल, चमन गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मोहरलाल खरवार, ओम अग्रहरी, जितेंद अग्रहरी, अवर अभियंता सुमित सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



## 108 घड़ों से कराया दिव्य स्नान

**आस्था**

### ज्येष्ठ तपन को शांत करने की है पौराणिक मान्यता

**जौनपुर।** ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आदि गंगा गोमती के पावन जल से भगवान श्री जगन्नाथ जी, श्री बलभद्र जी और देवी सुभद्रा का 108 घड़े के जल से दिव्य स्नान कराया गया।

पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्री जगन्नाथ जी, देवी सुभद्रा एवं श्री बलभद्र जी ने ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन अधिक गर्मी के कारण शरीर में हो रही तपन को शांत करने के लिए 108 घड़े का स्नान किया था जिसके कारण शीत विकार समस्या उत्पन्न हो जाने के आधार पर आम जनमानस श्रद्धालुओं को भगवान के विग्रह का दर्शन बंद हो जाता है। आषाढ़ कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक भगवान को नित्य भोग आरती के साथ भगवान को काढ़े का भोग लगाया जाता है तथा आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को स्वस्थ होने पर द्वितीया के दिन भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली जाती है इसी परंपरा के अनुसार रास मंडल स्थित जगन्नाथ मंदिर में रविवार की प्रातः रथ यात्रा समिति के अध्यक्ष शशांक सिंह रानू के निर्देशन में सभी श्रद्धालुओं ने आदि गंगा गोमती के हनुमान घाट से 108 कलश का जल लेकर घोड़े हाथी और ढोल नगाड़े के साथ रासमंडल स्थित जगन्नाथ धाम पहुंचे जहां पर भक्तों ने भगवान श्री जगन्नाथ जी श्री बलभद्र जी एवं श्री सुभद्रा जी को 108 घड़ों से दिव्य स्नान कराया। जिसमें नीरज श्रीवास्तव, संजय गुप्ता सीए, पंडित निशाकांत द्विवेदी, अवनिन्द्र तिवारी, जय कृष्ण साहू, राजेश तिवारी, शिव शंकर साहू, संतोष गुप्ता, आशीष यादव, राजेश गुप्ता, अरुण शर्मा, बसंत प्रजापति (सभासद), आलोक वैश्य, मनोज मिश्रा, रवि शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव आदि हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण कलश यात्रा में सम्मिलित हुए तथा भगवान के विग्रह को दिव्य स्नान कराया। तत्पश्चात भगवान की दिव्य श्रृंगार भोग और आरती का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भगवान के प्रसाद को ग्रहण किया इसी के साथ रथ यात्रा महोत्सव के कार्यक्रम का आज आरंभ हुआ।

# मुख्यमंत्री के हाथों ग्राम पंचायत अधिकारी को मिला लैपटॉप


मुख्यमंत्री के हाथों लैपटॉप प्राप्त करते ग्राम पंचायत अधिकारी (फाइल फोटो)

**जफराबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अंतर्गत सिरकोनी ब्लॉक के ग्राम पंचायत अधिकारी रत्नेश सोनकर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो जून को लखनऊ में इंदिरा गांधी संस्थान जुपिटर हॉल गोमती नगर में लैपटॉप देकर प्रोहत्साहित किया।

मुख्यमंत्री ने उक्त कार्यक्रम में प्रदेश भर से आये सैकड़ों ग्राम पंचायत अधिकारी को सम्बोधित करते हुए कहाकि ग्राम पंचायत को अपने संसाधनों से भी जनता को सुविधाएं देनी होंगी। सचिवालय बनने से ग्राम पंचायतों की आमदनी बढ़ी है। इसका सरकारी विकास कार्यो, जनहित के कार्यों के लिए इस्तेमाल करें। ग्राम पंचायत अधिकारी रत्नेश सोनकर मुख्यमंत्री के हाथ से लैपटॉप पाकर काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका जिले से चयन हुआ था। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना से सचिवों को काम करने में आसानी होगी। इसके साथ ही ग्राम में विकास तेज गति से कर सकते हैं साथ ही साथ सरकार की ग्राम पंचायतों के लिए जितनी भी योजनाएं आएंगी ग्राम वासियोंको को दिया जाएगा। उन्हें हर योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित वांछित आरोपी की संपत्ति कुर्क

**कार्रवाई**

### लगभग एक वर्ष से लगातार फरार रहने पर की गयी कार्रवाई

### फरार आरोपी थाना स्तर का टॉप-टेन व हिस्ट्रीशीटर है

**ज्ञानपुर।** थाना भदोही पर वर्ष 2022 में मार-पीट, गाली-गलौज जबरन वसूली व दलित उत्पीड़न के सम्बंध में पंजीकृत अभियोग में लगभग एक वर्ष से फरार चल रहे आरोपी आजम पुत्र शौकत निवासी छेड़ी वीर थाना व जनपद भदोही की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा 25 हजार पुरस्कार घोषित किया गया।

फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा बार-बार उसके घर व सम्भावित स्थानों पर तलाश के बावजूद न मिलने पर न्यायालय के आदेश के क्रम में फरार वांछित के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी की कार्यवाही की गई। इसके बाद धारा-83 सीआरपीसी के तहत कुर्की का आदेश पारित किया गया। न्यायालय के आदेश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक भदोही द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ फरार अभियुक्त आजम पुत्र शौकत निवासी छेड़ीवीर थाना व जनपद भदोही के घर पर कुर्की की कार्यवाही की गयी।

### आजम के भाई ने लगाया आरोप

पचीस हजार के इनामी आरोपी के भाई आसिफ अली का कहना है कि मेरे बड़े भाई आजम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज है। पुलिस उसे ढूंढने आयी थी। उसके परिवार का कोई नहीं मिला तो पुलिस ने मेरे घर में तोड़ फोड़ कर छत और टीन शेड तोड़ कर घर का सारा सामान दरवाजा खिड़की सहित उठा ले गए। जिस समय पुलिस ये कार्यवाही कर रही थी उस समय वह अपने काम पर गया था घर पर दूध मुहाँ बच्चे सहित तीन बच्चे बीवी के साथ घर पर थे। आसिफ ने कहा कि आजम से मेरा कोई लेना देना नही है। मैं अपना मकान बना कर अलग रहता हूँ।

## शराबी बेखौफ सड़कों पर पी रहे शराब

**मनमानी**

### शाम होते ही देशी व विदेशी दुकानों व सड़क किनारे सज जाती है महफिल

**लालानगर।** गोपीगंज नगर में इन दिनों सड़क के किनारे शराबियों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है जहां शाम होते ही महफिल सजने लगता है। बता दे कि शादी विवाह का सीजन होने के कारण शादी ब्याह में आने जाने वाले बारातियों द्वारा सड़कों के किनारे खुले मॉडल शॉप एवं अंग्रेजी शराब की दुकानों से शराब को खरीद कर आसपास खाली पड़े स्थानों पर बैठकर खुलेआम मदिरा का सेवन करते नजर आ रहे हैं, जिससे पैदल आने जाने वाले राहगीरों को दिक्कतें आ रही है।

बताया जाता है कि गोपीगंज नगर के बस स्टैंड एवं रामलीला मैदान जीटी रोड पर खुले आम अंग्रेजी शराब की दुकानों के पास शाम होते ही भीड़ भाड़ इकट्ठा होना शुरू हो जाता है। वही शराबियों द्वारा मदिरा का सेवन करने के पश्चात शीशे की बोतल को सड़कों पर फेंक दिया जाता है जो कई टुकड़ों में टूटने के कारण लोगों के पैरों के नीचे आ जाते हैं। जिससे राहगीर घायल होते है। वही राष्ट्रीय राजमार्ग पर उच्च अधिकारियों का आना-जाना निरंतर लगा रहता है परंतु किसी की निगाहें इस पर नहीं पड़ती। वही नवागत पुलिस अधिकारी डीजीपी के आदेश का भी लोकल पुलिस पर असर नहीं दिख रहा है जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# ओडिशा में बालासोर ट्रेन हादसे के मृतकों को दी गयी श्रद्धांजलि


ओडिशा में बालासोर ट्रेन हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देते लोग

**शोक**

### आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर की गई प्रार्थना

**गोपीगंज।** नगर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष माबूद खान, पंडित विनोद श्यामधर मिश्र के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाल कर ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके अलावा 2 मिनट का मौन रखकर भी मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

विनोद श्यामधर मिश्र व भदोही कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष माबूद खान ने बताया कि ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे में करीब 300 लोग काल का गाल में समा गए। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। यह हादसा मानवीय भूल के कारण हुआ, जिसके कारण पूरे देश में शोक की लहर है। इस हादसे के बाद सब लोग दुखी हैं। 3 गाड़ियों की आपस में भिड़ंत है, कितना दर्दनाक मंजर रहा होगा। कार्यक्रम में मौजूद विनोद श्यामधर मिश्र ने कहा कि हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देना तथा उनके परिजनों की मदद करना हम सब का कर्तव्य है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में संतोष सिंह बघेल, परवेज हाशमी, नूर आलम उर्फ सोनू, शकील, मोहम्मद अनीस सहित संख्या में काफी लोग उपस्थित रहे।

# हत्या का आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से आला कत्ल डंडा बरामद

**शिकंजे में**

### 2 दिन पूर्व आम तोड़ने को लेकर हुए विवाद के दौरान मारपीट कर किया था गंभीर रूप से घायल,

### इलाज के दौरान हो गई थी मृत्यु

**जनसंदेश न्यूज**


हत्या के आरोप में पकड़े अभियुक्त को मीडिया के सामने पेश करती पुलिस

**भदोही।** गत गुरुवार को थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महजूदा निवासी बबलू चौहान पुत्र भोथू चौहान उम्र करीब 22 वर्ष के साथ गांव के ही संतोष उर्फ आशुतोष सिंह पुत्र स्व. राम लखन सिंह उम्र 32 वर्ष द्वारा आम तोड़ने को लेकर मारपीट की गई। मारपीट के दौरान घायल युवक की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

घटना के संबंध में तत्समय ही मजरुब के पिता से प्राप्त तहरीर के आधार पर नामजद अभियुक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्क कार्यवाही प्रचलित की गई। थाना स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त अभियोग से सम्बंधित वांछित अभियुक्त संतोष उर्फ आशुतोष सिंह पुत्र स्व. राम लखन सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी महजूदा थाना सुरियावां जनपद भदोही को को पकरी कला तिराहा के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से आला कत्ल बांस का डंडा बरामद किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय किया गया।

# स्पोर्ट्स

## उत्कर्षा के हुए रुतुराज

**मुम्बई ।** क्रिकेटर रुतुराज गायकवाड़ शनिवार को अपनी मंगेतर उत्कर्षा पवार के साथ शादी के बंधन में बंध गये। रुतुराज और उत्कर्षा की शादी महाबलेश्वर में हुई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेलने वाले रुतुराज ने अपनी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया में साझा करते हुए लिखा, पिच से वेदी तक, हमारी यात्रा शुरू! इस शादी के दौरान सीएसके टीम के उनके साथी- शिवम दूबे और प्रशांत सोलंकी भी उपस्थित थे। वहीं देवदत्त पडिक्कल और रजत पाटीदार सहित अन्य खिलाड़ियों ने उन्हें इंस्टाग्राम पर बधाई दी है। रुतुराज ने शादी के कारण ही 7 से 11 जून के बीच द ओवल में खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से भी अपना नाम वापस ले लिया था। इसके लिए उन्हें स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शामिल किया गया था। इसके बाद यशस्वी जायसवाल को उनकी जगह पर टीम में शामिल किया गया। रुतुराज ने सीएसके की ओर से इस सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए 147.50 के स्ट्राइक रेट से 16 मैचों में 590 रन बनाए।



# एफआईएच प्रो लीग हॉकी : भारतीय टीम ने शूटआउट में ब्रिटेन को हराया

## अंकतालिका में दूसरे नंबर पर पहुंची

**लंदन।** भारतीय हॉकी टीम ने यहां खेले गये एफआईएच प्रो लीग हॉकी मुकाबले में ब्रिटेन पर रोमांचक जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने दूसरे चरण के मुकाबले में ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम को बोनस अंक भी मिले हैं। इस मुकाबले में तय समय तक दोनो ही टीमें 4-4 से बराबरी पर थीं। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 7वें मिनट, मंदीप सिंह ने 19वें मिनट, सुखजीत सिंह ने 28वें मिनट और अभिषेक ने 50वें मिनट में गोल किये। वहीं ब्रिटेन की ओर से चारों गोल सैम वार्ड स्टार



ने किये। सैम ने 8वें, 40वें, 47वें और 53वें मिनट में ये गोल किय। इस जीत के बाद भारतीय टीम अंक तालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गयी है। वहीं हार के बाद भी ब्रिटेन पहले नंबर पर है।

भारत के 12 मैचों में 24 अंक हैं जबकि ब्रिटेन को 11 मैचों में 26 अंक मिले हैं। भारतीय टीम को इससे पहले यहां पहले चरण के मुकाबले में ब्रिटेन से ही 2-4 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद दूसरे मैच में भारतीय टीम ने बेल्जियम को 5-1 से हराया। भारतीय टीम को अब एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में सात जून को मेजबान नीदरलैंड से खेलने के लिए एंडोवेन जाना होगा। इस मैच में ब्रिटेन की हॉकी टीम ने आक्रामक शुरूआत की पर भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने इन हमलों को विफल कर दिया। भारतीय टीम ने भी जबाबी हमले किये। इस दौरान भारतीय टीम की ओर से पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत ने गोल दाकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके कुछ देर बाद ही सैम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने जमकर हमले किये। इस दौरान मंदीप ने गोल कर भारत की बढ़त को 2-1 पहुंचा दिया। पहले हाफ के दो मिनट बाद ही सुखजीत ने एक गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया। वहीं सैन ने एक और गोल कर भारतीय टीम की बढ़त को घटा दिया। अंतिम क्वार्टर के शुरू होने पर सैम ने 47वें मिनट में मैदानी गोल से अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। अंतिम क्वार्टर में ब्रिटेन ने ने जबरदस्त खेल दिखाया पर 50वें मिनट में अभिषेक ने एक गोल कर भारत को 4-3 से आगे कर दिया। सैम ने एक बार फिर गोल कर ब्रिटेन को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद शूटआउट में मनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत, ललित कुमार उपाध्याय और अभिषेक ने भारतीय टीम की ओर से चार गोल किये। वहीं ब्रिटेन की विल कालनन ही गोल करने में सफल रहे।

## महिला जूनियर एशिया कप हॉकी में आज मलेशिया पर जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**काकामीगाहारा।** भारतीय महिला हॉकी टीम सोमवार को जूनियर एशिया कप में मलेशिया के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने पूल ए के अपने अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान को 22-0 से हराया था जिससे इस मैच के लिए उसके हौंसले बुलंद हैं। उज्बेकिस्तान के खिलाफ इस मैच में भारतीय टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था। उसके आठ खिलाड़ियों वैष्णवी विट्ठल फाल्के, मुमताज खान, अन्नू, सुनलिता टोप्पो, मंजू चोरसिया, दीपिका सोरेंग, दीपिका और नीलम ने गोल किये थे। भारतीय टीम अब सोमवार को मलेशिया के खिलाफ भी इसी प्रकार के प्रदर्शन को जारी रखने के प्रयास करेगा। भारतीय टीम की कप्तान प्रीति ने कहा कि टीम आने वाले मैचों में जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। उन्होंने कहा, ह्यहमने टूनार्मेंट की अच्छी शुरूआत की है और अब हमारा लक्ष्य मलेशिया के खिलाफ भी इसी सिलसिले को बनाये रखना रहेगा। मलेशिया ने भी अपने पहले मैच में चीनी ताइपे को 7-0 से हराकर अच्छी शुरूआत की थी। ऐसे में वह भी भारतीय टीम को टक्कर देने के इरादे से उतरेगी। इन दोनों टीमों के बीच 2015 में महिला जूनियर एशिया कप के दौरान मुकाबला हुआ था जिसमें भारतीय टीम ने 9-1 से जीत दर्ज की थी जिसका मनोवैज्ञानिक लाभ इस मैच में भी भारतीय टीम को मिलेगा।



## भारत की संयम को जूनियर निशानेबाजी विश्व कप में स्वर्ण

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर निशानेबाजों ने जर्मनी में अच्छी शुरूआत की है। भारत की संयम ने जर्मनी के सुहल में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप जूनियर में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण जीता। संयम ने फाइनल में 238 का स्कोर करने के साथ ही स्वर्ण पर निशाना लगाया। वहीं दक्षिण कोरिया की किम मिनसेओ दूसरे स्थान पर रहीं। कोरियाई खिलाड़ी ने 236.0 का स्कोर कर रजत पदक जीता जबकि चीनी ताइपे की लिउ हेंग यू को कांस्य पदक मिला। वहीं भारत की सुरुचि सिंह भी महिला पिस्टल फाइनल में पहुंची और 154.1 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं। दूसरी ओर जूनियर पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में अमित शर्मा फाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय रहे। वह चौथे स्थान पर रहे। इटली की लुका अरिघी ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं अन्य भारतीयों में उर्वा चौधरी को महिला एयर पिस्टल स्पर्धा में 560 के क्वालीफिकेशन राउंड स्कोर के साथ ही 26 वां स्थान मिला।

# विश्व टेस्ट चैम्पियन से पहले इन कारणों से टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ीं

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल (डब्यूटीसी) फाइनल में भारतीय टीम की नजरें जीत दर्ज करने पर रहेंगी। पिछली बार 2021 में साउथैम्पटन में खेले गए फाइनल में भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में अब भारतीय टीम को लक्ष्य इस मुकाबले में किसी भी प्रकार जीत हासिल करना रहेगा। भारतीय टीम की राह हालांकि आसान नहीं रहेगी। फाइनल से पहले ही टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल में बल्लेबाजी के दौरान विफल रहे थे जिससे उनके फार्म पर संदेह है। आईपीएल से पहले जरूर रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अच्छी शुरूआत की थी। उन्होंने नागपुर टेस्ट में




120 रन की पारी खेली थी और भारत की जीत में अहम रोल निभाया था पर इस प्रदर्शन को वह बरकरार नहीं रख पाये।

रोहित ने इसकी अगली 5 टेस्ट पारियों में 3 बार 30 से अधिक रन बनाए पर इसे एक बार भी बड़ी पारी में बदल नहीं पाए। एकदिवसीय और टी20 में भी उनका यही हाल रहा। फाइनल के लिए तैयारी कर रही भारतीय टीम की एक और परेशानी खिलाड़ियों का टी20 से टेस्ट प्रारुप की ओर मानसिक तौर पर तैयार करना है। ज्यादातार खिलाड़ी टी20 से सीधे लंबे प्रारुप में खेलेंगे। फाइनल के लिए भारतीय दल में शामिल चेतेश्वर पुजारा और केएस भरत को छोड़कर, अन्य सभी आईपीएल में खेले थे। केवल पुजारा इस महामुकाबले से पहले अच्छी लय में है। उन्होंने काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन टू में ससेक्स की ओर से 8 पारियों में 68 की औसत से 545 रन बनाए हैं। कुछ खिलाड़ी आईपीएल 2023 से जल्दी बाहर होने के बाद सीधे इंग्लैंड पहुंच गए थे पर उन्होंने भी कोई अभ्यास मैच नहीं खेला है। इसका भी नुकसान टीम को होगा क्योंकि अभी भी खिलाड़ी टी20 की मानसिकता में हो सकते हैं। टीम का मध्य क्रम थोड़ा कमजोर है। कई अहम बल्लेबाजों के चोटिल होने के कारण बल्लेबाजी में भारतीय टीम थोड़ी कमजोर दिख रही है। विकेटीपर बल्लेबाज के तौर पर ईशान किशन या केएस भरत में से जिसे अवसर मिलता है ये देखना होगा। मध्य क्रम में श्रेयस अय्यर की जगह पर पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। रहाणे को खराब फॉर्म के कारण टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था परघरेलू क्रिकेट और आईपीएल 2023 में दमदार प्रदर्शन के बल पर उनकी वापसी हुई है।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका गेंदबाज जोश हेजलवुड हुए बाहर



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट चैंपियनशिप 2021-23 का फाइनल मैच सात जून से खेला जाएगा। इंग्लैंड के ओवल में होने वाले इस मैच से पहले कंगारू टीम को करारा झटका लगा है। जोश हेजलवुड चोट के चलते इस मैच से बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह माइकल नेसर को टीम में शामिल किया गया है। जोश हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं और उनकी शानदार गेंदबाजी के चलते ही ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में भारतीय टीम 36 रन पर समेट दिया था। इस पारी में हेजलवुड ने पांच विकेट लिए थे। अब हेजलवुड के टीम से बाहर होने के बाद स्कॉट बोलैंड को भारत के खिलाफ फाइनल मैच में खेलने का मौका मिल सकता है। हेजलवुड लंबे समय से चोट से जूझ रहे हैं। आईपीएल 2023 में भी वह आरसीबी के लिए सिर्फ नौ ओवर की गेंदबाजी कर पाए थे। वह टूनार्मेंट खत्म होने से पहले ही चोट के चलते अपने देश लौट गए थे। टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच से पहले उनके फिट होने की उम्मीद थी। इसी वजह से उन्हें भारतीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन वह समय पर फिट नहीं हो पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद इंग्लैंड में एशेज सीरीज खेलनी है। इसी वजह से ऑस्ट्रेलियाई टीम मैनेजमेंट हेजलवुड की चोट को लेकर कोई जोखिम नहीं उठा रहा है।

*अच्छी लय में हैं नेसर*

हेजलवुड की जगह ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किए गए माइकल नेसर शानदार फॉर्म में हैं। इंग्लैंड की कंट्री चैंपियनशिप में ग्लैमरगन के लिए नेसर हाल ही में बेहतरीन प्रदर्शन किया। 33 वर्षीय ऑलराउंडर ने पांच मैचों में 19 विकेट लिए और ससेक्स के खिलाफ अपने आखिरी डिवीजन टू मैच में शतक बनाने में भी कामयाब रहे। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपने करियर के दौरान सिर्फ दो टेस्ट ही खेले हैं, लेकिन प्लेइंग 11 में जगह बना सकते हैं और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए साथी कप्तान पैट कमिंस और साथी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के साथ खेल सकते हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई टीम में तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में स्कॉट बोलैंड के खेलने की संभावना ज्यादा है। 34 वर्षीय बोलैंड ने अपने देश के लिए सात टेस्ट खेले हैं और 13.42 की औसत से 28 विकेट लिए हैं। उम्मीद है कि हेजलवुड 16 जून से बर्मिंघम में होने वाले पहले एशेज टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

***विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम***

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, मार्कस हैरिस, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), मिशेल स्टार्क, डेविड वार्नर।

# शोएब अख्तर ने बनाया था सहवाग के गंजेपन का मजाक दिखाई थी पैसे की गर्मी, अब मिला करारा जवाब

**मुंबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट के मैदान में जबरदस्त टक्कर देखने को मिलती है। जब यह दोनों टीमें मैदान पर होती हैं तो पूरी दुनिया की नजरें इस मैच पर टिक जाती हैं। 20 साल पहले जब यह दोनों टीमें आमने-सामने आती थीं तो भारत के वीरेंद्र सहवाग और पाकिस्तान के शोएब अख्तर की प्रतिद्वंद्विता देखने लायक होती थी। जहां सहवाग ने ओपनिंग की परिभाषा बदल कर रख दी थी, वहीं अख्तर को रफ्तार का सौदागर माना जाता था।

मैदान पर दोनों के बीच जमकर मुकाबला हुआ, जबकि मैदान के बाहर दोनों के बीच काफी अच्छी दोस्ती थी। दोनों को अक्सर एक-दूसरे के खिलाफ मैदान पर अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए भी देखा गया था। हालांकि, अब उस रिश्ते में एक नया किस्सा जुड़ गया



है। 'ब्रेकफास्ट विद चैंपियंस' शो में सहवाग से इस दोस्ती को लेकर एक सवाल पूछा गया। एंकर ने पूछा- आप लोग एक-दूसरे पर बहुत मजाक करते हो और तंज कसते हो। क्या इस मजाक के पीछे कोई दोस्ती है?

इस पर सहवाग ने कहा- जहां प्यार या दोस्ती होती वहां मजाक या लड़ाई होती ही है। शोएब अख्तर के साथ मेरी दोस्ती 2003-04 से है। हम पाकिस्तान दो बार गए हैं, वह भारत दो बार आए हैं। हम दोनों में दोस्ती है और हम एक-दूसरे की टांग खींचते हैं। शोएब ने एक बयान दिया था- मेरे पास वीरेंद्र सहवाग के सिर पर जितने बाल हैं, उससे कहीं अधिक नोट (पैसे) हैं। अब मेरे बाल आपके नोटों से अधिक हैं। यह टैगलाइन 'ब्रेकफास्ट विद चैंपियंस' के लिए अच्छी होगी।

इसके अलावा सहवाग ने आईपीएल 2023 फाइनल के रोमांच पर भी बात की। गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले गए फाइनल में रवींद्र जडेजा ने मैच की अंतिम दो गेंदों पर 10 रन बनाकर सीएसके को जीत दिलाई थी। मैच का अंतिम ओवर जीटी की योजना के अनुसार जा रहा था, जिसमें मोहित शर्मा ने पहली चार गेंदों पर केवल तीन रन दिए। हालांकि, आखिरी गेंद पर मोहित की लाइन थोड़ी भटकी और वह लेग स्टंप पर फुल टॉस दे बैठे। इसे देखकर सहवाग भी खुश नहीं थे।

एक शो के दौरान सहवाग ने हार्दिक को इस बात के लिए लताड़ लगाई कि मोहित से शुरूआती पांच गेंदों पर योजना के अनुसार यॉर्कर फेंकवाने के बावजूद हस्तक्षेप करने का फैसला लिया। सहवाग ने कहा- जब कोई अच्छी गेंदबाजी कर रहा है और यॉर्कर डाल रहा है, तो आप क्यों जाएंगे और उससे बात करेंगे? वह जानता है कि बल्लेबाज को दो गेंदों पर 10 रन की जरूरत है और वह अपने यॉर्कर के प्लान पर टिका रहे। फिर आप उसका समय क्यों बर्बाद करेंगे? मोहित की गेंद पर रन बन रहे होते तो आप उनसे जाकर बातचीत कर सकते हैं, लेकिन अगर गेंदबाज अपना काम बखूबी कर रहा होता है तो आप चाहते हैं जल्दी से जल्दी ओवर खत्म हो।

सहवाग ने कहा- यह भी हो सकता है कि कप्तान इस चिंता के साथ आया हो कि गेंदबाज आखिरी दो गेंदों के लिए मैदान में कोई बदलाव चाहता है या नहीं। लेकिन फिर भी, अगर मैं हार्दिक की जगह वहां होता, तो मैं उन्हें परेशान नहीं करता। मोहित की आखिरी गेंद पर लेग स्टंप पर लोअर फुलटॉस को जडेजा ने फाइन लेग बाउंड्री के बाहर भेजकर चेन्नई सुपर किंग्स को पांचवीं बार चैंपियन बनाया। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में सीएसके 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में चैंपियन बनी है।



पेरिस में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के कैलियान मबापे लीग वन जीतने के बाद बच्चों के साथ ही उत्साहित नजर आये।

## पीएसजी से अलग हुए मेसी, क्लेरमोंट के खिलाफ अंतिम मैच खेला

**पेरिस।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने क्लेरमोंट के खिलाफ मैच के साथ ही फ्रांस के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को छोड़ दिया। इस मैच में पीएसजी को क्लेरमोंट के हाथों 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। मेसी इस मैच में पीएसजी के समर्थकों की हूटिंग का भी शिकार हुए। उद्घोषक ने जब मेसी के नाम की घोषणा की तो दर्शकों ने उनकी जमक ह्यहूटिंग की। इसके कुछ मिनट बाद ही मेसी मुस्कुराते हुए अपने तीन बच्चों के साथ मैदान पर पहुंचे।

उन्होंने बाद में कहा, ह्यमैं इन दो साल के लिए क्लब, पेरिस शहर और उसके लोगों का आभार व्यक्त करता हूं। मैं आपको भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। मेसी के रहते हुए पीएसजी ने इन दो सत्रों में दो बार फ्रांसीसी लीग और फ्रांसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब जीते हैं। मेसी ने इस बीच क्लब की तरफ से सभी प्रतियोगिताओं में 32 गोल किए और 35 गोल करने में मदद की।



रोला गैरा में फ्रेंच ओपन टेनिस में रुस की मिरा एंड्रिवा शॉट खेलती हुई।